सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 29 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 264, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## कंपनियों की पूंजी 2.99 लाख करोड़ घटी

देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 2,99,661.36 करोड़ रुपये घट गया। } 14

## दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत : जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आयेंगी। } 16



### सप्तम-कालरात्रि



एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोज्वलसमल्लोह लताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिभयंकरी॥

कालरूपी भय की भी रात्रि अर्थात काल की काल, भक्तों के भय रूपी अंधकार को प्रकाशित करने वाली एवं दुष्टों को भय देनी वाली कारात्रि ही मां दुर्गा का सप्तम स्वरूप हैं।

# भारत फिर बना एशिया कप का बादशाह

## पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया, तिलक 69 रन बनाकर नाबाद लौटे, रिंकु सिंह ने लगाया विजयी चौका, खेल के मैदान पर भी ऑपरेशन सिंदूर : पीएम मोदी

दुबई। भारत ने पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब एक बार फिर अपने नाम कर लिया है। भारत की इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए ट्वीट किया कि खेल के मैदान में भी ऑपरेशन सिंदूर। भारतीय टीम ने 2023 में वनडे प्रारूप के बाद 2025 में टी20 प्रारूप का एशिया कप जीत लिया है। भारत के लिए तिलक वर्मा ने शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक टिके रहकर टीम को अभूतपूर्व जीत दिलाई। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। भारत ने कुलदीप यादव की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान की पारी 19.1 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए तिलक ने 53 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 69 रन बनाए जिसके दम पर भारत ने 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 150 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत के लिए जीत का चौका रिंकू सिंह ने लगाया। रिंकू के चौका लगाते ही ड्रेसिंग रूम में भारतीय सदस्य और मैदान पर दर्शक खुशी से झूम उठे। मुख्य कोच गौतम गंभीर भी अपना जोश नियंत्रण में नहीं रख सके। जूझारू पारी खेलने वाले तिलक ने खुशी में बल्ला लहराया और पाकिस्तान के खिलाड़ी एक बार फिर मुंह लटका कर खड़े रहे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का मुकाबला स्टेडियम की फ्लड लाइट्स में दिक्कत के कारण रुक गया। (विस्तृत खबर पेज 15 पर)





### संक्षेप

## शराब के पैसे न दिये तो मां की हत्या

सहारनपुर (उप्र)। सहारनपुर जिला मुख्यालय के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक ने शराब के लिए पैसे नहीं देने पर अपनी मां की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार देर रात नगर कोतवाली थानाक्षेत्र के निर्भय पुरम कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक अपनी नवविवाहिता पत्नी के मायके चले जाने के कारण अवसादग्रस्त था और शराब पीने लगा था। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) मुनीश चंद ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आरोपी की पहचान अक्षय के रूप में हुई है, जो बिहार में शादी करने के बाद 15 दिन पहले ही अपनी पत्नी के साथ सहारनपुर लौटा था, लेकिन उसकी पत्नी दो दिन पहले अपने मायके चली गई। सीओ ने बताया कि अक्षय ने शनिवार रात अपनी मां आशा देवी से शराब खरीदने के लिए पैसे मांगे। उन्होंने बताया कि अक्षय की मां ने उससे कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, तो उसने अपनी मां से कहा कि वह अपने गहने बेच दे ताकि वह शराब खरीद सके। ...शेष पृष्ठ 14 पर

## दुष्कर्म का आरोपी मौलाना गिरफ्तार

सहारनपुर (उप्र)। सहारनपुर में पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोप में एक मौलवी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने बताया कि थाना सदर बाजार पुलिस ने वेद विहार कालोनी निवासी आरोपी मौलवी अनीस को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि आरोपी मौलवी के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्वाई पूरी करते हुए उसे अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार किशोरी के परिजनों ने सदर बाजार थाने में वेद विहार कालोनी निवासी मौलवी अनीस के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस के अनुसार अनीस पर 15 वर्षीय एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है।

# भारत में नहीं होने देंगे गजवा-ए- हिन्द

## त्योहारों के दौरान दंगा और आगजनी की तो खुल जायेगा नर्क का रास्ता: योगी

जिला संवाददाता

बलरामपुर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को बलरामपुर को शारदीय नवरात्र में 825 करोड़ रुपये की सौगात दी। 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। देवीपाटन मंडल को जल्द ही स्पोर्ट्स कॉलेज देने की घोषणा की। इस बीच मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर का निरीक्षण भी किया।

आतंकवादियों को चुनौती देते हुए कहा कि कुछ लोग रहते भारत में हैं, लेकिन गजवा ए हिंद का नारा लेकर यहां राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कुत्सित कार्य कर रहे हैं। हिंदुस्तान की धरती पर गजवा ए हिंद नहीं होगा। भारत की धरती दैवीय-अवतारी, देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों के आदर्शों से संचालित होगी। गजवा ए हिंद की कल्पना या सपना देखना भी जहन्नुम में जाने के टिकट का रास्ता देगा। जिसे जहन्नुम में जाना है, वह गजवा ए हिंद के नाम पर अराजकता पैदा करने का प्रयास करे।



सीएम ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि छद्म रूप में जो लोग ऐसी गतिविधियों में लिप्त हैं, वे कान खोलकर सुन लें कि देर-सबेर उनका हाल भी छांगुर जैसा ही होना है। जलालुद्दीन ने अपना उपनाम छांगुर बाबा रख दिया था, क्योंकि उसका उद्देश्य था कि हिंदू भ्रम में रहें और वह समाज की आंखों में धूल झोंकता रहे, लेकिन पापी कितना भी प्रयास कर ले, उसके पाप का घड़ा भरना ही है। धरती मां उसे बर्दाश्त नहीं कर पाएगी। छांगुर जैसे दुष्कर्मियों व राष्ट्रद्रोही तत्वों के द्वारा बलरामपुर की धरती से यही कार्य किया जा रहा था। जो लोग हिंदुस्तान की धरती पर रहकर भारत और हिंदू विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं, ऐसे कालनेमियों से सतर्क रहना होगा और सख्ती से जवाब देना होगा। स्थानीय प्रशासन व पुलिस को सजग करना होगा और इनकी गतिविधियों के बारे में शासन को अवगत कराना होगा, जिससे इन पर सरकार नकेल कस सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों को शांति व विकास अच्छा नहीं लगता, क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते। इन्हें लगता है कि सरकार इनके सामने झुककर कार्य करेगी, लेकिन डबल इंजन सरकार का पहले दिन से निर्णय ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मुख्यमंत्री ने मां पाटेश्वरी के दर्शन पूजन कर लोकमंगल की कामना की

बलरामपुर। गोरक्षपीठाधीश्वर और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को बलरामपुर पहुंचे थे।

यहां उन्होंने मां पाटेश्वरी मंदिर में रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर की व्यवस्थाओं व नवरात्र मेले की तैयारियों की जानकारी ली। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार प्रातः तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किए। मां की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने मां से सुखी, स्वस्थ व प्रसन्नचित्त उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री गोशाला गए, जहां उन्होंने गायों को गुड़ व चारा खिलाया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। बच्चों को देखकर उनके पास पहुंचे और हाल-चाल जाना। फिर उन्हें चॉकलेट भी दी और खूब मन लगाकर पढ़ने को कहा। इस दौरान मंदिर के महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी मंदिर गोरखपुर के महंत रवींद्र दास भी मौजूद रहे।

# बरेली हिंसा में 15 और गिरफ्तार, सुरक्षा कड़ी



जिला संवाददाता

बरेली। बरेली में जुमे की नमाज के बाद हुई हिंसक झड़क के सिलसिले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा और अन्य की गिरफ्तारी के बाद रविवार को यहां सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है और भारी पुलिस बल गश्त कर रहा है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख रजा और सात अन्य आरोपियों की शनिवार को गिरफ्तारी के बाद, पड़ोसी जिलों, रामपुर, पीलीभीत, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद, बदायूं, संभल, बिजनौर, अमरोहा और फतेहगढ़ में रविवार से पुलिस प्रशासन ने सतर्कता और बढ़ा दी है। इन जिलों में मौलाना तौकीर रजा के कथित तौर पर बड़ी संख्या में समर्थक हैं। अधिकारियों ने बताया कि बरेली में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है, जहां 48 घंटे के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं और अति संवेदनशील दरगाह-ए-आला हजरत के आसपास के इलाके को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं। आई लव मोहम्मद का पोस्टर लेकर बरेली में बवाल करने के मामले में पुलिस ने 15 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कोतवाली क्षेत्र के 13 और बारादरी थाना क्षेत्र के दो आरोपी शामिल हैं। बारादरी के दोनों आरोपियों ने पुलिस टीम पर एसिड अटैक किया था। बवाल के मामले में रविवार तक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवाओं के भविष्य से कोई भी खिलवाड़ नहीं कर सकता

## एक वर्ष में लगभग 10 हजार नई नौकरियां देगी सरकार: धामी

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। जब तक पुष्कर सिंह धामी के शरीर में प्राण हैं, तब तक वह युवाओं के भविष्य से वह खिलवाड़ नहीं होने देंगे। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए साफ कहा कि उत्तराखंड के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि बीते चार वर्षों में राज्य सरकार ने 25 हजार से अधिक सरकारी पदों पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से भर्तियां पूरी की हैं और आने वाले एक वर्ष में लगभग 10 हजार नई नौकरियां उपलब्ध करायी



जाएंगी। मुख्यमंत्री ने युवाओं को संदेश दिया कि वे किसी भी तरह के बहकावे या गुमराह करने वाले तत्वों के प्रभाव में न आएं। मुख्यमंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी संकल्प' हर घर स्वदेशी कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि स्वदेशी सिर्फ एक आंदोलन नहीं, बल्कि भारत की सनातन संस्कृति और जीवन शैली की धरोहर है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में स्वदेशी आंदोलन ने जनता को नई ऊर्जा और दिशा दी थी। लोकमान्य तिलक, महर्षि अरविंद और महात्मा गांधी जैसे महान नेताओं ने स्वदेशी को राष्ट्र निर्माण का आधार बनाया। स्वतंत्रता के बाद पं. दीनदयाल उपाध्याय और दत्तोपंत ठेंगड़ी जैसे विचारकों ने भी स्वदेशी आधारित आर्थिक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्वदेशी का अर्थ केवल खादी, मिट्टी के दीये या हस्तशिल्प तक सीमित नहीं है। भारत की तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति भी स्वदेशी की शक्ति का प्रमाण है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल, तेजस लड़ाकू विमान, सेमीकंडक्टर उत्पादन, डिजिटल इंडिया, यूपीआई जैसी पहलें और कोविड ...शेष पृष्ठ 14 पर

## चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस हिरासत

नयी दिल्ली। दिल्ली के एक निजी संस्थान में 17 छात्राओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी स्वयंभू बाबा चैतन्यानंद सरस्वती को रविवार को यहां की एक अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि ने यह आदेश दिया। रविवार सुबह आगरा से गिरफ्तार किए गए 62 वर्षीय आरोपी को अपराह्न 3:40 बजे न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। बहस के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि चैतन्यानंद ने कई छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की तथा उनसे यौन संबंध बनाने की मांग की और पीड़िताओं की गवाही ने आरोपों की पुष्टि की है। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया, चैतन्यानंद उन्हें (लड़कियों को) धमकियां दी थीं। उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे - कुछ कैमरे शौचालय में भी लगाए गए थे। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# तमिलनाडु भगदड़ में मृतकों की संख्या 40 हुई

एजेंसी

चेन्नई/करूर (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में करूर के वेलुचामीपुरम में मची भगदड़ में मृतकों की संख्या बढ़कर 40 हो गई है जिनमें नौ बच्चे शामिल हैं। इस घटना से अभिनेता से नेता बने विजय की तमिलगा वेत्री कषगम के सदस्य स्तब्ध हैं।

शनिवार को टीवीके की रैली में कथित तौर पर खराब व्यवस्था के लिए पार्टी को कई हलकों से तीखी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव के. पलनीस्वामी ने रविवार को दावा किया कि यहां टीवीके की राजनीतिक रैली में हुई भगदड़ पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा में हुई चूक का सबूत है। पुलिस ने हालांकि दावा किया कि स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई, क्योंकि अभिनेता को देखने के लिए अपेक्षित संख्या से कहीं अधिक हजारों लोग एकत्र हुए थे। कार्यक्रम स्थल पर जूतों और चप्पलों के ढेर, कुचली हुई पानी की बोतलें, फटे हुए पार्टी झंडे, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 20 लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा

चेन्नई। तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के अध्यक्ष विजय ने 27 सितंबर को करूर में अपनी पार्टी की रैली के दौरान भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की रविवार को घोषणा की। विजय ने यह भी कहा कि घटना में घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को दो लाख रुपये दिया जाएगा। अभिनेता से नेता बने विजय ने कहा कि वह घटना से बेहद दुखी हैं। इस घटना में 30 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर रविवार को किए गए एक पोस्ट में शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 20 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को दो लाख रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, जो नुकसान हुआ है उसे देखते हुए यह रकम कुछ भी नहीं है। मुझे पता है कि आपको जो क्षति पहुंची है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती। यह एक अपूरणीय क्षति है। हालांकि, दुख की इस घड़ी में आपके साथ खड़ा होना और आपका दुख साझा करना मेरा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वह घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं और आश्वासन दिया कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता अस्पतालों में इलाज करा रहे लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

**विशेष खबर** केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को बौद्धिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए 1925 में विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की

# निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन आरएसएस की ताकत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने से महज कुछ दिन पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि निस्वार्थ सेवा की भावना और अनुशासन का पाठ ही संघ की असली ताकत है और इसके स्वयंसेवकों के प्रत्येक कार्य में राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी जाती है।

मोदी ने अपने मासिक मन की बात संबोधन में कहा कि केशव बलिराम हेडगेवार ने देश को बौद्धिक गुलामी से मुक्त कराने के लिए 1925 में विजयादशमी के दिन आरएसएस की स्थापना की थी और तब से इसकी यात्रा जितनी प्रेरणादायक है उतनी ही उल्लेखनीय और अभूतपूर्व भी रही है। खुद आरएसएस के प्रचारक रहे मोदी ने हेडगेवार के उत्तराधिकारी एम एस गोलवलकर की भी प्रशंसा की और कहा कि उनका यह कथन कि



यह मेरा नहीं है, यह राष्ट्र का है लोगों को स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र के प्रति समर्पण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, गुरुजी गोलवलकर के इस कथन ने लाखों स्वयंसेवकों को त्याग और सेवा का मार्ग दिखाया है। त्याग, सेवा और इससे मिलने वाला अनुशासन ही संघ की वास्तविक ताकत है। आज सौ वर्षों से भी अधिक समय से आरएसएस राष्ट्र सेवा में निरंतर जुटा हुआ है। हाल ही में कुछ मौकों पर प्रधानमंत्री ने संगठन की उदारतापूर्वक प्रशंसा की है। इससे पहले उन्होंने इस साल स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में संगठन की सराहना की थी, इसके अलावा 11 सितंबर को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के जन्मदिन पर उनके नेतृत्व को सराहा था। अगले सप्ताह विजयादशमी पर आरएसएस की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। संगठन को सत्तारूढ़ भाजपा की वैचारिक संस्था माना जाता है। मोदी ने कहा कि जब संघ की स्थापना हुई थी, तब देश सदियों से गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और देश के स्वाभिमान व आत्मविश्वास को गहरी चोट पहुंची थी। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता को पहचान के संकट से जूझना पड़ रहा था। मोदी ने कहा, हमारे देशवासी हीन भावना का शिकार हो रहे थे। ...शेष पृष्ठ 14 पर

# रोडवेज बस व वैन की टक्कर में पांच की मौत, 10 घायल

एजेंसी

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के खीरी शहर थाना क्षेत्र के ओयल कस्बे के पास रविवार सुबह एक वैन और विपरीत दिशा से आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम (रोडवेज) की बस की आमने-सामने की टक्कर में दो साल के बच्चे समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी वैन चालक सुनील (25) और मितौली थाना क्षेत्र के दतेली गांव निवासी दो साल के बच्चे सरफराज के रूप में हुई है। इसके अलावा दो मृतकों की पहचान बुधराम और रमाशंकर के रूप में हुई है, जबकि पांचवे मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि 10 घायलों में से सात को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ भेज दिया गया है, जबकि बाकी का ओयल स्थित जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने मृतकों और घायलों के शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी और प्रशासन की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जिला अस्पताल में घायलों से मिलने के बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने पत्रकारों से कहा कि यह दुर्घटना ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 34.06 डिसे. |
| न्यूनतम | 27.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- सातवें चरण में 25,658 पोलिंग बूथ, 4165 क्रिटिकल (पृष्ठ–02)
- चुनाव ड्यूटी से गायब 5 कर्मी निलंबित, 3 बर्खास्त (पृष्ठ–02)
- सरसों में गिरावट व पामोलीन तेल में सुधार (पृष्ठ–14)
- ब्याज दरों में हो सकती है 0.25 प्रतिशत की कटौती (पृष्ठ–14)
- सोने–चांदी में तेजी जारी रहने की संभावना (पृष्ठ–14)

# आत्मनिर्भर पंचायतों से ही साकार होगी विकसित यूपी की परिकल्पना: योगी

## जिला और क्षेत्र पंचायतों से मुख्यमंत्री का आह्वान, नवाचारों को अपनायें, लोककल्याण के साथ आय संवर्धन को भी दें वरीयता, हर जिलों से तीन और प्रदेश स्तर पर पांच सर्वश्रेष्ठ सुझावों को पुरस्कृत किया जायेगा

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आत्मनिर्भर पंचायतें ही विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश-2047 की परिकल्पना को साकार कर सकती हैं। उन्होंने जिला व क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों एवं सदस्यों से संवाद करते हुए आह्वान किया कि पंचायतें अपनी वार्षिक कार्ययोजना में नवाचारों को बढ़ावा दें और लोककल्याण के साथ आय संवर्धन को प्राथमिकता दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से विकास के नए मॉडल तैयार होंगे

- विकसित यूपी की परिकल्पना साकार करने मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों और सदस्यों से सहयोग का किया आह्वान
- विकसित यूपी@2047हृ को जन-जन का संकल्प बनाने में त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों की सबसे बड़ी भूमिका

और यही आत्मनिर्भरता व सुशासन का आधार बनेगा।

विकसित यूपी@2047 संवाद शृंखला के अंतर्गत रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद किया। इस अवसर पर अभियान से संबंधित एक वीडियो फि ल्म दिखाई गई तथा क्यूआर कोड और पोर्टल के माध्यम से सुझाव साझा करने की प्रक्रिया से प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित यूपी@2047 केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना और जनभागीदारी का ऐतिहासिक संकल्प है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और पंचायतें ही इस महान लक्ष्य की वास्तविक शिल्पकार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाली सबसे अहम कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बीते साढ़े आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक प्रगति दर्ज की है। प्रदेश की जीडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर 35 लाख करोड़ की ओर अग्रसर है, प्रति व्यक्ति आय 52 हजार रुपये से बढ़कर 1.20 लाख रुपये तक पहुँची है। 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स पर कार्य चल रहा है, जिससे 60 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिला है। महिला कार्यबल भागीदारी 13% से बढ़कर 34% तक पहुँची है। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज हुई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की परिकल्पना हेतु स्पष्ट रोडमैप तैयार किया है। तीन थीम; 'अर्थशक्ति, सृजनशक्ति और जीवनशक्ति' तथा 12 प्राथमिक सेक्टर चिन्हित किए गए हैं। अगले पाँच वर्षों में यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को बताया कि विकसित यूपी@2047 विषय पर विधानमंडल के मानसून सत्र में 27 घंटे की विशेष चर्चा की गई थी। उन्होंने कहा कि 'विकसित यूपी@2047' की सफलता में पंचायतों की भागीदारी सर्वोपरि है। इसी क्रम में सभी पंचायत प्रतिनिधियों को पत्र, बुकलेट और लीफलेट भेजे गए हैं, जिनमें विशेष क्यूआर कोड व पोर्टल उपलब्ध हैं। इसके माध्यम से आमजन अपने सुझाव साझा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधियों से कहा कि वे इस पत्र को बैठकों में पढ़ें, जनता को अभियान से जोड़ें और गाँव-गाँव, वार्ड-वार्ड तक संदेश पहुँचाएँ। उन्होंने बताया कि अब तक 11

- त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने वाली सबसे महत्वपूर्ण कड़ी : मुख्यमंत्री
- सभी जिला और क्षेत्र पंचायतों में विकसित यूपी@2047 विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाये : मुख्यमंत्री

लाख से अधिक लोग अपने सुझाव साझा कर चुके हैं। प्रत्येक जनपद से तीन और प्रदेश स्तर पर पाँच सर्वश्रेष्ठ सुझावों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सभी जिला और क्षेत्र पंचायतों में विकसित यूपी@2047 विषय पर संगोष्ठियाँ भी आयोजित की जाएँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संवाद केवल विचार-विनिमय नहीं, बल्कि साझा संकल्प का अवसर है।

## मुख्यमंत्री से संवाद : पंचायत प्रतिनिधियों ने साझा की विकास और बदलाव की कहानियां

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** विकसित यूपी@2047 संवाद कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री से सीधा संवाद का अवसर मिला तो जिला और क्षेत्र पंचायत अध्यक्षों ने अपने क्षेत्र में बीते साढ़े 08 वर्षों में अपने-अपने क्षेत्रों की विकास यात्रा और बदलाव की कहानियाँ साझा कीं। संवाद का यह वर्चुअल मंच न केवल उपलब्धियों को रेखांकित करने का अवसर बना, बल्कि पंचायत स्तर पर नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की सामूहिक प्रतिबद्धता का भी प्रमाण बना।

अमरोहा जनपद के धनौरा ब्लॉक की प्रमुख आशा चंद्रा ने वार्षिक कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए स्वयं सहायता समूहों और लखपति दीदी जैसे कार्यक्रमों से महिलाओं की बदली तस्वीर सामने रखी। उन्होंने विशेष रूप से स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाली महिलाओं के उदाहरण से बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के कितने अवसर मौजूद हैं। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतें यदि स्थानीय आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर योजनाएँ बनाएँ और नवाचार अपनाएँ तो न केवल अपनी आय बढ़ा सकती हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ी छलांग लगा सकती हैं।

इसी क्रम में एटा जनपद से शीतलपुर के ब्लॉक प्रमुख पुष्पेंद्र लोधी ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में उनका ब्लॉक पूरे अलीगढ़ मंडल में मॉडल ब्लॉक के रूप में पहचाना जा रहा है, जहाँ बीते आठ वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। विकास की इस निरंतरता को आगे बढ़ाते हुए कानपुर देहात के सरवनखेड़ा ब्लॉक की प्रमुख उर्वशी सिंह ने वर्षा जल संचयन, पिंक टॉयलेट जैसी योजनाओं और ग्रामीण बाजारों के उन्नयन से जुड़ी पहलें साझा कीं। मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में मंडी समिति के सहयोग से ग्रामीण हाट और सामुदायिक हॉल जैसी आय-सृजन गतिविधियों को और अधिक प्रोत्साहित करने की बात कही।

- महिला सशक्तिकरण से आय सृजन तक : पंचायतों में नवाचारों की नयी मिसालें
- मेरठ जिला पंचायत के प्रयासों को मुख्यमंत्री ने सराहा, कहा, अन्य जिला पंचायतों के सामने हो मॉडल का प्रस्तुतीकरण
- सोनभद्र के आबादी पिकनिक स्पॉट के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने मांगा प्रस्ताव
- आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में पंचायतों की भूमिका को मुख्यमंत्री ने बताया निर्णायक

नवाचार और स्थानीय संसाधनों के उपयोग की चर्चा को आगे बढ़ाते हुए सोनभद्र के चोपन की ब्लॉक प्रमुख लीला देवी ने अमृत सरोवर, चेकडैम, पौधारोपण जैसे कार्यों के साथ महिलाओं द्वारा बकरी के दूध से साबुन बनाने के छोटे उद्योग का उदाहरण रखा। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि सोनभद्र के आबादी पिकनिक स्पॉट को थोड़ी और पहचान मिले तो यह गोवा की तर्ज पर पर्यटन मानचित्र पर आ सकता है। मुख्यमंत्री ने इस सोच की सराहना करते हुए प्रस्ताव भेजने को कहा। प्रदेश की भावी विकास परिकल्पना को रेखांकित करते हुए आजमगढ़ के अजमतगढ़ ब्लॉक की प्रमुख अलका मिश्रा ने मुख्यमंत्री को विकसित यूपी@2047 अभियान से जुड़ी पुस्तिका भेंट की और इस दिशा में अपना योगदान की प्रतिबद्धता जताई। इसी भावना को और ठोस रूप देते हुए वाराणसी के काशी विद्यापीठ ब्लॉक की प्रमुख रेनू पटेल ने कैंटीन और ओपन जिम जैसी योजनाओं के बारे में बताया, जिन पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे प्रयोग न केवल जनता के लिए उपयोगी हैं, बल्कि पंचायतों की आय बढ़ाने का भी माध्यम बन सकते हैं।

इसी कड़ी में पीलीभीत की जिला पंचायत अध्यक्ष दलजीत कौर ने बालिकाओं के लिए इंटर कॉलेज, किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज और तालाब निर्माण जैसे कार्यों के साथ-साथ 500 दुकानों से हो रही आय की जानकारी दी। पंचायतों की आय बढ़ाने की इसी सोच को मेरठ के जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी ने और ठोस उदाहरण के साथ सामने रखा। उन्होंने बताया कि किस तरह हाल ही में 128 दुकानों के निर्माण, खाली पड़ी जमीनों के सदुपयोग और कर चोरी रोकने जैसे कदमों से आय को 3 करोड़ से 10 करोड़ तक पहुँचाया गया है। मुख्यमंत्री ने इसे एक मॉडल उदाहरण बताते हुए सभी जिला पंचायतों को इससे सीख लेने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रयागराज के जिला पंचायत अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने भी आय वृद्धि और जनोपयोगी कार्यों की दिशा में उठाए गए कदम साझा किए। उन्होंने 6 करोड़ की आय, मैरेज हॉल निर्माण और अंत्येष्टि स्थलों के विकास का उल्लेख करते हुए भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें प्रेरक बताया और कहा कि यदि सभी पंचायतें इसी भाव से कार्य करें तो उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भरता और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# 9 अक्टूबर से प्रदेश के सभी 75 जिलों में होंगे ट्रेड शो

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/ग्रेटर नोएडा।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी स्लैब में कटौती के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने उद्यमियों को बड़ा तोहफा दिया है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 75 जिलों में 9 से

- उद्यमियों को मिलेगा निःशुल्क स्टॉल
- खादी युवाओं की पसंद बनेगी, विश्वविद्यालयों में खुलेगा शोरूम

16 अक्टूबर तक आठ दिवसीय ट्रेड शो आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में उद्यमियों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपने उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सकें।

यह घोषणा मंत्री ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (वढक्ळर) के




चौथे दिन खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन विषय पर आयोजित सेमिनार में की। राकेश सचान ने कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार इतने बड़े स्तर पर सुधार किया गया है, जिससे एमएसएमई सेक्टर को नई ऊर्जा मिली है। पहले केवल मंडल स्तर पर ट्रेड शो आयोजित होते थे, लेकिन यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसे अब जिला स्तर पर भी ले जाने का निर्णय लिया है। इन शो में खादी, टेक्सटाइल, डऊ्ढढ समेत सभी सेक्टर के उद्यमी भाग लेंगे। अधिकारियों को इसके लिए उपयुक्त स्थान तय करने के निर्देश दे दिए गए हैं। मंत्री ने कहा कि खादी के उत्पादन और शोरूम की संख्या घटने पर सरकार गंभीर है। इस पर विशेषज्ञों और स्टेकहोल्डर्स से लगातार विमर्श हो रहा है। युवाओं को खादी से जोड़ने के लिए विश्वविद्यालयों में खादी शोरूम खोलने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है। राकेश सचान ने कहा कि बाजार में उपलब्ध अधिकांश कपड़े पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक हैं, जबकि खादी पूरी तरह शुद्ध और सुरक्षित है। उन्होंने खादी को महंगा मानने की धारणा को गलत बताते हुए कहा कि अन्य कपड़ों की तुलना में खादी सस्ती है। दोगुनी हुई खादी की बिक्री मंत्री ने बताया कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यभार संभाला है, तब से खादी को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री लगातार खादी को डिजाइन और तकनीक से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बीते वर्षों में खादी की बिक्री दोगुनी से अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

# राम मंदिर संग दिखेगी वाल्मीकि व निषादराज के प्रति आस्था

**लखनऊ/अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का भव्य निर्माण अंतिम चरण में है। यह पावन धाम अब श्रद्धालुओं के लिए

- पीएम मोदी ने मन की बात में किया विशेष उल्लेख, कहा दर्शन जरूर करें
- संगमरमर से बनी महर्षि वाल्मीकि व निषादराज गुह्य की प्रतिमाएं स्थापित
- अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को मिलेगा दर्शन का सौभाग्य

लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में भगवान श्रीराम की कथा से जुड़े महापुरुषों, महर्षि वाल्मीकि और निषादराज गुह्य के राम मंदिर का निर्माण भी तेजी से संपन्न हो रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ह्मन की बातह्व के 126वें एपिसोड में महर्षि वाल्मीकि और रामायण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगले महीने 7





अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आधार स्तंभों में से एक हैं। उन्हीं की रचना रामायण ने मानवता को भगवान श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों से परिचित कराया। श्रीराम ने सेवा, समरसता और करुणा से सबको अपने साथ जोड़ा। यही कारण है कि रामायण में माता शबरी और निषादराज जैसे पात्रों का विशेष स्थान है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के निर्माण के साथ ही महर्षि वाल्मीकि और निषादराज के मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब भी कोई अयोध्या जाए, तो रामलला के दर्शन के साथ महर्षि वाल्मीकि और निषादराज मंदिर के दर्शन अवश्य करे। बता दें कि रामजन्मभूमि परिसर में बीते शनिवार को सप्तमंडप में निषादराज गुह्य और महर्षि वाल्मीकि की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई। ये प्रतिमाएं जयपुर के प्रसिद्ध शिल्पकारों द्वारा विशेष संगमरमर पत्थर से तराशी गई हैं। इन मूर्तियों को मंदिर के दक्षिणी हिस्से में स्थित अंगद टीले के समीप स्थापित किया गया है। ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार, आगामी अक्टूबर 2025 के बाद यह परिसर श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा। तब देशभर से आने वाले भक्त रामलला के दर्शन के साथ महर्षि वाल्मीकि और निषादराज गुह्य की प्रतिमाओं के भी दर्शन कर पाएंगे। धार्मिक विद्वानों का मानना है कि अयोध्या का यह स्वरूप भारतीय संस्कृति की समरस परंपरा का जीवंत प्रतीक बनेगा। भगवान श्रीराम केवल अयोध्या के ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के मयार्दा पुरुषोत्तम हैं।

# भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर दिया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को चौपट कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को पर्याप्त दवा, इलाज नहीं मिल पा रहा है। भाजपा सरकार राजधानी के बड़े अस्पतालों में भी मरीजों के लिए जरूरी सुविधाएं नहीं उपलब्ध करा पा रही है। सरकारी अस्पतालों से लोगों का भरोसा उठ रहा है। बड़े संस्थानों पीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में भी वेंटीलेटर और बेड मिलना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के ज्यादातर अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्थायी विशेषज्ञ डॉक्टर, महिला डॉक्टरों, नर्सेज और अन्य स्टाफ की कमी है। सरकार लगातार सरप्लस बजट का दावा कर रही है लेकिन स्वास्थ्य विभाग से लेकर अन्य विभागों में स्थायी भर्ती और जरूरी सुविधाएं नहीं दे रही है। मरीजों की संख्या हर



दिन बढ़ रही है लेकिन सुविधाएं नहीं। संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों से काम चलाया जा रहा है। प्रदेश के तमाम मेडिकल कॉलेजों में पर्याप्त डॉक्टर और तकनीकी स्टाफ और सुविधाओं की कमी है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार में बने बड़े मेडिकल संस्थानों को बजट नहीं देती है। उनके साथ सौतेला व्यवहार होता है। इस सरकार ने मेडिकल संस्थानों को बर्बाद कर दिया। समाजवादी सरकार में बने कैंसर इंटीट्यूट में तमाम कार्य बजट के अभाव में नहीं चल पा रहे है। यह सरकार लखनऊ के सिविल अस्पताल में भी सुचारू ढंग से नहीं चला पा रही। उन्होंने कहा कि जिलों-जिलों में अस्पतालों की दुर्दशा है। इनमें कभी बिजली नहीं, कभी सर्वर डाउन, कभी जांच ठप्प। मरीज और परिजन बेहाल घूमते हैं। मेडिकल कॉलेज के नाम पर जिलों में बिल्डिंगे है लेकिन सुविधाएं नहीं। उनमें गंभीर मरीजों का कोई इलाज नहीं मिलता है। सरकार झूठ और आंकड़ेबाजी से लोगों को गुमराह कर रही है।

# मंच पर उतरीं केजीबीवी की 68,000 बालिकाएं, सामाजिक बुराइयों पर किया प्रहार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रविवार को प्रदेशभर के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की 68,000 बालिकाएं नुक्कड़ नाटकों के मंच पर उतरीं और दहेज, बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों के

- प्रदेशभर के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में आयोजित हुआ नुक्कड़ नाटक
- बालिकाएं ही समाज में बदलाव की असली प्रेरणा हैं : मोनिका रानी

खिलाफ जोरदार और प्रेरक संदेश दिया। अभिनय कर रही बालिकाओं ने अपने अपने पात्र के साथ पूरी तरह से न्याय किया। मिशन शक्ति 5.0 की यह पहल बालिकाओं के आत्मविश्वास,




नेतृत्व और जागरूकता का अद्भुत प्रेरक उदाहरण बनी।

बता दें कि इस पहल की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 सितंबर को किया गया था और अब यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के निर्देशन में पूरे प्रदेश में प्रभावी ढंग से गति पर है। नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से बालिकाओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए समाज को सशक्त संदेश दिया। दहेज प्रथा को सामाजिक कलंक बताते हुए यह स्पष्ट किया गया कि बेटी का सम्मान उसकी शिक्षा और योग्यता में है, न कि दहेज में। बाल विवाह के खिलाफ प्रस्तुतियों में यह जोर दिया गया कि नाबालिग विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य में बाधा डालता है।

बाल श्रम पर आधारित नाटकों ने यह रेखांकित किया कि शिक्षा से वंचित बचपन समाज और राष्ट्र दोनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इस पहल के दौरान बालिकाओं ने टीमवर्क, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का भी विकास किया। पुलिस, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय के साथ हुए संवाद ने बालिकाओं में सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया। मिशन शक्ति 5.0 के तहत आयोजित यह कार्यक्रम नवरात्रि के शुभ अवसर पर बालिकाओं की शक्ति, सम्मान और आत्मनिर्भरता की त्रयी को साकार करता हुआ नजर आया है। इससे यह स्पष्ट हुआ कि जब बेटियों को मंच और अवसर मिलता है, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव की सबसे सशक्त वाहक बन सकती हैं। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि बालिकाएं भविष्य में समाज और राष्ट्र की नेतृत्वकारी भूमिका निभाकर विकास की नई राहें खोलेंगी। वास्तव में, यह पहल इस बात का प्रतीक है कि शिक्षा, जागरूकता और आत्मविश्वास ही नारी सशक्तिकरण का सबसे मजबूत आधार हैं। इस बाबत महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि बालिकाएं ही समाज में बदलाव की असली प्रेरणा हैं। जब बेटियां शिक्षा, नेतृत्व और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, तो केवल उनका भविष्य ही सुरक्षित नहीं रहता, बल्कि पूरा समाज और राष्ट्र भी प्रगति की राह पर मजबूती से कदम रखते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बेटी को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले।

# लखनऊ में 55 दिन में तैयार होगी वर्ल्डक्लास टेंट सिटी, भूमि पूजन आज

## कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे सोमवार को करेंगे भूमि पूजन, सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री भी रहेंगे मौजूद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक ऐतिहासिक अवसर का गवाह बनने जा रहा है। 61 साल बाद भारत

- 23 से 29 नवंबर तक लखनऊ में चलेगी 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी, मेजबानी करेगी योगी सरकार
- टेंट सिटी में होंगे 3500 टेंट, 64 रसोई, 1600 शौचालय, 100 बिस्तरों का अस्पताल

स्काउट्स एंड गाइड्स की राष्ट्रीय जम्बूरी का आयोजन यूपी में होगा। इसके डायमंड जुबली ग्रैंड फिनाले की तैयारियों का आगाज सोमवार (29 सितंबर) को भूमि पूजन के साथ होगा। इसके बाद अगले 55 दिनों में ये टेंट सिटी पूरी तरह से आकार ले लेगी। राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, सेक्टर-15, वृंदावन योजना में सुबह 11:30 बजे वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भूमि पूजन करेंगे। इसी मंच से 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी का लोगो और शुभंकर भी लॉन्च किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्रीगण भी मौजूद रहेंगे। इनमें उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी और भारत स्काउट गाइड यूपी के अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ. महेन्द्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

भूमि पूजन के साथ जिस भूमि पर टेंट सिटी तैयार की जाएगी, वहां 35 हजार स्काउट्स और गाइड्स के लिए अस्थायी लेकिन विश्वस्तरीय सुविधाएं बसाई जाएंगी। इसमें लगभग 3500 टेंट होंगे, जिनमें प्रतिभागियों का ठहराव होगा। इसके अलावा 64 सामूहिक रसोई घर, 1600 शौचालय और स्नानागार, 100 दुकानों वाली जम्बूरी मार्केट, प्रदर्शनियों के लिए विशाल हॉल और मीटिंग एरिया बनाए जाएंगे। इसमें प्रत्येक प्रतिभागी दल के लिए अलग आवासीय सुविधा होगी। स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्राथमिकता दी गई है। इसके लिए 100 बिस्तरों वाला अस्पताल और 15 डिस्पेंसरी स्थापित की जाएंगी, ताकि 23 से 29 नवंबर तक चलने वाले इस मेगा आयोजन में किसी भी प्रतिभागी को स्वास्थ्य सुविधा की कमी न हो। इसके साथ ही पूरा परिसर प्लास्टिक फ्री होगा, जहां ग्रीन एनर्जी का उपयोग किया जाएगा। वाई-फाई जोन, प्रदर्शनी हॉल, मीटिंग हॉल के साथ ही 24७7 कंट्रोल रूम और हेल्प लाइन की व्यवस्था होगी। जम्बूरी में आने वाले स्काउट्स-गाइड्स हाई रोप्स,



जिपलाइन, ट्रैकिंग और एडवेंचर पार्क जैसी गतिविधियों से साहसिक अनुभव प्राप्त करेंगे। वहीं फर्स्ट एड, गांठें बांधना और जीवन रक्षा जैसी स्काउटिंग की मूल विधाओं से व्यवहारिक जीवन जीने की कला सीखेंगे। सांस्कृतिक मंच पर ग्लोबल विलेज, लोक नृत्य, नाटक और गीत-संगीत का रंग बिखरेगा। विज्ञान और तकनीक की दुनिया से रूबरू कराने के लिए रोबोटिक्स और विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित होगी। साथ ही सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और टीमवर्क आधारित गतिविधियां युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करेंगी। 24 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्बूरी का भव्य उद्घाटन करेंगे। समापन 28 नवंबर को राष्ट्रपति महोदया के कर-कमलों से होगा। इस बीच पूरे एक सप्ताह तक चलने वाला यह महाकुंभ युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक जिम्मेदारी की सीख देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से 61 वर्ष बाद राष्ट्रीय जम्बूरी उत्तर प्रदेश को मिली है। लखनऊ में बनने वाली यह टेंट सिटी न केवल आयोजन का केंद्र होगी बल्कि यह संदेश भी देगी कि उत्तर प्रदेश अब बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए पूरी तरह सक्षम है। भूमि पूजन के साथ ही इस ऐतिहासिक जम्बूरी की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी। भारत में पहली बार जम्बूरी का आयोजन 1953 में हैदराबाद में हुआ था। उसके बाद से अब तक 18 राष्ट्रीय जम्बूरी हो चुकी हैं।

# समझाइश से बदलाव तक: कुपोषण से मुक्ति की एक मिसाल : लीना जौहरी

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव महिला कल्याण एवम बाल विकास सेवा पुष्टाहार लीना जौहरी ने बाल विकास में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन एवम कुपोषण पर जीत को बताते हुए कहा कि लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज ब्लॉक के दुलारमऊ गाँव में घटित यह कहानी केवल एक बच्ची की सेहत सुधारने की नहीं, बल्कि पूरे परिवार की सोच और व्यवहार में आये गहरे बदलाव की मिसाल है। यहाँ की 1 वर्ष 7 माह की बच्ची जानवी जन्म से ही कमजोर थी और जुलाई 2025 में जननी एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस पर उसका वजन 6.9 किलोग्राम तथा लंबाई 71.5 सेमी निकली, जो गंभीर कुपोषण की श्रेणी थी। सीमित आय, जानकारी की कमी और खान-पान से जुड़ी भ्रांतियों ने उसकी स्थिति को और खराब कर दिया था। ऐसे समय में आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती जानकी ने बच्ची और परिवार को सिर्फ चिकित्सा या दवाइयों पर निर्भर नहीं छोड़ा, बल्कि व्यवहार परिवर्तन की निरंतर प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने जानवी की माँ को स्थानीय भाषा में वीडियो और उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि केला, अंडा, मूँगफली और हरी सब्जियों जैसे किफायती विकल्प पोषण का अच्छा स्रोत हैं। वे हर सप्ताह घर जाकर बच्ची की थाली देखतीं और सुधार के लिए सुझाव देतीं। पिता को भी सामूहिक बैठक में शामिल कर ह्य10 खाद्यान्न समूह चार्टह्व समझाया गया। इतना ही नहीं, उन्होंने गाँव की अन्य महिलाओं के साथ छोटे-छोटे सत्र आयोजित कर सही पोषण और बीमारी से बचाव के बीच के गहरे संबंध को सरल भाषा में बताया। धीरे-धीरे परिवार में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे। हालांकि जब कार्यकत्री ने बच्ची को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने की सलाह दी, तो पिता बिंद्रा प्रसाद ने शुरूआत में हिचक दिखाई।

# अफवाह, ड्रोन व चोरी के नाम पर बनाया जा रहा दहशत का माहौल : सीएम

जिला संवाददाता

**लखनऊ/बलरामपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने नागरिकों को चेताया कि कुछ लोग अफवाह, ड्रोन और चोरी के नाम पर भय का माहौल पैदा कर रहे हैं। हर ग्राम पंचायत में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया गया है। पुलिस की पेट्रोलिंग तेज हुई है। ड्रोन के नाम पर भय व दहशत पैदा करने वालों के खिलाफ पहले ही गैंगस्टर और चोरी के नाम पर दहशत फैलाने वालों की संपत्ति को जब्त करने के आदेश दिए गए हैं। सीएम ने नागरिकों को जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए कहा कि विकास, लोककल्याणकारी योजनाओं के साथ व्यापक जनजागरूकता में भी आपकी सहभागिता होनी चाहिए। कोई आपके गांव, कस्बे, मोहल्ले, अगल-बगल क्षेत्र में दहशत पैदा कर रहा है तो पहले उसे रोको-समझाओ, नहीं मानता है तो फिर ससमय प्रशासन को बताओ, प्रशासन उसे ठोक देगा। आप चुपचाप बताइए, बाकी का इलाज

- मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को दिया योजनाओं का लाभ



हम कर देंगे। लवजेहाद, धर्मांतरण व राष्ट्रविरोधी, गोकशी, गोतस्करी करने वाले तत्वों के खिलाफ सतर्क रहना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बलरामपुर भारत व नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्र में स्थित है। यह जनपद मां पाटेश्वरी का पावन धाम है। बलरामपुर स्टेट द्वारा किए गए अनेक रचनात्मक कार्यों का साक्षी है। यह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कर्मऋषि नानाजी देशमुख की कर्मभूमि है।

बलरामपुर 1997 से लेकर 2017 तक उपेक्षा का दंश झेल रहा था। 1997 से पहले और इसके बाद भी बलरामपुर के लिए जो अपेक्षित योजनाएं आनी चाहिए थीं, उससे नागरिक वंचित थे। इस कारण देश के सबसे गरीब जनपदों में बलरामपुर की गणना होती थी, लेकिन आज पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ देना प्रारंभ किया। यहां मां पाटेश्वरी के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण प्रारंभ किया गया है। इस सत्र में विश्वविद्यालय प्रारंभ भी हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी पहली बार बलरामपुर संसदीय सीट से जीतकर संसद में पहुंचे थे, इसलिए उनके नाम पर बलरामपुर में जल्द ही मेडिकल कॉलेज संचालित होगा, सरकार ने इसकी व्यवस्था कर दी है।

इमलिया कोडर में थारू बंधुओं की परंपरा व संस्कृति को संरक्षित करने के लिए पहले ही थारू म्यूजियम का निर्माण किया जा चुका है। आज भी राजकीय पॉलिटेक्निक के उद्घाटन, आईटीआई, डिग्री, इंटर कॉलेज, चिकित्सालय, सड़कें समेत अनेक विकास योजनाओं की सौगात उपलब्ध कराई जा रही है। इनके माध्यम से हर नागरिक के जीवन में प्रगति व उन्नयन का मार्ग प्रशस्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश व बलरामपुर विकसित हो, इसके लिए पीएम ने शताब्दी संकल्प का विराट लक्ष्य रखा है। 2047 में शताब्दी महोत्सव (आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने) पर हमें आत्मनिर्भर व विकसित भारत चाहिए और इसके लिए उत्तर प्रदेश को भी आत्मनिर्भर व विकसित बनाना होगा।

विकसित व आत्मनिर्भर यूपी के लिए बलरामपुर को भी आत्मनिर्भर व विकसित बनाना होगा। हमारी सरकार ने तय किया कि हर कमिश्नरी में विश्वविद्यालय होगा। देवीपाटन कमिश्नरी में आकांक्षात्मक जनपद बलरामपुर, सहारनपुर में मां शाकंभरी, मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर, अलीगढ़ में राजा महेंद्र प्रताप सिंह, मीरजापुर में मां विंध्यवासिनी और आजमगढ़ मंडल में महाराजा सुहेलदेव के नाम पर विश्वविद्यालय का निर्माण किया है। अटल जी के नाम पर यूपी में मेडिकल यूनिवर्सिटी, बाबा गोरखनाथ के नाम पर गोरखपुर में आयुष विश्वविद्यालय, महात्मा बुद्ध के नाम पर कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो रही है। हर मंडल में अटल आवासीय विद्यालय बनाए गए।

सीएम योगी ने कहा कि पिछली सरकार एक जिला, एक माफिया देती थी। हमारी सरकार एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज का निर्माण करा रही है। बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। श्रावस्ती में महात्मा बुद्ध के नाम पर एयरपोर्ट का निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। बोले कि 8 वर्ष पहले सड़क मार्ग से अयोध्या-लखनऊ जाने में घंटों लगते थे। आज तीन घंटे में बलरामपुर से लखनऊ और दो घंटे से भी कम समय में अयोध्या, ढाई घंटे में गोरखपुर जा सकते थे। सीएम ने रेलवे के सुधार व अपग्रेडेशन की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें नित सुधार हो रहा है। नई-नई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। देवीपाटन मंडल में तीन मेडिकल कॉलेज (गोंडा, बहराइच व बलरामपुर) का निर्माण हो रहा है। आने वाले समय में इस मंडल को स्पोर्ट्स कॉलेज देने जा रहे हैं। यह सरकार के विकास की योजना है, जिससे प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाया जा सके और आकांक्षात्मक से उठकर बलरामपुर भी विकसित जनपद के रूप में नाम दर्ज कर सके। मुख्यमंत्री ने पंचायत कल्याण कोष योजना के तहत देशराज तिवारी को 10 लाख, सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत क्रांति देवी को 2.33 लाख, एनआरएलएम के तहत रीमा पांडेय को 1.30 लाख, पीएम स्वनिधि योजना के तहत शिवशंकर को 50 हजार, मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष से बिट्टा को चार लाख का चेक दिया।

स्वामित्व योजना के तहत कृष्णावती को घरौनी प्रपत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत शांति देवी को आवास की चाबी दी। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत सिंधुजा पांडेय को टैबलेट तथा नीतू श्रीवास्तव को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया।

# नवरात्रि में 7.53 लाख से अधिक लोगों को तक पहुंची सरकार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति 5.0 का विशेष अभियान नारी सशक्तकीरण को नई दिशा दे रहा है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 90 दिनों की कार्ययोजना के रूप में लागू किया गया है। इस अभियान के पहले चरण के तहत 826 विकास खंडों में 52,042 महिला मंगल दलों ने महिला स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, लैंगिक दुर्व्यवहार और सामाजिक कुरीतियों पर 43 स्थलों पर 2,405 सदस्यों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

नवरात्रि के पावन अवसर पर मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल के जरिए सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता फैलाई गई, जो नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। पहले चरण में 22 से 27 सितंबर तक 7,53,071 लोगों तक पहुंच बनाई गई, जो इस अभियान की व्यापकता को दशार्ता है। प्रदेश भर में आयोजित साइक्लोथॉन और नुक्कड़ नाटकों ने

- मोबाइल वैन और महिला मंगल दलों ने जगाई जागरूकता की अलख

महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को समाज की साझी जिम्मेदारी बनाया। जिलाधिकारी से लेकर ग्राम प्रधान तक के नेतृत्व में साइक्लोथॉन ने जागरूकता की गति बढ़ाई, जबकि नाटकों ने लैंगिक असमानता की जड़ों जैसे बचपन से भेदभाव, शिक्षा-स्वास्थ्य में असमानता और कार्यस्थल पर वेतन भेदभाव को उजागर किया। नाटकों में लड़कियों की शिक्षा और करियर को सीमित करने के दुष्परिणाम दिखाए गए, साथ ही समान अवसर और सम्मानजनक वातावरण का संदेश दिया गया। दर्शकों ने उत्साह से भाग लिया और कई स्थानों पर भेदभाव खत्म करने का संकल्प लिया। सोशल मीडिया कैम्पेन ने जनसंख्या अनुपात, जन्म/मृत्यु दर, लिंगानुपात, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल विवाह, लैंगिक शोषण और हिंसा जैसे संकेतकों पर सुधार के लिए जागरूकता फैलाई।

नवरात्रि के पावन अवसर पर मोबाइल वैन, कैनोपी और स्टॉल ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर खूब दिखाई दिए।

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना उत्तर प्रदेश : बृजेश पाठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को एक होटल में उत्तर प्रदेश के प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, रोलर फ्लोर मिल से जुड़े यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के 62वें वार्षिक महासम्मेलन का आयोजन हुआ। इस वार्षिक महासम्मेलन में प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों से 200 से अधिक रोलर फ्लोर मिल इकाइयों के स्वामी, अध्यक्ष एवं निदेशक सम्मिलित हुए। इस महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रमुख सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण एवं वितरण माप विभाग एवं राजस्व विभाग रणवीर प्रसाद उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बृजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी अग्रणी बनता जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश 380 लाख टन गेहूँ का उत्पादन करते हुए देश का सबसे गेहूं, चीनी व दुग्ध उत्पादक राज्य है। इस विकास में रोलर फ्लोर मिल उद्योग की भूमिका अत्यंत सराहनीय है जो प्रतिदिन लाखों टन गेहूं की प्रोसेसिंग करते हुए आटा, मैदा, सूजी जैसे उत्पादों का निर्माण कर रहा है और लाखों लोगों को रोजगार दे रहा है। राज्य सरकार इस उद्योग को प्राथमिकता दे रही है और सिंगल विंडो क्लियरेंस, सब्सिडी, तकनीकी नवाचार और बिजली दरों में स्थायित्व जैसे कई प्रगतिशील कदम उठा चुकी है। यह उद्योग 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और 'समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश' की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है। हमारा लक्ष्य है कि हम मिलकर उत्तर प्रदेश को पूरे दक्षिण एशिया का खाद्य प्रसंस्करण हब बनाएं। विशिष्ट अतिथि रणवीर प्रसाद ने कहा कि यह संगठन न केवल एक लंबे समय से सक्रिय और संगठित उद्योग संगठन है, बल्कि यह राज्य की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला, उपभोक्ता हितों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाला एक महत्त्वपूर्ण स्तंभ भी है। वर्तमान अध्यक्ष धर्मेन्द्र जैन ने सत्र 2024-25 के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान संगठन में किए गए कार्यों की भी जानकारी साझा की।

# जनसुनवाई शिविर में निपटीं समस्याएं

## सरोजनीनगर में लगा 137 वां 'आपका विधायक -आपके द्वार'

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में निरंतर जनसुनवाई शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन की योजनाओं और जनसुविधाओं का लाभ सीधे अंतिम नागरिक तक पहुँचे। इसी क्रम में रविवार को दक्षिण प्रथम मंडल के अंतर्गत दरोगा खेड़ा, काशीराम कॉलोनी में 137वाँ आपका विधायक -आपके द्वार जनसुनवाई शिविर समस्याओं को किया गया समाधान।

शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा सड़क, नाली, साइकिल, पीएम आवास जैसी कुल 37 समस्याएँ एवं आवश्यकताएँ दर्ज की गईं, जिनके त्वरित समाधान का प्रयास किया गया। इस अवसर पर 10 आयुष्मान कार्ड, 2 आभा कार्ड, 3 वोटर आईडी और 1 राशन कार्ड बनाए गए तथा एक किसान सम्मान निधि की केवाईसी भी पूर्ण कराई गई। सन आई हॉस्पिटल के सहयोग से स्वास्थ्य शिविरः आमजन के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए सन आई हॉस्पिटल के



- मेधावी प्रतिभाओं का सम्मान और युवाओं का सशक्तिकरण की एक समावेशी पहल : डॉ. राजेश्वर सिंह

सहयोग से चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुआ, जिसमें 104 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया और 50 वृद्धजनों को चश्में प्रदान किए गए। गाँव की शान पहल के अंतर्गत हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं अंशिका गुप्ता (95%), शिवानी (74.5%), सौम्य अवस्थी (73%) एवं करण गौतम (67%) को साइकिल, घड़ी और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं, युवाओं को खेल संसाधन उपलब्ध कराने के संकल्प के क्रम में 150वाँ बॉयज यूथ क्लब एवं 88वाँ गर्ल्स यूथ क्लब गठित किया गया और खेल किट वितरित की गई। शिविर में उपस्थित मंडल अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव, सेक्टर संयोजक डॉ. अजीत गुप्ता, बूथ अध्यक्ष सीमा सिंह, पार्षद गीता देवी, राजेश सिंह, पूर्व आईपीएस ऋषि, अजय, कमल, आदर्श, गुड्डू सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, सभी उपस्थित जनसमुदाय को सरोजनीनगर विकास दर्शन रथ के माध्यम से क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी गई और तारा शक्ति निःशुल्क रसोई के माध्यम से ताजा एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया।

# नगर निगम की अहाना ग्रीन्स में लिफ्ट में 45 मिनट तक मां-बेटा फंसे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम की मल्टी स्टोरी अहाना ग्रीन्स में रविवार को बड़ा हादसा होते होते बच गया। उसमें सोसाइटी की लिफ्ट अचानक बीच में ही फंस गई। जिसके चलते मां और उनका बेटा करीब 45 मिनट तक अंदर फंसे रहे। दोनों लगातार बाहर निकलने के लिए मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं था। उसके बाद सोसाइटी के निवासियों की मदद से दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। रविवार को शिप्रा सक्सेना अपने बेटे के साथ लिफ्ट से पांचवें तल पर स्थित अपने फ्लैट में जा रही थीं। रास्ते में लिफ्ट खराब होकर बीच में अटक गई। महिला ने तुरंत मदद के लिए इमरजेंसी अलार्म बजाया, लेकिन अलार्म ने काम नहीं किया। इसके बाद काफी देर आवाज लगाकर मदद मांगी, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। महिला आखिरकार थक करके लिफ्ट के अंदर बैठ गईं। इस घटना की जानकारी करीब 45 मिनट बाद

- इमरजेंसी अलार्म हुआ फेल

सोसाइटी के अन्य आवंटियों को हुई। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए मशक्कत के बाद लिफ्ट को खोला और मां-बेटे को बाहर निकाला। लिफ्ट से बाहर आने के बाद महिला काफी डरी और सहमी हुई।

मेंटेनेंस में लापरवाही का आरोप

पीड़ित महिला शिप्रा सक्सेना ने नगर निगम पर लिफ्ट के रखरखाव (मेंटेनेंस) में घोर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर कोई काम नहीं हो रहा है, यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले कई बार लिफ्ट फंस चुकी है। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए अहाना ग्रीन्स के मेंटेनेंस का जिम्मा देख रहे नगर निगम के एक्सईएन अतुल मिश्रा ने कहा कि उन्हें लिफ्ट खराब होने की कोई सूचना नहीं मिली थी। उन्होंने माना कि लिफ्ट में कैमरा नहीं लगा है, जिसकी शिकायत आवंटी पहले कर चुके हैं। फिलहाल, इस पूरे प्रकरण में सोसाइटी के सुपरवाइजर से रिपोर्ट मांगी गई है।



# छठ घाट की सफाई अभियान में किया श्रमदान

**लखनऊ।** अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व मे छठ घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमतीतट लखनऊ मे छठ घाट की सफाई अभियान श्रमदान कर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे ब्रजेश पाठक उप मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा स्वयं श्रमदान कर सफाई अभियान की सुरूआत किये तथा छठ घाट का निरीक्षण कर भव्य आयोजन के लिए जिला प्रशासन को आदेश दिए। इस छठमहापर्व का आयोजन अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय के नेतृत्व मे इस वर्ष 41 आयोजन 27 एवं 28 अक्टूबर को छठ घाट लक्ष्मण मेला मैदान गोमती तट लखनऊ मे होने है जिस की तैयारी जोर सोर से चल रहा है इस वर्ष लखनऊ में 15 लाख से अधिक लोग छठम हापर्व मनायेगे। आज सफाई अभियान मे अखिलभारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सिंह, रामविलास यादव, संजय यादव अंगदराम ओझा, तिरथ राम, हनुमान यादव विजय यादव, अवधेश, मनीष पौद्दार, आदि लोग उपस्थित होकर श्रमदान किए। इसके साथ ही नगर निगम के किशोरी लाल सहित कई अधिकारी भी छठ घाट पर सफाई अभियान मे उपस्थित हुए।

# तकनीक और परंपरा का संगम : राज्य स्वच्छ गंगा मिशन का स्टाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जहां तमाम प्रदर्शनों के बीच राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश का स्टॉल आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा। यह स्टॉल केवल एक प्रदर्शन नहीं बल्कि एक अनुभव था, जिसने हर आगंतुक को गंगा से जुड़ाव का नया अहसास कराया।

यह विशेष प्रस्तुति इतनी प्रभावशाली रही कि यूपी आई टी एस 2025 में बेस्ट स्टाल का अवॉर्ड भी राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश को प्रदान किया गया, जिसने मिशन की नवाचार और जनसंपर्क की दिशा में निरंतर प्रगति को और सशक्त किया। यहाँ जागरूकता पैनल्स के माध्यम से महाकुंभ का वैभव और छोटी नदियों के पुनरोद्धार की झलक देखने को



मिली, एनामॉर्फिक डिस्प्ले ने राज्य मिशन की उपलब्धियों को अद्भुत और चौंकाने वाले अंदाज में प्रस्तुत किया, वहीं रियल टाइम रिवर राइड वीडियो अनुभव ने आगंतुकों को ऐसा अहसास दिलाया मानो वे स्वयं नदी में नाव चला रहे हों। गंगा घाटों और आरती के दिव्य दर्शन के लिए वर्चुअल रियलिटी तकनीक का उपयोग किया गया जिसने लोगों को सीधे उस वातावरण में पहुँचा दिया। साथ ही गंगा क्विज और गेम जोन ने हर उम्र के लोगों को जोड़े रखा, जहाँ सही जवाब देने और खेलों में जीत हासिल करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न के रूप में आकर्षक कैप्स और टी-शर्ट्स भी भेंट की गईं। परियोजना निदेशक, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश, प्रभास कुमार ने कहा कि यह स्टॉल हमारे मिशन की आत्मा को दशार्ता है, जिसमें परंपरा और तकनीक का सुंदर संगम दिखाई देता है। महाकुंभ से लेकर छोटी नदियों के पुनरोद्धार तक हमारी कोशिश यही है कि लोग न केवल देखें बल्कि महसूस करें कि गंगा संरक्षण की दिशा में कितनी प्रगति हो रही है। वहीं यूनिट हेड- कम्युनिकेशन एंड आउटरीच सोनलिका सिंह ने बताया कि हमारा प्रयास यह था कि स्टॉल को केवल दृश्यात्मक न रखा जाए बल्कि हर आगंतुक के लिए भावनात्मक और शैक्षिक अनुभव भी बने। इसी सोच के तहत वीआर, एनामॉर्फिक डिस्प्ले और रियल टाइम विजुअल्स शामिल किए गए ताकि बच्चे हों या नीति-निमार्ता, हर कोई गंगा के संदेश को अपने साथ लेकर जाए। यह स्टॉल लोगों के लिए सीखने, खेलने और अनुभव करने का अनोखा संगम साबित हुआ और प्रदर्शनी का सच्चा केंद्र बिंदु बन गया। बेस्ट स्टाल अवॉर्ड प्राप्त करके राज्य स्वच्छ गंगा मिशन-उत्तर प्रदेश ने यह संदेश और भी प्रबल कर दिया कि गंगा संरक्षण केवल एक योजना नहीं बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला एक आंदोलन है, जिसमें धरोहर, जागरूकता और आधुनिक तकनीक का अद्भुत मेल देखने को मिलता है।

# गोमती नदी स्वच्छता अभियान में 3 कुंतल कचरा निकाला

**लखनऊ।** गोमती नदी स्वच्छता अभियान के 384वें रविवारीय दिवस को झूले लाल पार्क गोमती नदी से लगभग 3 कुंतल कचरा तथा दर्जनों की संख्या में देवी देवताओं की प्रतिमाएं बाहर निकाली। रविवार को प्रातः 5 :30 बजे से 7: 30 बजे तक हनुमान सेतु निकट झूले लाल पार्क गोमती नदी तट पर चले गोमती नदी स्वच्छता अभियान में लगभग 2 दर्जन स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में अर्चना सिंह प्रार्थना वर्मा, बबिता यादव, रत्ना वर्मा, कृपा शंकर वर्मा, राम कुमार



बाल्मिकी, संजय वर्मा आनंद वर्मा , विवेक जोशी, पवन कुमार, नाथ शरण त्रिपाठी, कमल दुबे, राकेश सोनकर, दिनेश दत्त पांडेय उदय सिंह, प्रवेश यादव कमलेश कुमार, अनुग्रह सिंह अजय जोशी, महेंद्र प्रताप सिंह, शिव सोनी, आयुष बंसल, आशीष तिवारी, पंकज तिवारी इत्यादि ने गोमती नदी सफाई के बाद गोमती आरती में हिस्सा लिया। पर्यावरण सेना के लोगों ने नदियों को प्रदूषित कर रहे गंदे नालों को गोमती से दूर करने की आवाज उठाई।

# विश्व रेबीज दिवस पर गोष्ठी

# कुत्ते के काटने और खरोचने से ही होती रैबीज

## वैश्विक स्तर पर रेबीज से प्रतिवर्ष हो रही 59 000 मृत्यु, मिथ को भूल जाएं, 15 मिनट साबुन से धुले और वैक्सीन लगवायें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आज विश्व रेबीज दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मनुष्यों में 99% रैबीज कुत्ते के काटने और खरोचने से ही होती है कुत्ते को वैक्सीन लगाकर और खुद को काटने से बचाकर इस रोग से पूर्ण रूपेण बचा जा सकता है। 15 वर्ष से छोटे बच्चे ज्यादातर इसके शिकार होते हैं आंकड़ों के अनुसार कुल मरीजों के 40% संख्या इस उम्र वाले बच्चों की है। रेबीज मुख्य तौर पर एशिया और अफ्रीका सहित डेढ़ सौ देशों की एक बड़ी सामाजिक और गंभीर जन स्वास्थ्य की समस्या है, प्रतिवर्ष 10000 तक की संख्या में इससे मृत्यु हो जाती है। अंटार्कटिका को छोड़कर रेबीज लगभग सभी देशों में पाए जाने वाला रोग है। वैश्विक स्तर पर रेबीज से प्रतिवर्ष लगभग 59 000 मृत्यु हो रही है, जबकि बहुत सारे ऐसे भी मामले होते



हैं जिन्हें रिपोर्ट नहीं किया जाता ।

अगर कुत्ता चाट ले या काट ले तो तुरंत बहते पानी में 15 मिनट तक साबुन के साथ सफाई करें और चिकित्सालय में तत्काल जाएं। फार्मासिस्ट फेडरेशन की ओर से अपने फार्मासिस्टों के साथ आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार ट्रेनिंग प्रोग्राम और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से लगातार इस घातक रोग से होने वाले मृत्यु को बचाने के लिए कार्य किया जा रहा है जानवरों के वैक्सीनेशन, जागरूकता फैलाने, चिकित्सा कर्मियों को शिक्षित करने का कार्य राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से चिकित्सालय में वैक्सीन की पूरी उपलब्धता रखी गई है। इसी क्रम में रविवार को एक गोष्ठी को संबोधित करते हुए ये बातें फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताई। उन्होंने कहा कि काटे चाटे कुत्ते के दुहु भांति विपरीत यह लाइन बिल्कुल सत्य है परंतु कुत्ते के काटने से डर नहीं लगता साहब, डर लगता है इंजेक्शन लगवाने से', ये बात आपने जरूर सुना होगा, यह बिल्कुल ही सत्य नहीं है। पहली बात तो यह है कि अब कुत्ते का इंजेक्शन पेट में नहीं लगता, जिससे लोग डरते थे अब कुत्ते के काटने के बाद जो वैक्सीन लगती है वह वैक्सीन चमड़े के ठीक नीचे और बहुत कम मात्रा में हाथों में लगाई जाती है, अतः अब इसमें डरने की कोई आवश्यकता नहीं रही। रेबीज होने के बाद इसमें मृत्यु की संभावना शत प्रतिशत तक है वहीं समय पर वैक्सीन लेने से इससे बचा जा सकता है। यादव ने बताया कि रेबीज एक टीका-निवारणीय, जूनोटिक, वायरल रोग है जो केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है। इसका वैक्सीन और इम्यूनोग्लोबुलीन उपलब्ध है और ज्यादातर सरकारी चिकित्सालयों में निशुल्क लगाया जाता है। कुल मानव मामलों में से लगभग 20% मामलों में इस प्रकार का रेबीज होता है। रेबीज का यह रूप उग्र रूप की तुलना में कम नाटकीय और आमतौर पर लंबे समय तक चलता है। घाव वाली जगह से शुरू होकर मांसपेशियां धीरे-धीरे लकवाग्रस्त हो जाती हैं। धीरे-धीरे कोमा विकसित होता है और अंततः मृत्यु हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि अगर एक बार केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सेंट्रल नर्वस सिस्टम) में वायरस का संक्रमण हो गया तो यह शत प्रतिशत मौत का कारक हो सकती है। इसे सेंट्रल नर्वस सिस्टम तक जाने से रोका जा सकता है अर्थात मृत्यु को रोका जा सकता है। घाव को 15 मिनट तक बहते पानी से डिटेरजेंट द्वारा धुलना, गाइडलाइन में दिए गए समय के अनुसार वैक्सीन का लगाया जाना और यदि जरूरत हो तो इम्यूनोग्लोबिन का लगाया जाना पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलेक्सिस में सम्मिलित है।

### क्या करें जब कुत्ता या जानवर काट ले ?

तुरंत बाद जल्द से जल्द घाव को किसी भी डिटर्जेंट के साथ लगभग 15 मिनट तक बहते पानी में धुलते रहे जिससे ज्यादा से ज्यादा लार को हटाया जा सके। नजदीकी चिकित्सालय से संपर्क करें। घाव पर मिर्च या अन्य कुछ भी ना लगाएं। कोई पट्टी ना बांधे।

- फेडरेशन ने अपील की है कि इस बीमारी से खुद को बचाना और दूसरे को बचाना यह हमारी और आपकी सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है इसलिए यदि आप कुत्ता पालते हैं तो उन्हें टीके अवश्य लगाएं, बच्चों को खास तौर पर जानवरों से दूर रखें तथा जानवरों के काटने के उपरांत तत्काल नजदीकी चिकित्सालय के विशेषज्ञ/ फार्मेसिस्ट से राय लें। फेडरेशन के सलाहकार प्रोफेसर डॉ प्रकाश वी दीवान, वैज्ञानिक विंग के चेयरमैन डॉ हरलोकेश नारायण, प्रो मनोज यादव, डॉ विष्णु, डॉ इरफान अजीज आदि ने भी जनता से जागरूक रहने की अपील की है।

### पहले घाव को 15 मिनट तक साबुन से बहते पानी में धुलना आवश्यक

**लखनऊ।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय में रविवार को विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर रेबीज जागरूकता सप्ताह के प्रथम दिन चिकित्सालय में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। चिकित्सालय में आए हुए मरीजो के परिजनों को रेबीज से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। चिकित्सालय की निदेशक डॉ कजली गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश श्रीवास्तव एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ एस आर सिंह के निर्देशन में जागरूकता डेस्क स्थापित किया गया है। घाव को धोने और टीकाकरण के महत्व के संबंध में अवगत कराते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि कभी भी कुत्ता, बिल्ली आदि जानवरों के काटने पर सबसे पहले घाव को 15 मिनट तक साबुन से बहते पानी में घुलना आवश्यक है और उसके बाद चिकित्सक से संपर्क कर टीकाकरण अनिवार्य है। इससे जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि चिकित्सालय में निःशुल्क रेबीज वैक्सीन हमेशा उपलब्ध है। सिविल अस्पताल मरीजों के लिए हमेशा, हरपल तैयार है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# इन्वेस्ट के नाम पर महिला एफबी फ्रेंड ने हड़पे 18 लाख




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पीजीआई इलाके में एक व्यक्ति की महिला फेसबुक फ्रेंड ने ट्रेडिंग कंपनी में पैसा इन्वेस्ट के नाम पर भाई के साथ मिलकर 18 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी का शिकार होने की जानकारी पर पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीजीआई निवासी आशीष कुमार के मुताबिक फ्रेसबुक के जरिए उनकी दोस्ती दिव्यांशी बंसल से दोस्ती हुई थी। दोस्ती के बाद दोनों में बातचीत शुरू हुई। बात-बातों में दिव्यांशी ने आशीष को पैसा इन्वेस्ट करने की सलाह दी। आशीष ने हामी भरी तो दिव्यांशी ने अपने भाई से बात कराई। उसने अपनी ट्रेडिंग कंपनी का एप भेजा। जिसके जरिए आशीष ने इन्वेस्ट किया। आशीष के मुताबिक कई बार में उन्होंने 18 लाख रुपये इन्वेस्ट किए, लेकिन सारा पैसा हड़प लिया गया। बताया कि इस दौरान दिव्यांशी ने अपने भाई के अलावा एक अन्य व्यक्ति से भी संपर्क कराया था। जो खुद को लंदन का बता रहा था। पैसा गंवाने के बाद आशीष ने पुलिस उपायुक्त अपराध से शिकायत की। उसके बाद साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

**प्लाट के नाम पर 6.50 लाख रुपये हड़पे, मुकदमा दर्ज:** प्लाट दिलाने के नाम पर एक रियल एस्टेट कंपनी डारेक्टर ने कुछ लोगों के साथ मिलकर एक नौसेना के रिटायर्ड कर्मी से 6.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो उसे दफ्तर से धक्के मार भगा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकीपुरम के सेक्टर एच निवासी रिटायर्ड नौसेना कर्मी गणेशचंद्र गुप्ता के मुताबिक गोमतीनगर के वास्तुखंड स्थित आर्चिड वैली बसुंधरा लोटस इन्फ्राटेक कंपनी के डारेक्टर सुधीर सिंह व एजेंट अर्जुन गुप्ता से उनकी एक प्लाट खरीदने को लेकर बात हुई थी। उन्होंने साल 2014 में गोसाईगंज सुल्तानपुर रोड पर स्थित इनकी साइट में प्लाट बुक किया था। प्लाट के लिए उन्होंने कई बार में 6.50 लाख रुपये दिए थे। एलाटमेंट में दस्तावेज दिए, लेकिन कब्जा नहीं दिया। जब कहा गया तो टालमटोल की। जानकारी करने पर पता चला कि इन लोगों की कंपनी फर्जी है और इनके पास कोई साइट नहीं है। इसपर उन्होंने रुपये वापस करने का दबाव बनाया। कंपनी के दफ्तर गए तो उन्हें धक्के मार कर भगा दिया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

**टेलीग्राम पर टॉस्क देकर 5.61 लाख ठगे:** टेलीग्राम सोशल साइट पर टॉस देकर साइबर जालसाज ने एक युवक से 5.61 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित ने साइबर थाने में मुकदमा पंजीकृत करा दिया है। काकोरी के दुबग्गा स्थित अम्रपाली योजना निवासी प्रशांत कुमार के मुताबिक पैक्सफुल सिस्टम मैचिंग टास्क से टेलीग्राम पर संपर्क हुआ। उसमें उन्हें काम का टॉस दिया गया और उसके बदले पैसे देने की बात कही गई थी। टेलीग्राम पर पांच लोगों का ग्रुप बना कर उन्हें जोड़ा गया। उसके प्रशांत ने भेजे गए प्लान के टॉस्क को पूरा किया। लेकिन जब उन्होंने विड्राल करने की रिक्वेस्ट दी तो उन्हें दूसरा टास्क दे दिया गया। उसको पूरा करने के बाद भी पैसा नहीं मिला तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। आरोप है कि उनके 5.61 लाख रुपये हड़प लिए गए। यह पैसा कई खातों में भेजा गया। उन्होंने साइबर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सात लोगों के खातों से जालसाजों ने उड़ाये 10 लाख रुपये

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर ठगों ने दो महिलाओं सहित सात लोगों को अपना शिकार बनाकर करीब 10 लाख रुपये की ठगी कर ली। जालसाजों ने बैंक प्रतिनिधि, इंश्योरेंसकर्मी, किराएदार व पार्ट टाइम जॉब के नाम पर घटनाएं की हैं। यह मामले बीबीडी, कृष्णानगर, गोमतीनगर, इंदिरानगर, सरोजनीनगर, मदेयगंज, नगराम थाना क्षेत्र में हुई हैं। पुलिस ने इन मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बीबीडी इलाके में लौलाई के हासेमऊ स्थित शैलेंद्र कुमार सिंह का खाता पीएनबी में है। कुछ दिन पहले उनके पास एक कॉल आयी। फोनकर्ता ने पीएनबी प्रतिनिधि बनकर बात करते हुए परेशानी पूछी। पीड़ित ने कहा कि उनका एप नहीं खुल रहा है। मदद करने का झांसा देकर जालसाज ने कार्ड संबंधी जानकारी की। उसके बाद खाते से 5 लाख रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने बीबीडी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। वहीं, कृष्णानगर के कृष्णापल्ली निवासी हरिवंशलाल ने बताया कि साइबर जालसाज ने भारतीय एक्सला इंश्योरेंस कंपनी की पॉलिसी जमा कराने के नाम पर कॉल कर फंसाया। उसके बाद खाते से 58,900 रुपये ऐंठ लिए। उधर, नगराम के ग्राम केवली निवासी सुधांशु कुमार रावत ने बताया कि उनके पास एक कॉल आयी। जालसाज ने एचडीएफसी कर्मी बनकर कार्ड की जानकारी ली। उसके बाद खाते से 1.65 लाख रुपये गायब कर दिए। डालीगंज क्रॉसिंग निवासी जिलफ फातिमा के मुताबिक उनका मकान किराए पर लेने के नाम पर बलविंदर सिंह नाम के व्यक्ति ने ऑनलाइन संपर्क कर खुद को सेना में अफसर बताया और 45 हजार रुपये की ठगी कर ली। घटना को लेकर उन्होंने मदेयगंज थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर निवासी अमृतेश कुमार के मुताबिक कुछ दिन पहले टेलीग्राम के माध्यम से उन्हें पार्ट टाइम जॉब का झांसा दिया गया। उसके बाद जालसाज ने प्रीपेड टॉस्क के नाम पर 1,35,800 रुपये ऐंठ लिए। उधर, इंदिरानगर सेक्टर-13 निवासी जरीना अंसारी ने बताया कि डॉक्टर के अपाइंटमेंट के लिए गूगल से नंबर निकाला। कॉल की तो जालसाज ने बातों में फंसाकर 90 हजार रुपये पार कर दिए। इसी तरह तकरोही निवासी महेश पाठक से व्हाट्सऐप के जरिए डॉक्टर का अपॉइंटमेंट देने के नाम पर 5 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली गई। महेश ने गोमतीनगर थाने में केस दर्ज कराया है।

# नौवीं मंजिल से कूदकर बीएससी छात्र ने दी जान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित ओमेक्स वॉटर स्काइप टॉवर तीन की नौवीं मंजिल से कूदकर बीएससी छात्र ने जान दे दी। वह मानसिक रूप से बीमार था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक अनिल गुप्ता ओमेक्स वॉटर स्काइप अपार्टमेंट के टावर तीन की नौवीं मंजिल पर परिवार के साथ रहते हैं। बेटा अनुराग गुप्ता (28) बीएससी एजी का छात्र था। काफी समय से वाराणसी के एक अस्पताल से उसका इलाज चल रहा था। रविवार सुबह परिवार वाले किसी काम से बाहर गए थे। सुबह आठ बजे अनुराग ने फ्लैट की बालकनी से छलांग लगा दी। यह देख अफरा-तफरी मच गई। सिक्योरिटी गार्ड ने पुलिस और घरवालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी अनुराग को आनन-फानन में एपेक्स ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई हैं। फुटेज में अनुराग बालकनी से कूदता नजर आया है। आशंका है कि बीमारी के चलते अनुराग ने यह कदम उठाया है। परिवार वालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**गाली गलौज कर घर के बाहर मारपीट पर मुकदमा दर्ज:** बन्थरा थाना क्षेत्र के अर्न्तगत नानमऊ बन्थरा निवासी ममतेश का पुत्र पंकज गांव मेंही मेहनत मजदूरी करके परिवार के जीविकोपार्जन करता है। शनिवार को ममतेश गांव के ही विशाल, अविनाश, सुरेश एवं हीरा से जब मेहनत से किये गये कार्य की मजदूरी माँगा तो वह लोग आगबबूला होकर रात्रि करीब 9.30 बजे एकराय बनाकर लाठी डण्डा लेकर घर के दरवाजे पर आकर गालियाँ देते हुए पंकज को पकड़कर मारपीट करने पर, उसकी चिल्लाहट सुनकर पीड़िता के पति पुत्र को जब बचाने आये तो उन लोगों ने पीड़िता व पति रामदास के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए वापस चले गये। पीड़िता ने विपक्षियों के प्रति तहरीर मुकदमा पंजीकृत कराया।

**विवाहिता से छेड़खानी, विरोध पर आरोपियों ने पीटा:** अपनी दुकान पर बैठी महिला से दो युवकों ने छेड़खानी की और विरोध करने पर दुकान से कोलड्रिंक उठा ले गए। पीड़िता ने विरोध किया तो उसकी डंडे से पिटाई कर परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे की तलाश की जा रही है। एक गांव की विवाहिता शुक्रवार रात नौ बजे दुकान पर बैठी थी, तभी गांव के ही शाबान और अनीश वहां पहुंचे।

## विवाहिता ने देवर, सास और नंद पर लगाया घरेलू हिंसा का आरोप, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने अपने देवर सास नंद पर घरेलू हिंसा का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आजाद नगर निवासिनी सलोनी पाण्डेय पत्नी विजय कुमार के अनुसार वह उक्त मकान में अपनी सास किशना देवी देवर राजेन्द्र सैनी व नन्द संगीता सैनी के साथ रहती है। आरोप है कि बीते 26 सितम्बर की रात्रि करीब ग्यारह बजे उसे उपरोक्त लोग गाली गलौज करते हुए उसे जान से मार देने की धमकी देने लगे और उसके पति विजय द्वारा विरोध करने पर देवर राजेन्द्र सैनी ने उसके पति संग मारपीट शुरू कर दिया। वही पीड़िता का कहना था कि बीच-बचाव करने के दौरान देवर राजेन्द्र ने उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा तो जेठ अजय व पति विजय ने उसे देवर राजेन्द्र सैनी से बचाया। जिसके पश्चात उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में आरोपित देवर सहित सास नंद के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## मोबाइल लेकर भागने पर राहगीरों ने धर दबोचा

लखनऊ। बेरोजगारी के जंजाल में फंसे नवयुवक बाल अपचारियों के मन में अपराध की ओर अपना ध्यान लगा रहे हैं। जहाँ पढ़ाई लिखाई की उम्र होती है और मां बाप अपने बेटे की तरक्की व उच्च शिक्षा प्रदान कराने मे अपना सर्वस्व निछावर कर देते हैं। वहीं पर हीन भावना से ग्रसित होकर नाबालिग युवक पथ भ्रष्ट होकर गलत कार्यो में पड़कर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। हीरालाल नगर, सरोजनी नगर निवासी पूनम सिंह अपनी बेटी के साथ हाऊसिंग सोसाइटी में बने गुरुद्वारा के पास से टहलते हुए सांय काली 8.30 बजे अपने घर वापस जा ही रहीं थीं कि अचानक पीछे से बाल अपचारी युवकों ने हाथ से ओप्पों का मोबाईल छीनकर गुरु द्वारे की ओर भाग ही रहे थे। तभी बेटी के चिल्लाने पर राहगीरों ने दौड़ाकर उनके कब्जे से मोबाईल छीन कर ले लिया। मोबाईल लेकर भागते हुए पकड़े गये युवकों की उम्र 16-18 के मध्य, सूरज भारती, हाईडिल चौराहा, सचिन कुमार रामचौरा बन्थरा एवं सावन हाईडिल सरोजनीनगर बताया। राहगीरों की मदद से तीनों बाल अपचारियों को पकड़कर थाना सरोजनीनगर ले जाकर तहरीर दी गयी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए बाल संरक्षण गृह भेज दिया गया।

## पत्नी ने नशेड़ी पति पर लगाया मारपीट धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने अपने नशेड़ी पति पर गाली गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित स्लीपर ग्राऊड निवासी पूनम सिंह पत्नी अमन सिंह के अनुसार उसका विवाह बीते वर्ष 2014 में अमन सिंह पुत्र स्व० धर्मेंद्र बहादुर सिंह निवासी ग्राम हरिभानपुर थाना फूलपुर जिला प्रयागराज निवासी के साथ हुआ था। आरोप है कि पति नशे के आदी हैं और शादी के बाद से ही उसके साथ गाली गलौज मारपीट करता रहता है। शनिवार 27 सितम्बर की सुबह करीब आठ बजे पति अमन ने उसके संग गाली गलौज मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दे फरार हो गया। जिसके चलते उसने पति के खिलाफ स्थानीय मानक नगर थाने में नामजद शिकायत करने के साथ बिना मेडियेशन सेन्टर भजे मुकदमा दर्ज करने की पुलिस से गुजारिश की है। पुलिस के अनुसार पीडित विवाहिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्लॉटिंग के लिए रास्ता बनाने पर नगर पंचायत ने लगायी रोक

लखनऊ। लखनऊ की नगर पंचायत बंथरा के अर्न्तगत रामचौरा में चारागाह की जमीन पर प्रॉपर्टी डीलर द्वारा बनाए जा रहे रास्ते को नगर पंचायत कर्मियों ने रोक लगा दिया है। नगर पंचायत को जानकारी प्राप्त हुई कि बंथरा के गांव रामचौरा में भूमि गाटा सं०-175 रकबा 1.1380 हे० भूमि जो राजस्व अभिलेखों में चारागाह के रूप मेंअंकित है। उक्त चारागाह की भूमि पर प्रापर्टी डीलर द्वारा रास्ता बनाकर प्लॉटिंग तक पहुँचने की कोशिश की जा रही है। ग्रामवासियों के प्रबल विरोध करने के बाद नगर पंचायत बंथरा के प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए जेसीबी से उक्त रास्ते को तत्काल बंद करा दिया। अंकित सविता का कहना है कि जब तक भूमि की विधिवत नपाई नहीं हो जाती, तब तक इस पर किसी भी प्रकार का निर्माण या कार्य नहीं किया जाएगा। वहीं प्रॉपर्टी डीलर का कहना था कि वह इस पर अपनी रेडीमेड बाउंड्री बनाकर बंद कर देंगे, लेकिन अंकित सविता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना नपाई के कोई भी निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेगा।

**कम्पोजिट विद्यालय सिपाह, नगर क्षेत्र जौनपुर**

दिनांक : 24/09/2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी जौनपुर के अनुमोदनीपरांत, नगर क्षेत्र कम्पोजिट विद्यालय सिपाह जौनपुर के परिसर में स्थित जर्जर भवन के नीलामी का कार्य विद्यालय के परिसर में खुली बैठक कराकर किया जाना है। नीलामी लेने के इच्छुक व्यक्ति बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें। जर्जर भवन का स्क्रैप मूल्य रुपए 86000/- है।

| विद्यालय का नाम | खुली बैठक का दिनांक |
|---|---|
| कम्पोजिट विद्यालय सिपाह | 27/09/2025 समय 10.00 बजे |

नीलामी प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर रोकने का अधिकार विद्यालय प्रबन्ध समिति के पास सुरक्षित है।

वीरेंद्र मौर्या (अध्यक्ष) विद्यालय प्रबन्ध समितिए कम्पोजिट. वि. सिपाह नगर क्षेत्र जौनपुर

उत्तम नागर (सचिव) (प्रधानाध्यापक) कम्पोजिट विद्यालय सिपाह नगर क्षेत्र जौनपुर

## पासी देश के लिए सबसे ज्यादा लड़ाकू कौम : डॉ. दिनेश शर्मा

**लखनऊ।** रविवार को मलिहाबाद के कसमंडी कला में आयोजित महाराजा कंसा पासी महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने कहा कि पासी समाज देश के लिए सबसे ज्यादा लड़ाकू कौम है। उन्होंने कहा कि पासी समाज ने हिन्दू धर्म की रक्षा की और कभी धर्म परिवर्तन नहीं किया। 1871 में अंग्रेजों ने पासी समाज को खानाबदोश समाज घोषित कर कई लोगों को फांसी पर लटका दिया, गोली मार दी तथा जेल में डालकर पासी समाज की ताकत को कम करने का काम किया। अंग्रेज हमेशा पासी समाज से डरते थे। महाराजा कंसा पासी 9वीं सदी से लेकर 12वीं सदी तक राज रहा। महाराजा कंसा पासी के दो पुत्र मल्हीय व सल्हीय थे। इन्हीं दोनों के नाम पर मलिहाबाद व संडीला रखा गया है। जो काफी ताकतवर थे। यही नहीं पासी समाज की महिलाएं भी पुरुषों से कम नहीं थी। वीरांगना उदादेवी पासी ने महिलाओं की फौज तैयार कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने का लखनऊ में काम किया था। ग्राम कटौली में हुए युद्ध में महाराजा कंसा पासी युद्ध लड़ते लड़ते शहीद हो गए थे। कंसा पासी के पास टकसाल मशीन थी जिससे सिक्के व नोट ग्राम केवलहार में छापे जाते थे। यहां 14वीं सदी में पठान आए थे। उन्होंने लोगो से अपील की कि ताश की गड्डी की तरह जाति जाति नहीं करनी है। हम सबको एकजुट होकर काम करना है। पहलगाम हमले ने आतंकियों ने धर्म पूछकर मारा था। उन्होंने लोगो में हुंकार भरते हुए कहा कि इतिहास नहीं दबेगा, महाराजा कंसा पासी की मूर्ति जमीन की पैमाईश कराकर प्रशासन की अनुमति से वही पर लगेगी।

## डीसीएम अनियंत्रित होकर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में घुसी, चालक की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में शनिवार की रात चालक के झपकी आने से उसकी डीसीएम अनियंत्रित हो ग?ई और निमार्णाधीन ओवरब्रिज के खंभे में घुस गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कानपुर देहात के गजनेर थाना भवानीपुर निवासी चालक मोहम्मद इरफान (23) शनिवार की रात डीसीएम संख्या यूपी 78 जीटी 6437 लेकर लखनऊ से कानपुर की ओर जा रहा था। इसी बीच बंथरा थाने से करीब दो सौ मीटर पहले एनबीआर ?आई के पास उसे झपकी लगी जिससे उसकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और निर्माणधीन ओवरब्रिज के पिलर संख्या 57 में घुस गई। हादसे में डीसीएम का अगला हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक इरफान उसी में फंस गया। पेट्रोलिंग कर रही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो चालक को बाहर निकालकर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम का पिछला हिस्सा सड़क पर होने के चलते लखनऊ से कानपुर वाले छोर पर यातायात बाधित होने से कुछ देर के लिए जाम की स्थिति भी रही। पुलिस ने क्रेन की मदद से सड़क पर मौजूद डीसीएम के हिस्से को डिवाइडर पर कराया तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

## चोरी की दो बुलेट बाइक सहित उपकरण बरामद

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर रतन खंड से एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार करने के साथ उसकी निशानदेही पर चोरी की दो बुलेट मोटरसाइकिल सहित एक बाइक बरामद करने के साथ बाइक का लाक तोड़ने का उपकरण बरामद किया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए शातिर वाहन चोर ने अपना परिचय अंकित कुमार पुत्र स्व हरपाल ग्राम मन्नुबास थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार उत्तराखंड निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्त में आया शातिर पेशेवर अपराधी है जिसके खिलाफ स्थानीय आशियाना थाना सहित कृष्णा नगर और मानक नगर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज है। जो एक औजार के माध्यम से एक ही झटके में बुलेट के लॉक तोड़ देता था और फिर गाड़ी का नंबर प्लेट बदल या फिर नंबर प्लेट हटा दूसरे जनपदों में ठिकाने लगा देता थे। शातिर भीड़ भाड़ वाले स्थल, मॉल अस्पताल रिहायशी क्षेत्रों में खड़ी गाड़ियों को चोरी की घटना को अंजाम देता था और अकेले ही घटना करित करता था। थाना क्षेत्र में लगातार तीन वाहन चोरी हुए जिनका मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर शातिर वाहन चोरों की तलाश की जा रही थी। आरोपित को चोरी के वाहन बरामदगी के आधार पर थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

# महिला अपराध से संबंधित अभियुक्तों को दिलायी गयी शपथ

- **बागपत पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत अभियुक्तों को जागरूक करते हुए अपराध नहीं करने के लिए किया जागरूक**




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ/बागपत।** बागपत पुलिस ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत एक अनोखी पहल की। इसमें बागपत में विगत 10 वर्षों में जेल से रिहा हुए दुष्कर्म व छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों के अभियुक्तों को थाने बुलाकर महिला सम्बन्धित अपराध न करने की शपथ दिलाई गयी। इस अभियान की लोगों भूरि-भूरि प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। इसके तहत पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा के द्वारा प्रदेश भर में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बच्चियों व बालिकाओं के विरूद्ध अपराधों में संलिप्त अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी, गुमशुदा, भटके हुए बच्चों, बालिकाओं, महिलाओं की बरामदगी एवं ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत प्रभावी पैरवी करते हुए शीघ्रातिशीघ्र कठोर सजा दिलाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

इसके अनुपालन में बागपत पुलिस द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सुरक्षा एवं सम्मान को देखते हुए विशेष अभियान चलाकर जिले के समस्त थानों पर विगत 10 वर्षों में जेल से रिहा हुए दुष्कर्म व छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराधों के कुल 1199 अभियुक्तों को थाने पर बुलाकर मिशन शक्ति टीमों द्वारा जागरूक करते हुए अपराध नहीं करने एवं महिलाओं के प्रति सम्मानजनक एवं सभ्य व्यवहार करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों द्वारा महिला सुरक्षा से सम्बन्धित प्रावधानों एवं कानूनों की जानकारी भी दी गई तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सभी को प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत रविवार को बागपत में गत 10 वर्षों में जेल से छुटे हुए दुष्कर्म व छेड़खानी एवं अन्य महिला सम्बन्धी अपराध के कुल 1199 अभियुक्तों को थाने बुलाकर भविष्य में किसी भी प्रकार की महिला सम्बन्धित अपराध न करने एवं महिलाओं का सम्मान करने की शपथ दिलाई गयी

## डांडिया उत्सव में नृत्य की मोहक छटा बिखरी



लखनऊ। लोबान, गूगुल और धूप की पवित्र धुनी से परिपूर्ण परिवेश में जब छात्र-छात्राओं ने हाथों में रंग-बिरंगी काष्ठ की छड़ ले ढोली तारों ढोल बाजे ढोल बाजे पर डांडिया नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी तो उपस्थित जनसमुदाय भी थिरक उठा। यह खूबसूरत अवसर था आज शाम सरोजनी नगर गौरी रोड लखनऊ स्थित गौतम बुद्ध शिक्षण संस्थान में आयोजित डांडिया नृत्य उत्सव का। इसके पूर्व डांडिया नृत्य उत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सोमिल कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि लोकेश गुप्ता अध्यक्ष यूपी एजुकेशनल मिनिस्ट्रीयल ऑफिसर्स एसोसिएशन और मानव अधिकार ट्रस्ट की चेयरमैन मधु यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर मां दुर्गा और सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम का श्री गणेश प्रधानाचार्य पिंकी शुक्ला ने गाइये गणपति जग बंदन और दुर्गा स्तुति से किया। भक्ति संगीत से सजे कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उड़ी उड़ी जाए, राधा कैसे न जले और गरबे वाली रात जैसे अन्य गीतों पर देर शाम तक डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. अमित श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## राम जन्म से भक्तिमय हुआ माहौल

लखनऊ। प्रगति महोत्सव के अंतर्गत जारी श्रीराम कथा महोत्सव के पंचम




दिवस पर पूरा कथा स्थल भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर रहा। भगवान श्रीराम के प्राकट्य प्रसंग पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे और भजनों की रसधारा ने वातावरण को और अधिक दिव्य बना दिया। व्यासपीठ से श्रीधाम अयोध्या से पधारे पूज्यपाद स्वामी प्रद्युम्न प्रियाचार्य जी महाराज ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पाप से बोझिल होती है, तब-तब भगवान भक्तों की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। स्वामी जी ने श्रद्धालुओं को भगवान की बाल लीलाएँ, ताड़का वध और जनकपुर गमन की भावपूर्ण कथा सुनाई, जिसे भक्तों ने बड़े उत्साह और भक्ति भाव से सुना। उन्होंने बताया कि आगामी दिवस पर धनुष यज्ञ और सीता-राम विवाह की पावन कथा विस्तार से प्रस्तुत की जाएगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष एन. बी. सिंह, प्रियापाल सहित अनेक श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कथा रसपान किया। कथा स्थल भक्तों की उमंग और उल्लास से गूंज उठा।

## रिकॉर्ड दर्शकों और पुस्तक विक्रय के साथ गोमती पुस्तक महोत्सव संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के विशाल प्रांगण में 20 सितंबर से जारी चतुर्थ गोमती पुस्तक महोत्सव का 28 सितंबर को भव्य समापन हुआ। इन नौ दिनों में साढ़े तीन लाख से ज्यादा दर्शकों-पुस्तक एवं साहित्य प्रेमियों ने महोत्सव का रुख किया। ढाई सौ से ज्यादा बुक स्टॉलों पर लाखों की संख्या में पुस्तकें रखी गईं थीं। जिन्हें पुस्तक प्रेमियों ने पूरे उत्साह के साथ खरीदा। इसमें शामिल वक्ताओं, लेखकों और दर्शकों की उपस्थिति ने यह साबित कर दिया कि यह आयोजन अब लखनऊ के सांस्कृतिक और साहित्यिक परिदृश्य का एक अहम हिस्सा बन चुका है। जिसमें बच्चे, युवा और वरिष्ठ सभी शामिल रहे। इस वर्ष पुस्तक मेले में 225 से अधिक बुक स्टॉल लगाए गए, जो कि पिछले वर्ष के 175 स्टॉल की तुलना में एक बड़ी वृद्धि है। इस बार पुस्तकों की बिक्री में भी 30% से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस पूरे आयोजन के दौरान साढ़े तीन लाख से अधिक दर्शक आए। 100 से अधिक साहित्यिक, सांस्कृतिक और बाल आयोजनों में 200 से अधिक लेखकों, कलाकारों और बाल साहित्य विशेषज्ञों की भागीदारी देखी गई, जो लखनऊ में इस महोत्सव के साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रभाव को रेखांकित करता है। इस नौ दिवसीय आयोजन के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री के नॉलेज सोसायटी की परिकल्पना और मेक इंडिया रीडह्व के मिशन को साकार करने की दिशा में ठोस प्रयास किया गया।

**क्रिएटिविटी, सस्टेनेबिलिटी और संगीत के साथ भव्य समापन:** गोमती पुस्तक महोत्सव के अंतिम दिन की शुरूआत बाल मंडप से हुई, जहां कहानियों, रंगों, प्रश्नोत्तरी और मुस्कानों से माहौल और भी खुशनुमा हो गया। प्रख्यात लेखिका नीलम राकेश ने बच्चों के साथ एक जीवंत कहानी सत्र आयोजित किया। इसके बाद विवेक कुमार ने एक रोचक प्रश्नोत्तरी का संचालन किया, जिसमें विजेता टीम को नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तकें प्रदान की गईं। श्री विवेक कुमार ने बच्चों को राष्ट्रीय ई ?पुस्तकालय से भी परिचित कराया। अंतिम सत्र में आयोजित बुक कवर डिजाइन वर्कशॉप में बच्चों ने एनबीटी, इंडिया की तीन चुनिंदा किशोर पुस्तकों के कवर को अपनी कल्पना से फिर से डिजाइन किया, जिसमें 10 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। जबकि लेखकगंज में सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल प्रैक्टिस पर चर्चा हुई। जिसमें के. गणेश (डायरेक्टर, सस्टेनेबिलिटी एंड कॉर्पोरेट अफेयर्स, बिसलेरी), जानकी शाह (प्रोग्राम डायरेक्टर, सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन ने हिस्सा लिया एनबीटी की ओर से शोभा कपूर ने इस बातचीत का समन्वयन किया। इस परिचर्चा में सिंगल ?यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने, विवेकपूर्ण तरीके से निस्तारण, रीसायक्लिंग और बच्चों में सतत जीवनशैली की शिक्षा देने जैसे विषयों पर गंभीर संवाद हुआ।

**पराशर बैंड की ऊर्जा से सजी समापन समारोह की शाम :** फेस्टिवल का अंतिम अध्याय रहा एक संगीतमय संध्या, जहाँ ₹पाराशर बैंडर₹ ने अपनी ऊजार्वान प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी लय, आवाज और मंच पर उपस्थिति ने सभी को तालियाँ बजाने, झूमने और साथ गुनगुनाने पर मजबूर कर दिया। वास्तव में, यह एक सांस्कृतिक उत्सव का जीवंत समापन रहा।

**साहित्यिक महाकुंभ की कभी न भूलने वाली यादों के साथ विदाई:** चतुर्थ गोमती पुस्तक महोत्सव 2025, लखनऊ के लिए एक ऐसी याद बनकर जा रहा है, जहाँ, सुबहें बच्चों की हँसी और रचनात्मकता से भरपूर थीं, दोपहरें पुस्तक विमोचन और लेखकों के संवाद और विमर्श की ऊष्मा से भरपूर रहीं जबकि शामें संगीत, नृत्य और कव्वालियों से सराबोर थीं। लखनऊवासियों के प्रेम और सहभागिता ने इस आयोजन को कामयाब बना दिया। नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया इस बेशुमार प्यार और सहयोग के लिए लखनऊ के सभी नागरिकों का हृदय से धन्यवाद करता है। साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय का विशेष आभार जिसने इस ऐतिहासिक परिसर में इस महोत्सव की मेजबानी की।




दुर्गा पूजा पंडाल में मां भवानी की आराधना करते श्रद्धालु



दुर्गा मां की आरती करती महिला



रंगबिरंगी लाइट से जगमगा रहे दुर्गा पूजा पंडाल

फोटो-अमित वर्मा

# मां दुर्गा के जयघोष से गूंजे शहर के पूजा पंडाल, उमड़े भक्त





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाते दुर्गा पूजा पांडाल धूप व लोभान की खुशबू से महक रहे हैं। रविवार ढाकियों की थाप से देर रात तक गूंजते पंडालों में महाषष्ठी के साथ ही मां का पूजन शुरू हुआ। भोर में बंगाली क्लब में श्रद्धालुओं का घंटे भर तक चला चंडी पाठ, शाम को लोबान से महकती धुनुचि पर भक्त झूमे तो ढाक की गूंज ने अपने घर आई मां का नाद किया। पांडालों में कोलकाता से आए ढाकियों की ढाक पंडालों के बाहर रोड तक गूंजी तो बांग्लाभाषी को मां पूजने शाम को उमड़े। ढाक-धुनुचि संग दुर्गा पूजा पंडालों में बंगाल सा नजारा देखने को मिला।

शहर के 100 से अधिक पांडालों में मां शनिवार को पंचमी पर ही विराज चुकी थीं, लेकिन रविवार से महाषष्ठी के पूजन शुरू हुए। पश्चिम बंगाल से ढाक बजाने आए ढाकियों की थाप पर दुर्गा पूजा की खुमारी में देर रात तक भक्तों ने थिरक कर मां की आराधना की। मॉडल हाउस, लाटूश रोड, हीवेट रोड, गोमतीनगर, भूतनाथ, इंदिरानगर, चारबाग, आलमबाग और आशियाना कैसरबाग के तमाम दुर्गा पूजा पांडालों के आसपास का इलाका धुनुचि की लोबान की महक से गमक उठा। शाम को संध्यारति के बाद भक्तिगीत के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भक्त जुटे। इस सबके बीच भक्तों ने मां की लोबान से संध्यारति उतारी। षष्ठी को आह्वान के साथ ही सुबह से सजे-धजे दुर्गा पूजा पांडालों में मां का पूजन-अर्चन शुरू हुआ। पुरोहितों की मौजूदगी में आह्वान, अधिवास बोधन के बाद मां की आराधना हुई। शाम को पांडालों में मां को अस्त्र दिए गए।

**वैदिक मंत्रों के बीच पंडालों में घट पूजन:** पूजा पंडालों में रविवार को विधि-विधान के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरूआत हुई। जयघोष के साथ पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके पूर्व सुबह वैदिक मंत्रों के बीच पंडालों में घट पूजन किया गया।

षष्ठी पूजन के दौरान मंगलवार को पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। बंगाल क्लब पूजा पंडाल में चंडी पाठ भी किया गया। बारवारियों की ओर से परंपरागत रूप से षष्ठी बोधन आमंत्रण और अधिवास के बीच मां भगवती की उपासना शुरू हुई। बंगाली समाज की महिलाओं ने संतान की दीघार्यु के लिए व्रत भी रखा। कालीबाड़ी में सुबह से पूजन का सिलसिला शुरू हुआ तो देररात तक चलता रहा। भोर में मंगला आरती हुई उसके बाद पुष्पांजलि अर्पित की गई।

**परंपरागत बंगाली रूप में विराजी मां:** अपनी पूजा के 106वें साल पूरे कर रहा बंगाली क्लब में इस बार मां की साढ़े पांच हाथ की प्रतिमा को पारंपरिक बंगाली आसन 100 साल पुरानी लकड़ी पर विराजा गया है। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि अपने बेटों गणेश और कार्तिक के साथ मायके आई मां के पांडाल में लाइट के काम के अलावा हर दिन शाम 6 बजे से सांस्कृतिक आयोजन होंगे। रोज ढाक वादन होगा। इस बार की थीम पं. ईश्वरचंद्र विद्यासागर के जीवन और उनके सामाजिक कार्यों को लेकर है। उनके स्लोगन दर्शाये गए हैं।

**दुर्गा द्वात्रिश माला के नाम से गूंजा पंडाल:** लखनऊ डालीगंज स्थित श्री गणेश समिति के तत्वधान में 13वां श्री श्री दुर्गा पूजा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्री जय मां दुर्गा मंदिर ठठेरी बाजार में बड़ी धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है जिसमें मंगलवार शाम दुर्गा द्वात्रिंश माला का स्त्रोत का पाठ किया गया।

**मां के दर्शन के लिए भक्त दिखे आतुर:** इंदिरा नगर स्थित सेक्टर 12 पंडाल में शुद्धीकरण के बाद माता रानी के मुख मंडल से पर्दा हटाया गया। श्रद्धालु सुबह से भीड़ लगाए हुए थे। दर्शन होते ही भक्तों ने अगरबत्ती जलाकर माता से अपने दुखों को हरने की प्रार्थना किया।

**भव्य पंडाल बने आकर्षण का केंद्र:** राजधानी में सजे पंडाल की खूबसूरती देखते ही बन रही है। हर तरफ रंगबिरंगी रोशनी से सजे पंडाल भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

शहर में वृंदावन योजना के दुर्गा पूजा पांडालों के अलावा, कैसरबाग के सोनकर समाज के पूजा पंडाल समिति, विद्यांत डिग्री कालेज, लाटुश रोड दुर्गा पूजा समिति, पानदरीबा दुर्गा पूजा समिति, रवीन्द्रपल्ली दुर्गा पूजा समिति, कृष्णानगर में सैसोबीर मंदिर परिसर, शशिषण बालिका विद्यालय, विक्ट्री इलेवन पूजा समिति कैंट, स्लीपर ग्राउंड आलमबाग, आनंद नगर जेल रोड दुर्गा पूजा समिति, अमीनाबाद दुर्गा पूजा समिति, नवजाग्रति समिति तेलीबाग, साऊथ वेस्ट सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति, तालकटोरा सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति राजाजीपुरम, सर्वनगर चौक दुर्गा पूजा समिति, अग्रगामी पूजा समिति, कृष्णानगर सार्वजनिन दुगर पूजा समिति, मानव आदर्श सेवाग्राम दुर्गा पूजा कमेटी, सार्वजनिक दुगर पूजा समिति एल्डिको दो, गीतांजलि दुर्गा पूजा समिति, जैसे पंडालों में की खूबसूरती देखते ही बन रही है।

## शारदीय नवरात्र : मां कात्यायनी की भक्तों ने की पूजा-अर्चना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। रविवार को भोर से ही चौक के बड़ी काली जी मन्दिर, छोटी काली जी मन्दिर, बीकेटी के चन्द्रिका देवी मन्दिर समेत अन्य देवी मन्दिरों में भक्तों का तांता लगा रहा।

शास्त्रीनगर के दुर्गा मन्दिर में चल रहे नवरात्र उत्सव के छठे दिन मां का शृंगार खाने वाले सब्जी के मसालो से हुआ। करीब 10 किलों मसाला हल्दी, धनिया, मिर्चा, काली मिर्च, तेज पत्ता, जीरा, नमक, इलाइची, लौंग आदि के छोटे छोटे पैकट बनाकर कर मां का दरबार सजाया गया। मन्दिर के व्यवस्थापक तारा चन्द्र ने बताया कि कल फलो से शृंगार होगा रविवार को सब्जी से होगा। उन्होंने बताया कि मन्दिर में चढ़ने वाली सारी सामग्री नवमी के दिन मन्दिर मे भण्डारे में इस्तेमाल की जायेगी। घसियारीमंडी कैसरबाग स्थित सिद्धपीठ कालीबाड़ी मन्दिर में 20 कुंटल गेंदा, गुलाब के फूलों से सजाया गया। फूलों की खुशबू से मन्दिर परिसर महक रहा था। षष्ठी पर बंगाली परिवार की महिलाओं ने पुत्रों के सुखमय जीवन के लिए मैया के दरबार में पूजा अर्चना की। उत्सव के मौके पर परिवार के लोगों ने नये कपडे पहनकर उत्सव को हंसी खुशी से मनाया। पूजन के बाद मन्दिर में भक्तों को प्रसाद में मेवा और दालमोट बांटा गया। काली बाड़ी टेम्पल ट्रस्ट के अध्यक्ष गौतम भट्टाचार्या व वरिष्ठ सचिव डा. प्रभात कुमार मैती ने बताया कि रविवार को सप्तमी विहित पूजा प्रातः 9:27 बजे होगी। मायानगर डालीगंज में मां भगवती का जागरण का आयोजन किया गया। जगरण में पूरी रात मां का जगराता चला।

**51 शक्तिपीठ में मां का पीताम्बर शृंगार हुआ:** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ धाम में शारदीय नवरात्र उत्सव के छठवें दिन रविवार को मां कात्यायनी की आराधना भक्तों की। मंदिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि मां कात्यायनी के पिंडी पूजन का सौभाग्य मां के लाड़ले सेवादारों को प्राप्त हुआ। आज मां का पीताम्बर श्रृंगार हुआ।

## आज होगी मां कालरात्रि की पूजा



लखनऊ। मां दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन सहस्त्रार चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालात्रि को व्यापक रूप से माता देवी, काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। यह ध्यान रखना जरूरी है कि नाम काली और कालरात्रि का उपयोग एक दूसरे के परिपूरक है, हालांकि इन दो देवीओं को कुछ लोगों द्वारा अलग-अलग सत्ताओं के रूप में माना गया है। माना जाता है कि देवी के इस रूप में सभी राक्षस, भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है।

# सीता हरण, नासिका विच्छेदन और जटायु वध लीला ने किया भाव विभोर



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** शहर की ऐतिहासिक ऐशबाग रामलीला में चल रहे रामोत्सव -2025 के मंच पर रविवार को श्री राम अपने वनवास के दौरान गंगा पार का भारद्वाज ऋषि के आश्रम पहुंचते हैं जहाँ ऋषि उन्हे चित्रकूट जाने का सुझाव देते हैं आगे बढ़ते हुए श्रीराम अत्रि मुनि के आश्रम पहुंचते हैं जहाँ वे आशीर्वाद और मार्गदर्शन की कामना ले कर आते हैं । यहीं माता सीता को देवी अनुसुया द्वारा दिव्य वस्त्र और श्रृंगार सामग्री प्रदान किए जाते हैं व देवी अनुसुया द्वारा माता सीता को पतिव्रत धर्म के गुणों का ज्ञान दिया जाता है । यहाँ से आगे बढ़ते हुए श्रीराम लक्ष्मण और सीता गोदावरी तट पर पहुंचते जहाँ वे पंचवटी निर्माण कर वनवास के दिन व्यतीत कर रहे होते हैं इसी बीच वहाँ लंका के राजा रावण की बहन सूर्पनखा का प्रवेश होता है जो श्रीराम पर मोहित हो जाती है व रूप बदल कर उन्हे प्रलोभित करती है परन्तु मयार्दा पुरुषोत्तम उससे क्षमा मांगते हुए एक पत्नीव्रत होने की बात करते हैं इसी बीच राक्षसी आक्रोशित हो माता सीता पर हमलावर हो जाती है जिसके उपरांत लक्ष्मणजी द्वारा उसकी नाक काट दी जाती है । अपनी कटी नाक लेकर जब सूर्पनखा अपने भाई रावण के दरबार में विलाप करती हुई पहुंचती है तो वहाँ उपस्थित सभी जन हैरान हो जाते हैं ।यहाँ पहुंचकर सूर्पनखा रावण को उकसाती है जिसके बाद रावण का क्रोध फट पड़ता है और वह सीता हरण का षड़यंत्र रचने लग जाता है जिसके लिए वह अपने मामा मायावी मारीच से मदद मांगता है । मारीच सुंदर स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी के पास जाता है और अपने सौंदर्य से सीता को लुभाने लगता है और वे श्रीराम से इसे पाने की ईच्छा जाग्रत करती हैं राम मायावी मृग के पीछे जंगलों में चले जाते हैं और उन्हे आने में विलंब होता देख सीता लक्ष्मण को उन्हे खोजने हेतु विवश करती हैं यहाँ लक्ष्मण कुटी के बाहर एक सुरक्षा रेखा खींचते हैं और सीता से उसे पार न करने की विनती कर बड़े भाई की खोज में निकल जाते हैं । मौका देख साधु वेष में रावण वहाँ सीता से भीक्षा मांगने आ जाता है ।यहाँ लक्ष्मणरेखा देख वह सीता को उसके पार आने में विवश कर उनका हरण कर ले जाता है ।जब रावण पुष्पक विमान से सीता को लंका की ओर ले जाता है तो जटायु उसे रोकने का प्रयास करते हैं पर रावण उन्हे अपने प्रहारों से घायल कर नीचे गिरा देता है और सीता को ले जाता है ।पंचवटी में सीता को न पाकर श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं और उनकी खोज आरंभ कर देते हैं वन-वन भटकते राम की भेंट इसी बीच घायल जटायु से होती है जो राजा दशरथ के मित्र भी हैं वे सीता हरण का वृतांत राम को बताकर परलोक गामी हो जाते हैं भगवान श्रीराम उनकी अंत्येष्ठि कर आगे बढ़ते हैं । उधर माता सीता को रावण अशोक बाटिका में राक्षसियों के पहरे में बंधक बनाकर बिठा देता है ।यहाँ लंकेश सीता को डराने धमकाने लग जाता है ।तो वहीं माता सीता का रावण की महारानी मंदोदरी से संवाद होता है ।रामलीला के मंचन से पूर्व सांस्कृतिक मंच पर सृजन डांस परफार्मिंग आर्ट की प्रथम प्रस्तुति गणेश वंदना से हुई जिसे माँ अल्पना और बेटी शगुण्या शुक्ला ने युगल नृत्य में प्रस्तुत किया इसके उपरांत श्रीकृष्ण , नरसिंह भगवान व भगवान शिव पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किए गए इसके बाद हुमा साहू के निर्देशन में कई मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं ।

## राम को वनवास मिलते ही लोगों की छलक आई आखें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री राम लीला समिति महानगर की ओर से चल रही रही रामलीला रविवार को भगवान विष्णु की आरती के साथ शुरू हुई। लीला मे मेयर सुषमा खर्कवाल, स्थानीय विधायक ओपी श्रीवास्तव, पर्वतीय महा परिषद के अध्यक्ष गणेश चंद्र जोशी भी पहुंचे। जिनका स्वागत रामलीला समिति के संरक्षक संजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष ललित मोहन जोशी महासचिव गिरीश जोशी मुख्य संयोजक दीपक पांडे दीनू व संयोजक के के पांडे कन्हैया द्वारा किया गया। लीला मे दिखाया कि राजा दशरथ के बारे बार समझाने के बाद भी रानी कैकेई नहीं मानती और कहती हैं कि राजा आप अपने कर्तव्य से हट रहे हो मैं नहीं मानूंगी मैं तोरी बात चाहे राजा कैसे कहो जो वनवास राम न जइहैं कर लुंगी प्राणघात अन्त में राजा दशरथ कहते हैं कि रानी मैं अपने कर्तव्य से विमुख नहीं हुआ हूं। भले ही मेरे प्राण चले जाएं मैं तुझसे तो वचन दिया था वह पूरा करता हूं। राजा दशरथ को व्याकुल देख राम पूछते हैं कि पिताजी कैसे व्याकुल हैं। तब रानी अपने वरदान के बारे में बताती है। तब राम बिना विरोध के आशीर्वाद लेंकर वन जाने की तैयारी करते हैं। तब रामचंद्र जी सीता को समझते हैं। रहो घर जानकी मानो हमारी बहुत दुख पाओगी जंगल में प्यारी थकेंगे पैर चलते चलते वन में नहीं मिलती वहां कोई सवारी लेकिन सीता जी नहीं मानती है और वह कहती है कि आप मेरे प्राणनाथ हैं मैं बिना आपके नहीं रह सकती हूं। तब रामचंद्र जी सीता जी से कहते हैं की माता-पिता से आज्ञा ले लो। लक्ष्मण जी भी चलने की जिद करते है। फिर राम लक्ष्मण और सीता जी वन को प्रस्थान करते है। अगले क्रम मे केवट प्रसंग मे दिखाया कि गंगा पार जाने के लिए निषाद राज से आग्रह करते है फिर निषाद राज प्रभु राम सीता जी और लक्ष्मण जी के पैर सपरिवार धोते हैं और उनकी आरती उतारते हैं। गंगा पार करने के उपरांत प्रभुराम निषाद राज को मेहनताना स्वरूप मुद्रिका देते हैं जिसे निषादराज सहर्ष अस्वीकार कर देते हैं। निषाद राज का ऐसा भक्ति भाव देखकर प्रभु राम प्रसन्न हो जाते हैं और उन्हें गले लगा कर आशीर्वाद देते हैं और वन के लिए प्रस्थान करते हैं। रामचंद्र जी के वन जाते ही गंगा तत्व को नहीं छोड़ते आए हुए राजा दशरथ के मंत्री सुमंत या दुखी हो जाते हैं और विलाप करते हुए कहते हैं कि अवध में काह मुख ले जाऊं पूछेंगे जब राजा और दुखी मन से राजमहल लौट जाते हैं इधर राम के योग में राजा मूर्छित हो जाते हैं और प्राण त्याग देते हैं।

## ज्येष्ठ भ्राता के होते छोटा न राज कर सकता है...



**लखनऊ।** क्यों कोप भवन में बैठी हो, क्यों तुमको भारी पल-पल है? जो तुम्हें प्राण से प्यारा है, उसका कल अभिषेक है। महल में रानी कैकेई को न देख राजा दशरथ कोप भवन में पहुंचते है और वहां कैकेई को दुखी होकर लेटा देख कहते है हे रानी यह कैसा हाल बना रखा है, यहां क्यों लेटी हो क्या हो गया? सेक्टर -ए सीतापुर रोड योजना कालोनी में चल रही रामलीला के 33वें मंचन के दूसरे दिन रविवार को कलाकारों ने कैकेई-मंथरा संवाद, कैकेई-दशरथ संवाद, दशरथ मरण के दृश्य का बखूबी मंचन किया। मंचन से पूर्व श्रीराम एवं लक्ष्मण जी की आरती से रामलीला का शुभारम्भ हुआ। मंथरा-कैकेई संवाद का दृश्य देख लोगों को लगा मानो त्रेतायुग की घटनाएं आंखों के सामने जीवंत हो गई हों। मंथरा के कटु वचनों से रानी कैकेई का परिवर्तित मन और दशरथ द्वारा राम को वनवास देने का संकल्प देख दर्शकों की आंखें नम हो गई। उधर ननिहाल से लौटने पर पिता की मृत्यु, बड़े भाई राम के वनवास जाने व माता कैकेयी द्वारा राजगद्दी की बात सुनकर भरत विचलित हो जाते हैं और कहते हैं ह्यह्यज्येष्ठ भ्राता के होते छोटा न राज कर सकता है... और वह राम को मनाने के लिए वन को प्रस्थान करते हैं।

## नगाड़ा संग ढोल बाजे ढोल बाजे...



लखनऊ। नवरात्रि स्पेशल डांडिया फेस्ट 2025 का एसआरजीआई में आयोजन बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ किया गया। रंग-बिरंगी सजावट, ढोल की थाप और डीजे की मनमोहक धुनों पर थिरकते छात्र-छात्राओं ने इस रात्रि को अविस्मरणीय बना दिया। डांडिया फेस्ट का शुभारंभ माँ दुर्गा की प्रतिमा के पूजन से हुआ। इसके उपरांत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, लाइव डीजे, स्वादिष्ट व्यंजन, आकर्षक सेल्फी प्वाइंट और रोमांचक लकी ड्रॉ ने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। संस्थान के 4000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं संस्थान के सदस्यों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ इसमें भाग लिया। लोकप्रिय डांडिया गीतों ढोलिडा, नगाड़ा संग ढोल..., केसरियो रंग ताने लाग्यो और चोगाड़ा पर छात्रों ने गरबा और डांडिया की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। रंग-बिरंगे परिधानों और ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व सांस्कृतिक मनोरंजन, सात्विक आहार, सकारात्मक विचार और सामूहिक ऊर्जा का प्रतीक है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली**

पत्रॉक-1647/ग्रा.अ.वि./निविदा आमंत्रण/2025-26, दिनॉक-20.09.2025

मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ.प्र. की ओर से अधिशाषी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-रायबरेली द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से (श्रेणी ए,बी,सी एवं डी) जिसके लिये अधिकृत है, से प्रतिशत दरों पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं द्वारा एक या समस्त कार्यो के लिये निविदा दी जा सकती हैं।

कार्य का विवरण

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि रू. मे | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशाषी अभियन्ता कार्यालय का पता | अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता | जिलाधिकारी कार्यालय का पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एनटी.पी.सी. योजना | | | | | | | | | | |
| 1 | रायबरेली | जब्बारी बार्डर पर स्केप चैनल का मरम्मत का कार्य (विकास खण्ड-ऊँचाहार) | 4.12 | 8256 | 500.00 +150rs Total 650.00 | 3 months | ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, नेहरू नगर रायबरेली | लखनऊ परिमण्डल इन्दिरा नगर, लखनऊ | कलेक्टेज्ट रायबरेली | |

2. निविदा प्रपत्र बिक्री की तिथि निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिषाषी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, जिलाधिकारी से जिनका वर्णन तालिका के कालम 8, 9 व 10 में है के कार्यालय से आवष्यक मूल्य देकर (जो वापस नही होगा) प्रत्येक कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वान्ह से 4:00 बजे अपरान्ह तक दि0-24.10.2025 से 25.10.2025 को साय 4:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। तथा निविदा दिनांक-27.10.2025 को समय 12:00 बजे तक डाली जा सकती हैं।
3. निविदा खोलने की तिथि 27.10.2025 समय अपरान्ह 12:30 बजे अधिशाषी अभियन्ता,ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, रायबरेली के अधोहस्ताक्षरी कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी।
4. एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
5. विस्तृत निविदा (एस.बी.डी.) बिल आफ क्वांटिटी ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,रायबरेली के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**अधिशाषी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग**
**प्रखण्ड-रायबरेली।**

UPID-238305 Date: 26.09.25
Website : www.upgov.nic.in

# बांद्रा टर्मिनेस व उधना के लिए चल रही पूजा स्पेशन ट्रेन के फेरे बढ़े

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी दशहरा, दीपावली एवं छठ त्यौहारों पर यात्री जनता की मांग पर 09041/09042 उधना-बलिया-उधना साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन उधना से 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बलिया से 26 सितम्बर से 10 अक्टूबर तक प्रत्येक शुक्रवार को 03 फेरों के लिये चलाने की सूचना पूर्व में जारी की गयी थी। यात्री जनता की मांग पर इस गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार किया गया है। अब यह गाड़ी उधना से 25 सितम्बर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा बलिया से 26 सितम्बर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलायी जायेगी।

फलस्वरूप 09041 उधना-बलिया साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 25 सितम्बर से 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को उधना से 06.40 बजे प्रस्थान कर सूरत से 07.05 बजे, भरूच से 07.47 बजे विश्वामित्री जं0 से 08.35 बजे, वडोदरा से 09.00 , गोधरा से 11.10 बजे, दाहोद से 12.14 बजे, रतलाम से 13.45 बजे, नागदा से 14.40 बजे, उज्जैन से 16.05 बजे, सुजालपुर से 18.00 बजे, संत हिरदाराम से 19.15 बजे, बिदिशा से 20.35 बजे, गंजबसोदा से 21.05 बजे, बीना से 22.10 बजे, दूसरे दिन ललितपुर से 00.10 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 झांसी से 02.15 बजे, उरई से 03.42 बजे, गोविन्दपुरी से 06.55 बजे, फतेहपुर से 08.00 बजे, प्रयागराज जं0 से 10.20 बजे, मिजार्पुर से 11.50 बजे, चुनार से 12.20 बजे, वाराणसी से 14.45 बजे, जौनपुर से 16.45 बजे, औंड़िहार से 17.47 बजे तथा गाजीपुर सिटी से 18.47 बजे छूटकर बलिया से 20.15 बजे पहुँचेगी।

वापसी यात्रा में 09042 बलिया-उधना साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 26 सितम्बर से 28 नवम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को बलिया से 23.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन गाजीपुर सिटी से 00.15 बजे, औड़िहार से 01.07 बजे, जौनपुर से 03.25 बजे, वाराणसी से 05.20 बजे, चुनार से 08.17 बजे, मिजार्पुर से 09.02 बजे, प्रयागराज जं0 से 11.20 बजे, फतेहपुर से 13.20 बजे, गोविन्दपुरी से 14.55 बजे, उरई से 16.50 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं0 झांसी से 18.25 बजे, ललितपुर से 19.40 बजे, बीना से 22.30 बजे, गंजबसोदा से 23.03 बजे, विदिशा से 23.32 बजे, तीसरे दिन संत हरदाराम से 00.50 बजे, सुजालपुर से 01.29 बजे, उज्जैन से 03.50 बजे, नागदा से 04.42 बजे, रतलाम से 05.30 बजे, दाहोद से 07.03 बजे, गोधरा से 08.32 बजे, विश्वामित्री से 10.07 बजे, भरूच से 11.15 बजे तथा सूरत से 12.20 बजे छूटकर उधना 12.45 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 15, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा एलएसएलआरडी के 01 कोचों सहित कुल 17 आधुनिक एलएचबी कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में बांद्रा टर्मिनस-बरौनी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी का संचलन बांद्रा टर्मिनस से 22 सितम्बर से 06 अक्टूबर तक प्रत्येक सोमवार को तथा बरौनी से 25 सितम्बर से 09 अक्टूबर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को 03 फेरों के लिये चलाने की सूचना पूर्व में जारी की गयी थी। यात्री जनता की मांग पर इस गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार तथा रेक संरचना में परिवर्तन किया गया है। अब यह गाड़ी बान्द्रा टर्मिनस से 24 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को तथा बरौनी से 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को संशोधित संरचना के साथ निम्नवत चलायी जायेगी।

09061 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 24 नवम्बर तक प्रत्येक सोमवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.20 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 21.50 बजे, पालघर से 22.35 बजे, वापी से 23.36 बजे, वलसाड से 23.56 बजे दूसरे दिन सूरत से 01.41 बजे, वडोदरा से 03.12 बजे, रतलाम से 06.50 बजे, रामगंज मंडी से 10.10 बजे, कोटा से 11.15 बजे, गंगापुर सिटी से 13.30 बजे, भरतपुर से 17.05 बजे, मथुरा जं. से 20.05 बजे, कासगंज से 22.00 बजे, फरूर्खाबाद से 23.35 बजे तीसरे दिन कानपुर सेन्ट्रल से 03.20 बजे, लखनऊ से 04.30 बजे, सुल्तानपुर से 06.35 बजे, जौनपुर जं. से 07.40 बजे, वाराणसी से 10.10 बजे, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. से 11.30 बजे, बक्सर से 12.42 बजे, आरा से 13.40 बजे, दानापुर से 14.12 बजे, पाटलिपुत्र से 15.10 बजे, सोनपुर से 15.40 बजे, हाजीपुर से 15.55 बजे तथा शाहपुर पटोरी से 16.52 बजे छूटकर बरौनी 19.15 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 09062 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक पूजा विशेष गाड़ी 27 नवम्बर तक प्रत्येक वृहस्पतिवार को बरौनी से 12.15 बजे प्रस्थान कर शाहपुर पटोरी से 12.52 बजे, हाजीपुर से 14.50 बजे, सोनपुर से 15.02 बजे, पाटलिपुत्र से 15.50 बजे, दानापुर से 16.30 बजे, आरा से 17.04 बजे, बक्सर से 17.46 बजे, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. से 19.55 बजे, वाराणसी से 20.35 बजे, जौनपुर जं. से 22.25 बजे, सुल्तानपुर से 23.35 बजे, दूसरे दिन लखनऊ से 01.10 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 02.25 बजे, फरूर्खाबाद से 05.40 बजे, कासगंज से 07.20 बजे, मथुरा जं. से 09.35 बजे, भरतपुर से 11.10 बजे, गंगापुर सिटी से 12.30 बजे, कोटा से 15.00 बजे, रामगंज मंडी से 15.55 बजे, रतलाम से 19.35 बजे, वडोदरा से 23.42 बजे, तीसरे दिन सूरत से 02.32 बजे, वलसाड से 03.25 बजे, वापी से 03.46 बजे, पालघर से 05.02 बजे तथा बोरीवली से 05.34 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 06.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 16 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## 29 सितंबर को छपरा से चलेगी उद्घाटन विशेष अमृत भारत ट्रेन



- पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र की जनता को अमृत भारत ट्रेनों की सौगात

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे की पहली अमृत भारत एक्सप्रेस का 29 सितम्बर को उप मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी 05133 छपरा-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनल) उद्घाटन विशेष गाड़ी को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगे। इसके अतिरिक्त 29 सितम्बर को ही 05587 दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। ये गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेन हैं।

29 सितम्बर सोमवार को चलने वाली 05133 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल उद्घाटन विशेष गाड़ी छपरा से 11.00 बजे प्रस्थान कर सीवान से 12.00 बजे, थावे से 12.35 बजे, तमकुही रोड से 13.07 बजे, पडरौना से 13.47 बजे, कप्तानगंज से 14.20 बजे, गोरखपुर से 15.30 बजे, खलीलाबाद से 16.07 बजे, बस्ती से 16.50 बजे, बभनान से 17.17 बजे, मनकापुर से 18.00 बजे, गोंडा से 18.40 बजे, बाराबंकी से 20.05 बजे बादशाहनगर से 21.07 बजे, ऐशबाग से 21.50 बजे, कानपुर सेंट्रल से 23.45 बजे तथा दूसरे दिन इटावा से 01.47 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 08.00 बजे पहुँचेगी।

05587 दरभंगा-मदार उद्घाटन विशेष गाड़ी 29 सितम्बर सोमवार को दरभंगा से 11.00 बजे प्रस्थान कर कमतौल से 11.35 बजे, जनकपुर रोड से 12.05 बजे, सीतामढ़ी से 12.45 बजे, बैरगनिया से 13.20 बजे, रक्सौल से 14.15 बजे, सिकटा से 14.45, बजे, नरकटियागंज से 15.35 बजे, बगहा से 16.40 बजे, सिसवा बाजार से 18.27 बजे, कप्तानगंज से 19.10 बजे, गोरखपुर से 20.20 बजे, बस्ती से 21.42 बजे, मनकापुर से 22.30 बजे, गोंडा से 22.52 बजे, दूसरे दिन बाराबंकी से 00.35 बजे, गोमतीनगर से 01.35 बजे, बादशाहनगर से 01.52 बजे, ऐशबाग से 02.35 बजे, उन्नाव से 04.07 बजे, कानपुर सेंट्रल से 04.50 बजे, फफूंद से 06.10 बजे, इटावा से 06.52 बजे, टूण्डला से 09.02 बजे, ईदगाह आगरा जं. से 10.22 बजे, भरतपुर से 11.22 बजे, मण्डावर महुवा रोड से 12.32 बजे, बांदीकुई से 14.02 बजे, गांधीनगर जयपुर से 15.22 बजे, जयपुर से 15.55 बजे, किशनगढ़ से 17.37 बजे छूटकर मदार 18.30 बजे पहुँचेगी। इन अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ियों में शयनयान श्रेणी के 08, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, पैंट्रीकार के 01 तथा एलएसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

## लविवि के प्रो बोनो क्लब ने चलाया कानूनी जागरूकता अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के विधि संकाय के प्रो बोनो क्लब ने रविवार को बख्शी का तालाब स्थित गोहना कलां गांव में घर-घर जाकर कानूनी जागरूकता अभियान चलाया। यह कार्यक्रम प्रो बोनो क्लब के संकाय प्रभारी प्रो. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

अभियान का नेतृत्व छात्र संयोजक आदित्य राज सोनी और सह-संयोजक अफजल हसन ने क्लब के अन्य सदस्यों और सहयोगियों के साथ मिलकर किया। इस अभियान के तहत क्लब के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ गर्मजोशी से बातचीत की और उन्हें उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। सदस्यों ने ग्रामीणों को यह भी बताया कि क्लब की यह पहल कैसे जरूरतमंद लोगों के अधिकारों की रक्षा और सहायता करने में मदद करती है।

इस दौरान ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं और किसी भी विवाद में कानूनी सहायता प्राप्त करने में आने वाली बाधाओं को खुलकर साझा किया। सदस्यों ने धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं को सुना और ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि क्लब जरूरत के समय उनकी पूरी निष्ठा और क्षमता के साथ मदद करेगा।

इस बातचीत के दौरान, क्लब के सदस्यों ने क्यूआर कोड स्कैन करवाकर ग्रामीणों को क्लब के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। उन्होंने ग्रामीणों को यह भी सूचित किया कि क्लब द्वारा कुछ ही दिनों में उनके गांव में एक निःशुल्क विधिक शिविर का आयोजन किया जाएगा और उनसे इसमें शामिल होने की अपील की।

## पीएम मोदी स्वदेशी को लगातार बढ़ाने का कर रहे कार्य : बृजेश पाठक

### उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा महानगर अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर सुनी मन की बात

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का 126वां संस्करण लखनऊ महानगर में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित प्रदेश पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग बूथों पर क्षेत्रवासियों के साथ सुना।

मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट मंडल 3 के महात्मा गांधी वार्ड में बूथ संख्या 281 पर, प्रदेश महामंत्री एमएलसी अनूप गुप्ता ने पूर्व मंडल 5 बूथ संख्या 349 पर, एमएलसी मुकेश शर्मा ने पूर्व विधानसभा की बूथ संख्या 116 पर, महापौर सुषमा खर्कवाल ने पूर्व मंडल 3 में सरस्वती शिशु मंदिर में, विधायक ओपी श्रीवास्तव ने शंकर पूर्व द्वितीय वार्ड की बूथ संख्या 11 पर मंडल अध्यक्षों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सरदार भगत सिंह जी और स्वर कोकिला लता मंगेशकर को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं। लता दीदी ने पूरे विश्व में भारत के शुरू के जादू को बिखरने का काम किया है। हमारी नेवी की बेटियों ने लगातार 8 महीने तक पतवार वाली नाव से 47000 किलोमीटर से अधिक की समुद्री यात्रा की है जिसको उन्होंने आज प्रधानमंत्री के माध्यम से हम सबसे साझा किया। मैं उन बेटियों के साहस को नमन और उनका अभिनंदन करता हूं। प्रधानमंत्री ने जो नारा दिया था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ उसको आज हम धरातल पर उतरते हुए देख रहे हैं। महिला आरक्षण लागू करके मोदी ने देश की बेटियों को उनका हक देने का कार्य किया है। नवरात्रि के पर्व के अवसर पर मातृ शक्तियों को प्रणाम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी स्वदेशी को लगातार बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं, जिसके लिए हमारी प्रतिबद्धता है। हम अपने प्रदेशवासियों से अपील करते हैं कि स्वदेशी चीजों को खरीदें और उनको ही बेचे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश में यह अभियान आंदोलन का रूप ले चुका है। हम सब जब व्यापारी बंधुओं के बीच बाजारों में जा रहे हैं तो सभी की यह भावना दिख रही है कि हम भारत में बनी हुई वस्तुओं को ही बेचे और खरीदें। कैंट विधानसभा में उप मुख्यमंत्री के साथ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद अमित चौधरी, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, विनायक पांडे, मानस बाहरी, दिलीप गुप्ता, आलोक विश्वकर्मा, अनुज गुप्ता, अतुल सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलकर्मियों के परिजनों ने डांडिया और गरबा नृत्य नाइट में समां बांधा



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल यादव के नेतृत्व में मंडल के मनोरंजन केन्द्रों में कर्मचारी कल्याण के दिशा में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां जैसे डांडिया, गरबा, नाटक, संगीत समारोह और खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित होती रहती हैं, जो कर्मचारियों और उनके परिवारों में सामुदायिक भावना को मजबूत करते हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में ऐशबाग मनोरंजन संस्थान में डांडिया और गरबा नृत्य नाइट का शानदार आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारजनों ने पारंपरिक परिधानों में सजकर डांडिया और गरबा की मधुर धुनों पर नृत्य कर समा बांध दिया। इस आयोजन में आकर्षक बनाने के लिए जलपान की व्यवस्था की गई, जिसमें स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलों की विशेष व्यवस्था भी थी, जिसमें उन्होंने खूब आनंद लिया। यह आयोजन रेल कर्मियों के बीच सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक उत्साह का प्रतीक रहा।

## युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) में कई पदाधिकारियों की घोषणा



**लखनऊ।** युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) लखनऊ जिला इकाई के कैंप कार्यालय में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता लखनऊ जिले के जिला अध्यक्ष केके रघुवंशी ने की। इस अवसर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष रघुवंशी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना ही प्राथमिकता है और इसके लिए योग्य, ईमानदार व समर्पित साथियों को जिम्मेदारी दी जा रही है। इसी क्रम में संदीप कुमार को जिला सचिव, हरकेश कुमार को जिला मीडिया प्रभारी, परमहंस को जिला महामंत्री, रामदेव को जिला महामंत्री, राज सिंह यादव को मलिहाबाद विधानसभा प्रभारी, निर्भय कुमार को सरोजिनी नगर विधानसभा अध्यक्ष, अमित त्रिपाठी को जिला सचिव, सौरभ शर्मा को जिला मंत्री तथा अजय कुमार को बीकेटी विधानसभा अध्यक्ष, अमरेश मिश्र को जिले का महामंत्री के रूप में मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले तक मजबूत करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा और मिशन को जन-जन तक पहुंचाना ही उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा। इस अवसर पर उन्नाव जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार रावत एवं उन्नाव जिले के मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और संगठन को और अधिक ऊर्जा व दिशा देने की अपेक्षा जताई। अंत में जिला अध्यक्ष रघुवंशी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की आवाज को बुलंद करने के लिए कृतसंकल्प है और इसी दिशा में यह नए दायित्व संगठन को गति और मजबूती देंगे।

## क्विज प्रतियोगिता में पुनर्वास विवि को प्रथम स्थान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत राजभवन में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, विकसित भारत, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं सामान्य ज्ञान पर आधारित इस प्रतियोगिता में लखनऊ स्थित 09 विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ विश्वविद्यालय तथा अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल थे।

तीन चरणों में संपन्न इस रोचक क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह के साथ प्रतिभाग किया तथा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जानकारी एवं सजगता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम द्वितीय तथा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की टीम तृतीय स्थान पर रही।

विश्वविद्यालय की ओर से समाज कार्य के विद्यार्थी अनूप कुमार एवं बीटेक के विद्यार्थी आशुतोष तिवारी ने विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समन्वयक डॉ कौशिकी सिंह के मार्गदर्शन में राजभवन में प्रतिभाग किया।

यह आयोजन राजभवन द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक संचालित स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित विविध गतिविधियों की श्रृंखला का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।



## एलपीएस डांडिया नाइट में थिरके कदम और सजा उल्लास का मेला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक स्कूल (सीपी सिंह फाउंडेशन), साउथ सिटी शाखा में शनिवार की देर शाम एलपीएस डांडिया नाइट का रंगारंग आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. रश्मि पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया। शाम की शुरूआत माता जी की आरती से हुई, जिसके बाद पारंपरिक संगीत की मधुर धुनों पर शिक्षकों और उनके परिजनों ने गरबा और डांडिया की ताल पर जमकर नृत्य किया। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रतियोगिता, प्रतिभा प्रदर्शन और मजेदार पहेली खेल ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। साथ ही डांडिया किंग, डांडिया क्वीन और बेस्ट कपल प्रतियोगिताओं ने उत्सव की रौनक बढ़ा दी।

इस दौरान डांडिया में विजेता के रूप में डांडिया किंग एनबी सिंह, शिक्षक, रायबरेली शाखा और डांडिया क्वीन शबनम सिंह, प्रिंसिपल, जानकीपुरम शाखा और बेस्ट कपल मनीष कृपलानी और राशि कृपलानी, शिक्षक, साउथ सिटी शाखा रहें। संगीत, नृत्य और खेलों से सजी यह शाम सभी के लिए यादगार रही। एलपीएस डांडिया नाइट ने न सिर्फ मनोरंजन का अनोखा रंग भरा, बल्कि शिक्षकों और उनके परिवारों के बीच आपसी सौहार्द और अपनत्व की डोर को और भी मजबूत किया।

## भाषा विवि : ऑनलाइन और परंपरागत शिक्षा प्रणाली पर रखा पक्ष



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में दशम दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में लॉ विभाग की ओर से ऑनलाइन और परंपरागत शिक्षा प्रणाली विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. मसूद आलम ने की।

प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने एकल एवं सामूहिक दोनों रूपों में भाग लिया। प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन शिक्षा प्रणालियों की विशेषताओं एवं चुनौतियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्र अमन कुमार त्रिपाठी ने पारंपरिक शिक्षा को भारत की विद्वता का प्रमाण बताया। वहीं, छात्र तौकीर अहमद ने ऑनलाइन शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ करार दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. ममता शुक्ला (बीटेक बायोटेक्नोलॉजी विभाग), डॉ. काज़िम रिजवी (पत्रकारिता विभाग) और डॉ. योगेंद्र सिंह (हिंदी विभाग) शामिल रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. पीयूष त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को मंच पर आकर अपने विचार बेझिझक रखने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल की सदस्य डॉ. ममता शुक्ला ने कहा कि ऑनलाइन शिक्षा को पारंपरिक शिक्षा के साथ संतुलित रूप से आगे बढ़ाया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक अंशुल पांडेय ने किया। आयोजन में सहायक प्राध्यापक तान्या सागर, भानु प्रताप सिंह एवं अंशुल पांडेय का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण मुकुंद, आशीष साही, रविकेश मौर्य, डॉ. जैनिब इफ्तिखार, मृणाल झा, प्रशांत सिंह सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लविवि में मनायी गयी भगत सिंह की जयंती

**लखनऊ।** लविवि में अमर बलिदानी भगत सिंह की जयंती मनाई गई, जिसमें कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, एडिशनल प्रॉक्टर प्रो. ओपी शुक्ला और एनसीसी ऑफिसर प्रो. राजेश कुमार शुक्ला सहित अन्य शिक्षकों ने डीएसडब्ल्यू ऑफिस निकट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। छात्र एवं कर्मचारियों ने भी पुष्पार्पण किया। यह आयोजन शहीद भगत सिंह के जीवन और उनके आदर्शों को याद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। शहीद भगत सिंह की जन्म जयंती हर साल 28 सितंबर को मनाई जाती है। उनका जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब के लायलपुर जिले के बंगा गांव में हुआ था। वह एक महान क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। युवा भगत सिंह ने ब्रिटिश सरकार के खिलाफ कई क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया, जिसमें असेंबली में बम फेंकना भी शामिल था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युवाओं को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित किया।

## सनातन धर्म में ही जीवन का रहस्य छिपा है : सपना गोयल

### सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने दिया संदेश नवरात्र में संकल्पित होकर त्यागें मांसाहार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने शारदीय नवरात्र के अवसर पर रविवार 28 सितम्बर को संदेश दिया कि सभी सनातनी संकल्पित होकर मांसाहार त्यागने का संकल्प लें। इससे भक्तों को आध्यात्मिक और सामाजिक उन्नति के साथ-साथ स्वस्थ शरीर का भी आशीर्वाद मिलेगा। सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुआई में इससे पूर्व कृष्णा विहार कॉलोनी में मातृशक्तियों ने विश्व शान्ति और भारत की उन्नति के लिए सुंदरकांड का पाठ भी किया।

सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के अनुसार नवरात्र महज नौ दिवसीय अनुष्ठान नहीं है बल्कि यह एक संस्कार है जो हर व्यक्ति को सुनहरा अवसर देता है अपनी सामाजिक और आध्यात्मिक उन्नति का और एक आम व्यक्ति, से संवेदी और जिम्मेदार इंसान बनने का।

इसके साथ ही यह हर व्यक्ति को यह सामर्थ्यवान भी बनाता है।

नवरात्र हमें संदेश देती है कि बुराई चाहे जितनी भी विशाल क्यों न हो, मां की शक्ति के समक्ष वह टिक ही नहीं सकती है। मां की असीम कृपा से हर असंभव कार्य संभव हो सकता है। आवश्यकता केवल अटूट और दृढ़ विश्वास के साथ सकारात्मक सोच और सम्पूर्ण समर्पण की है। इसलिए नवरात्र में नकारात्मकता को त्याग कर अटूट विश्वास और समर्पण के साथ हर क्षण माँ का ध्यान, माँ का जाप और माँ का गुणगान करना चाहिए। इससे हमारा मन शांत होगा और और आत्म शक्ति का विकास होगा। इससे हम अधिक लगाव के साथ मां की भक्ति में लीन हो सकेंगे। इससे हमारे जीवन पर न तो बुराई का और न ही भलाई का ही कोई प्रभाव पड़ेगा। इसे हम अपने जीवन के परम लक्ष्य को सहजता से हासिल कर सकेंगे। यही सनातन का मूल भाव है। वास्तव में जो भी सात्विक है वह सभी सनातनी है। ऐसे में हर सनातनी को चाहिए कि वह नवरात्र में यह संकल्प लें कि वह मांसाहार का सेवन नहीं करेंगे। मांसाहार न करने से न केवल जीव हत्या पर अंकुश लगेगा बल्कि स्वयं मांसाहार छोड़ने वाले का अनुपम आध्यात्मिक विकास भी होगा। इसके साथ ही वह मां के आशीर्वाद से स्वस्थ और तंदुरुस्त शरीर का भी उपहार पाएगा। दरअसल मनुष्य का शरीर मांसाहार के लिए बना ही नहीं है। न तो हमारे दाँत, न हमारी आँतें और न ही हमारी पाचन क्रिया मांसाहार के लिए अनुकूल हैं।

मांस खाने से शरीर में रक्त की अम्लता बढ़ती है। इससे क्रोध, आक्रोश और हिंसा की प्रवृत्ति तक प्रबल हो सकती है। जब हम किसी जीव की हत्या करके उसका मांस खाते हैं, तो वह हिंसा हमारे अवचेतन में दर्ज हो जाती है। यह मानसिकता को भी प्रभावित करती है। इससे व्यक्ति अधिक उत्तेजित, अशांत और कठोर हो जाता है। इसलिए इस नवरात्र में सभी सनातनी यह संकल्प ले कि वह मांसाहार को हमेशा के लिए त्याग कर स्वस्थ और सामाजिक और आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग को अपनाएंगे। वास्तव में यह जीवन अनमोल है क्यों कि भारत में जन्म लेना भाग्य है और सनातनी होना परम सौभाग्य।

संक्षेप

## भाजपा नेता के घर पहुंचे स्वतंत्र प्रभार मंत्री : दयाशंकर मिश्र

सोहावल-अयोध्या। विकास खण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिरखौली के प्रधान प्रतिनिधि एंव साधन सहकारी समिति हाजीपुर बरसेंडी के अध्यक्ष कप्तान तिवारी के घर पहुंच कर स्वतंत्र प्रभार मंत्री डाक्टर दयाशंकर मिश्र ( दयालु ) मंत्री नें तिवारी के भतीजे पूरे देश में नाम रोशन करने वाले इंजीनियर अन्वेष तिवारी को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित किया।

उसके उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात पर चर्चा की उसके उपरांत पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक अमित सिंह चैहान, भाजपा नेता गिरीश पांडेय डिप्पुल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा पूर्व जिला पंचायत सदस्य करुणाकर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य अमित पांडेय के साथ सभी लोगों ने कप्तान तिवारी के आवास पर भोजन किया। क्षेत्र के सम्मानित लोग रानू दुबे, बालमीक पांडेय, आचार्य लव कुश पांडेय, पूर्व प्रधान मालेन्द्र तिवारी, हिटलर तिवारी, दारा तिवारी, राम केवल रावत, मोहम्मद जैसू, जामिन अली, अशोक यादव, धीरन्द्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, राज कुमार त्यागी, विनोद कुमार, कौशतुभ तिवारी, हर्षित दुवे, विजय तिवारी, रवि सिंह, रज्जन शास्त्री, सोनू पाण्डेय, हबि उल्ला, फरीद, हरिश्चंद, श्रवण पाण्डेय, ज्ञान गुप्ता, देवमनी मिश्रा, रामजी, मगरू, जग्गू, राम भारत, सहीम, अखिलेश पाण्डेय रोहित, निखिल, सुवेचंद प्रेमशंकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती मनायी



जिला संवाददाता

देवरिया । महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भगत सिंह के जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा किसान देवरिया नगर मण्डल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में न्यू कालोनी देवरिया स्थित उनकी प्रतिमा पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओ ने माल्यार्पण-पुष्पांजलि कर उनको नमन किया।इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि किसान परिवार में जन्मे आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भगत सिंह साहस और बलिदान के पर्याय के साथ ही युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत है, भगत सिंह को एक बहादुर क्रांतिकारी के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया था।

उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह ने देश को आजाद कराने के लिए फांसी के फंदे को खुशी खुशी चूम लिया।वह मात्र बारह वर्ष की उम्र से ही देश को आजाद कराने में जुट गए थे।अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि भगत सिंह ने अल्पायु में ही देश की आजादी को जीवन का संकल्प बना लिया था। उन्होंने युवाओं में देशभक्ति की भावना को गहरा बनाकर उन्हें स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ा। भगत सिंह जी अनंतकाल तक हर देशप्रेमी के लिए त्याग और समर्पण की प्रेरणा बने रहेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रुप से सूरज पटेल, अरुण मिश्र, प्रभुनाथ पाण्डेय, विजेंद्र चौहान, वीरेंद्र पाठक, गुलाब यादव, राहुल मिश्रा, चन्दू यादव, सन्देश शर्मा, सूरज, राजन उपस्थित रहे।

### आजादी की लड़ाई के साथ सामाजिक क्रांति के भी नायक थे भगत सिंह : चंद्रभूषण सिंह यादव

देवरिया। भगत सिंह केवल देश को आजाद कराने हेतु अपनी कुबार्नी देने वाले एक महानायक ही नहीं थे अपितु वे सामाजिक क्रांति के भी बहुत बड़े योद्धा थे जिन्होंने महज 23 वर्ष की अल्पायु में जो मील का पत्थर गाड़ा है वह सदियों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा उक्त उद्गार रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि भगत सिंह का जीवन और विचार एक आदर्श है जिससे समाज को बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि भगत सिंह ने 23 वर्ष की ही अवस्था में समझ लिया था कि दुनिया में कोई ईश्वर नाम की शक्ति नहीं है।

इस ईश्वर का निमार्ता इंसान है जो अपने स्वार्थ में इसका इस्तेमाल करता है तभी तो उन्होंने ₹मैं नास्तिक क्यों₹ में कहा कि ₹मनुष्य को दैवी शक्तियों में विश्वास करने वाला बना दो और उसके पास धन -संपत्ति आदि जो कुछ भी है, सब लूट लो,वह उफ नहीं करेगा,यहां तक कि अपने लुटने में खुद आपकी मदद करेगा।₹समृद्ध तार्किक सोच के धनी भगत सिंह को उनकी जयंती पर नमन है।

उक्त अवसर पर उपस्थित इकबाल अहमद, व्यास यादव, शंभू यादव, गेना यादव,सुरेश नारायण सिंह,गोविंद यादव ,श्यामसुंदर प्रसाद,नारायण प्रसाद, उमाशंकर प्रसाद, बिहारी सेठ,नगीना यादव, लक्ष्मण सिंह बाढ़ू,नाजिर अंसारी,जुम्मन,नंदलाल यादव आदि ने भी भगत सिंह के चित्र के समक्ष नतमस्तक हो उन्हें नमन किया।

### शहीद भगत सिंह की 118 वीं जयंती मनी

कसया, कुशीनगर। महान क्रांतिकारी शहीदे आजम शहीद भगत सिंह की 118 वीं जयंती नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सिसवा महंथ चौराहे पर मनाई गई।रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम शहीद भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। अध्यक्षता करते हुए भूमि बचाओ संघर्ष सेवा समिति के अध्यक्ष गोबर्द्धन प्रसाद गोंड ने कहा कि चौरीचौरा कांड और जलियांवाला बाग हत्याकांड में भगत सिंह के बाल मन पर गहरा प्रभाव डाला था।इसलिए भारत की स्वतंत्रता के लिए अभूतपूर्व साहस के साथ शक्तिशाली ब्रिटिश सरकार का मुकाबला करते हुए उन्हें देश छोड़ने को सोचने पर मजबूर किया।

श्री दुर्गा जी इंटर कालेज के प्रबंधक महेश पासवान ने कहा कि भगत सिंह ने देश को आजाद कराने में अपने प्राणों की आहुति दे दी। वह नौजवानों के प्रेरणा श्रोत हैं।एडवोकेट राहुल सिंह शाह ने शहीद भगत सिंह के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम उनके विचारों को आत्मसात करें और उनके सपनों का भारत बनाने के लिए जागरूक हों।

इसी क्रम में वशिष्ट यादव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भगत सिंह हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ते रहे। आभार कार्यक्रम आयोजक हृदया नन्द शर्मा ने कहा कि हम शहीदों के सपनों का भारत बनाने को आगे आएं तो यही शहीद भगत सिंह के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस दौरान मौलवी अंसारी, संजय सिंह, जयराम सिंह, रामप्रीत सिंह, मन मोहन गोंड, अजय सिंह, बबलू सिंह, दसई गोंड, निखिल सिंह, चंद्रपाल विश्वकर्मा, नितिन सिंह, अंकित सिंह, करन सिंह आदि मौजूद रहे।



## स्वदेशी के प्रति लोगों में लानी होगी जागरूकता : शशांक मणि



देवरिया ।, सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भटनी नगर पंचायत क्षेत्र के उसका में आत्मनिर्भर भारत अभियान की संगोष्ठी आयोजित की गई । बतौर मुख्य अतिथि संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में बाजारों में भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने और देश को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में मदद करने के लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान की शुरूआत की गई है । अभियान के तहत स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग हेतु आम जनमानस में जागरूकता लाने के लिए हम सभी को मिलजुल कर कम करना होगा । संक्षेप में कहें तो आत्मनिर्भर भारत अभियान एक ऐसी पहल है जिसका लक्ष्य भारत को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि एक सशक्त और विकसित भारत का निर्माण हो सके। इस अवसर पर भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, विनोद दीक्षित, मंडल अध्यक्ष रोहित मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश प्रजापति, विजय गुप्ता, रोशन जमीर, के डी मिश्रा, प्रतीक मिश्रा, आशीष पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जनपद के ईंट भट्ठों की जांच के लिए डीएम ने किया कमेटी का गठन

कुशीनगर। वीरेन्द्र पाण्डेय, महामंत्री, पडरौना जनपद ईट निमार्ता समिति रामकोला रोड, निकट बस स्टैण्ड, पडरौना द्वारा जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर को इस आशय का प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है कि जनपद कुशीनगर में लगभग 250 भट्ठे संचालित है। शीतकालीन के समय वायु में गुणवत्ता का स्तर काफी अधिक मात्रा में खराब स्थिति में पहुँच जाता है, जिसके कारण देश के एनसीआर क्षेत्र में ईंट भट्ठो की फूकाई का सत्र 1 मार्च से 30 जून तक एनजीटी द्वारा निर्देशित किया जा चुका है।शीतकालीन के समय बढ़ते हुए वायु प्रदूषण स्तर को देखते हुए जनपद कुशीनगर के अधिकांश ईंट भट्ठा स्वामियों ने जनमानस के हित में ईंट भ ?ट्ठो की फेंकाई सत्र को 01 फरवरी से 30 जून तक करवाने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने प्रमुख बिन्दुओं पर गठित समिति द्वारा जाँच कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। वर्तमान में जनपद मे कुल भट्ठो के संचालन के सम्बन्ध मे संक्षिप्त विवरण ।. जनपद में कुल कितने भट्ठे है ? कुल कितने भट्ठे रजिस्टर्ड हैं ? कुल कितने भट्ठे अनरजिस्टर्ड हैं ? किस कारण से भट्ठे रजिस्टर्ड नही कर पायें है ? ( भट्ठावार कारण ) । वर्तमान में शासनादेश सहित मंतव्य । जिलाधिकारी ने उक्त प्रकरण की जाँच हेतु अधिकारियों की टीम इस निर्देश के साथ गठित की गई है कि उपरोक्त परिस्थितियों के सम्बन्ध में संयुक्त रूप से जॉच करके अपनी विस्तृत जॉच आख्या 15 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जांच कमेटी में आशुतोष कुमार डिप्टी कलेक्टर अध्यक्ष, अभिषेक सिंह खनन अधिकारी, कुमार अमितसहायक आयुक्त, जीएसटी, अयोध्या प्रसाद, वैज्ञानिक सहायक उ०प्र०, प्रदूषण नियंत्रण, बोर्ड जनपद गोरखपुर। सोमनाथ गौतम अवर अभियंता, जिला पंचायत कुशीनगर को सदस्य के रूप में नामित किया गया है।

# मन की बात से मिलती है प्रेरणाः शशांक मणि

जिला संवाददाता



देवरिया। रविवार, आल इंडिया रेडियो द्वारा मन की बात का मासिक प्रसारण जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने विभिन्न बूथों पर सुना । सदर सांसद शशांक मणि ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ विकास भवन स्थित अपने कार्यालय पर मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना । उन्होंने कहा कि हर बार मोदी जी के विचारों में एक नई ऊर्जा देखने को मिलती है, वो देश के विभिन्न क्षेत्रों, संस्कृतियों और विशेषताओं को भारत के एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों के साथ अपने विचारों को साझा करते हैं। इस दौरान भाजपा नेता डब्लू मणि त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, जिला मंत्री डा हेमंत मिश्रा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, डा अभय द्विवेदी, केशव राय शर्मा, प्रिंस चतुवेर्दी, मनीष मणि त्रिपाठी, विकास गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह आदि उपस्थित रहे।

इसी क्रम में मुड़ाडीह के बूथ संख्या 177 पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने पार्टी कार्यकताओं के साथ मन की बात सुनी । इस दौरान उन्होंने कहा कि देश के प्रति मोदी जी के विचारों जी11से नई चीजों के बारे में जानकारी मिलती है । कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों को व्यापक रूप से प्रसारित कर स्वच्छता और साफ सफाई जैसे कार्यक्रम सिर्फ घर तक सीमित न रहे अपने आस पास की भी सफाई करें ।

# जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की आवश्यकता पर दिया जोर

जिला संवाददाता

ललितपुर। विश्व पर्यटन दिवस पर जिले के विद्यालयों में पोस्टर डिजाइनिंग, ट्रैवलॉग लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों द्वारा जिले के पर्यटन स्थलों पर आधारित पोस्टर्स, निबंध एवं ट्रैवलॉग लेखन का कार्य किया। विकास, सतत विकास एवं संस्कृतियों को साझा करने का एक माध्यम है जिसके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी बढ़ावा मिलता है एवं रोजगार का भी सृजन करता है। पर्यटन मित्र फिरोज इकबाल ने कहा कि विश्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1980 में इसकी शुरूआत की। इस दिवस का सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लाइफ विजन एकेडमी और प्रशांति विद्या मंदिर में ट्रैवलॉग लेखन, पर्यटन स्थलों पर आधारित पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आयोजित प्रतियोगियों मैं शिवानी पटेल, सोनाक्षी यादव, सम्यक जैन, तेजस्विनी, शिवा दोहरे, रिहान,




इस दौरान पर्यटक अधिकारी हेमलता ने जनपद के पर्यटन स्थलों की डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन कर जिले के पर्यटक स्थलों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि जनपद में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। यहां धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक स्थल मौजूद है। यदि इन पर्यटक स्थलों पर पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाए एवं पर्यटन धरोहरों, उत्पादों का प्रचार प्रसार किया जाए तो निश्चित ही ललितपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन आर्थिक मुख्य उद्देश्य देश दुनिया के कौन-कौने में पर्यटन को बढ़ावा देना है जिससे रोजगार के साथ-साथ देश की आय भी बढ़े। ट्रैवल और टूरिज्म के क्षेत्र में पर्यटन विकास के अग्रणीय संगठनों ने भारत को सबसे ज्यादा तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों के रूप में बताया है, यहां विशाल नदियां, सुन्दर तालाब, कलकल करते झरनों के साथ-साथ ऐतिहासिकता कण-कण में समाहित है। यहां के सांस्कृतिक रंग और ऐतिहासिक धरोहरें किसी परिचय की मोहताज नहीं है। विश्व पर्यटन दिवस पर पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय, अलभ्या पुरोहित, आस्था, अलंकृत, निर्वेश, खुशबू, अनाया, विधि, वंशिका, हिमांशी, मोहम्मद अरहान, फैजल, अफीफा खान, अर्जिता, आर्यन, कृतिका, आरोही, जैद, रहनुमा, महिमा, आलीशबा, आलीशान, अरहान, शुभ, अरुण राजपूत, कीर्ति पंथ, भगवानदास, अंजलि, महेश, पूजा झा, जानवी वर्मा, सीता राजपूत, अनामिका विजयी रहे। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार, गब्बर सिंह, सभी स्कूलों के प्रतिभागी छात्र, छात्राएं एवं शिक्षक व शिक्षिकाएं आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों पर स्वदेशी सामान ही खरीदें : भूपेंद्र सिंह



देवरिया ।, भारतीय जनता पार्टी देवरिया नगर द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत की कार्यशाला नगर कार्यालय गरुड़पार में आयोजित की गई ,जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी जी निरंतर सामाजिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर बल देते हैं उनका आत्मनिर्भर भारत बनाने का आह्वान देश भर में विभिन्न आयामों में गूंज रहा है उन्होंने देश के नागरिकों से विनम्र आग्रह किया कि जितने भी त्यौहार आ रहे हैं हम सभी को देश में बने वस्तुओं की ही खरीदारी कर और उसका उपयोग करना चाहिए । अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा ने कहा हम सभी अपने देश में बने वस्तुओं का जब उपयोग करेंगे तभी हमारा देश आगे बढ़ेगा । इस दौरान बैठक को जिला महामंत्री प्रमोद शाही, प्रेम अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, अंकुर राय, पवन मिश्रा ने भी संबोधित किया । संचालन नगर महामंत्री सुधीर मद्धेशिया ने किया बैठक में मुख्य रूप से संजय पांडे, संजू सोनी, अजय कुमार सिंह, रविंद्र राव, बजरंगी मणि, दीपू यादव, अभिषेक मिश्रा एडवोकेट, सुशील सिंह बोनी बाबा, दीपक श्रीवास्तव नगर मीडिया छोटे चौहान राजन पांडे जयराम तिवारी आनंद श्रीवास्तव बड़े लाल श्रीवास्तव सुशील जायसवाल संतोष पांडे अमित सिंह लकी ब्रह्म सिंह दिनेश तिवारी अनिरुद्ध सिंह विश्वास सिंह बिहारी लाल गुप्ता संतोष गुप्ता आनंद कुमार शर्मा अक्षय सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# बाल विवाह, मानव तस्करी की एएसपी ने की समीक्षा



बांदा। मिशन शक्ति, बाल विवाह, बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान की पुलिस लाइन नवीन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने मासिक समीक्षा की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, महिलाओं की सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वालम्बन, संरक्षण, सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा एवं बाल विवाह के तहत शिक्षा और जागरूकता, कानूनी कार्यवाही, सामुदायिक भागीदारी तथा बालश्रम के तहत शिक्षा और जागरूकता, होटल, ढाबों को चिन्हित करना, सरकारी योजनाओं के लाभ, स्थानीय, थाना स्तर पर त्वरित कार्यवाही व बालभिक्षावृत्ति, मानव तस्करी एवं अन्य बाल अपराधों की रोकथाम के लिए की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करने के साथ ही आगे की रणनीति तैयार करना था। अपर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाल अपराध से जुड़े संवेदनशील मामलों में त्वरित कार्यवाही तथा सक्रियता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें साथ ही बाल संरक्षण से जुड़ी संस्थाओं के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से अभियान चलाएं, पीड़ितों को अधिक से अधिक आवश्यक सहायता प्रदान कराने के लिए विशेष योजनाएं बनाई जाएं साथ ही बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए विद्यालयों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी बस्तियों में जागरूकता अभियान चलाएं। इस दौरान अभियोजन, श्रमप्रर्वतन अधिकारी, सदस्य बाल कल्याण समिति, सदस्य जिला प्रोबेशन, सदस्य बाल संरक्षण, मुख्य चिकित्साधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन, थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, आरपीएफ, जीआरपी, थाना एएचटी, एसजेपीयू, वन स्टॉप सेन्टर, साथी संस्था, ग्रामीण स्वावलंबन समिति, ग्रामीण परम्परा विकास संस्थान और अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## विद्यालय की खो-खो टीम का मण्डलीय प्रतियोगिता के लिए चयन



देवरिया । रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपदीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में सदर विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया के छात्रों का जूनियर बालक वर्ग के खो खो टीम में सैफ,कैफ,जुनैद और अल्तमश तथा जूनियर बालिक वर्ग खो खो टीम में नेहा भारती और खुशी शर्मा का चयन आगामी मण्डलीय रैली प्रतिभाग करने के लिए हुआ।ये छात्र मण्डलीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगें।इनके चयन पर खण्ड शिक्षा अधिकारी देव मुनी वर्मा,ब्लॉक व्यायाम शिक्षक संजय तिवारी, खेल अनुदेशक गणेश यादव, एस0एम0सी0 अध्यक्ष सदरून निशा ,प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी ,सहायक अध्यापक अनिल कुमार राय,राहुल सिंह, संध्या यादव,स्वाति सिंह, रजनीकांत त्रिपाठी, विनीत कुमारी, शाहजहां बेगम,सुमन चौहान, जाकिर हुसैन सहित अभिभावकों और ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

# दिवंगत पत्रकार शंभू गिरी के शोक संतप्त परिजनों से मिल जताया शोक

जिला संवाददाता

कसया, कुशीनगर। तहसील क्षेत्र के जिगना निवासी पत्रकार शंभू गिरी के निधन से शोकाकुल परिजनों से अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों ने भेंट कर उन्हें ढांढस बंधाया और खाद्यान्न, आर्थिक सहयोग किया। संगठन के प्रदेश

**● अभा पत्रकार सुरक्षा समिति के पदाधिकारियों ने जताया शोक**

अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह और जिलाध्यक्ष हृदयानन्द शर्मा के नेतृत्व में पत्रकार विनोद तिवारी, डी.के. पाण्डेय, मस्तराज शर्मा, उमर फारूक अंसारी, शीतल सिंह और जावेद आलम जिगना पहुंचे था स्व. गिरी की पत्नी और बच्चों से भेंट कर गहरी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि संगठन पत्रकारों और उनके परिजनों के साथ खड़ा है।



शोक संतप्त परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। एबीपीएसस के प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय, प्रदेश संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ आरके भट्ट, राज सिंह, अजय कुमार मिश्रा, असफाक अंसारी, बृज बिहारी त्रिपाठी, विजय कुमार राव, सतीश कुमार पांडेय, विजय कुमार यादव, सुधाकर उपाध्याय, मनीष कुमार यादव, पवन कुमार शर्मा, दिनेश कुमार ओझा, आदित्य शाही, ज्ञानेश्वर बरनवाल, सौरभ मणि त्रिपाठी, सतीश कुमार सिंह, आदित्य दीक्षित, असलम अंसारी, आशुतोष श्रीवास्तव, मसरूर रिजवी, उमाशंकर तिवारी, गोविंद पटेल, मणिंद्र कुमार, सरफराज आलम, संदीप जायसवाल, श्रीजेश यादव, संदीप सिंह, मोहन वर्मा, सोनू जाफर मिंटू लारी, रवि त्रिपाठी, राजेश मिश्रा, योगेश गोविंद राव, अनिल कुमार सिंह, मंतोष जायसवाल सहित प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया।

# मां कामाख्या की निकाली गयी विशाल चुनरी यात्रा

रूदौली-अयोध्या। रूदौली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माता जी की विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई।इस मौके पर हरिहरपुर वार्ड से कामाख्या धाम मन्दिर परिसर तक आस्था और भक्ति का सागर उमड़ पड़ा। मा कामाख्या महोत्सव न्यास एवं भक्त परिवार के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई भव्य चुनरी यात्रा ने ऐसा अलौकिक और भव्य दृश्य प्रस्तुत किया,जिसने हर किसी के हृदय को गहराई से स्पर्श कर दिया।रूदौली विधायक रामचंद्र यादव के नेतृत्व में माता की विशाल चुनरी यात्रा सम्पन्न हुई।कार्यक्रम बतौर मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह भी माता जी की चुनरी यात्रा व कन्या पूजन में शामिल होकर जय माता दी कि जयकारे लगाई।अपर्णा यादव ने कहा यह केवल एक यात्रा नहीं थी, बल्कि श्रद्धा, विश्वास और संस्कृति का वह विराट संगम था जहाँ हम भी शामिल हुए है।चुनरी यात्रा के साथ मंदिर पहुँच कर अपर्णा यादव ने दर्शन पूजन किया और जन कल्याण के लिए प्रार्थना किया।नगर पंचायत में रविवार को ऐतिहासिक अवसर पर लगभग 300 मीटर लंबी चुनरी माँ कामाख्या को अर्पित की गई।जब यह विशाल चुनरी सैकड़ों श्रद्धालुओं के कंधों पर सजकर आगे बढ़ रही थी, तो ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो आस्था स्वयं धरती पर उतर आई हो। पूरे मार्ग में माँ के जयकारों की गूंज इतनी प्रखर थी कि वातावरण देवमय हो गया।श्रद्धालुओं की आँखों में चमक, हाथों में श्रद्धा और दिलों में माँ के प्रति अगाध भक्ति झलक रही थी।सूर्य के तपन के बावजूद श्रद्धालु भक्ति के पथ पर झूमते नजर आए।कई श्रद्धालु तो अपने बच्चों को कंधों पर बैठाकर इस भव्य दृश्य का साक्षी बना रहे थे। महिलाओं ने मंगल गीत गाए, युवाओं ने माँ के नाम के जयकारे लगाए और



बुजुर्गों ने हाथ जोड़कर इस दृश्य को अपने जीवन का सबसे पावन क्षण बताया।भक्ति और आस्था के इस महासागर में जब प्रदेश की प्रतिष्ठित हस्तियाँ भी सम्मिलित हुईं तो आयोजन की गरिमा और अधिक बढ़ गई।उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अर्पणा यादव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लमाँ कामाख्या की यह चुनरी यात्रा केवल एक परंपरा नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। माँ का आशीर्वाद ही हमें समाज की सेवा करने की शक्ति देता है।ह्व वहीं भाजपा विधायक रामचंद्र यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।उन्होंने इस आयोजन को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि ह्लअयोध्या सदियों से आस्था की राजधानी रही है और माँ कामाख्या के इस चुनरी यात्रा यात्रा व कन्या पूजन का भव्य उत्सव ने इसे और गौरवान्वित किया है।इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए रूदौली क्षेत्राधिकारी आशीष निगम स्वयं सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाले रहे। पूरे मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और हर गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रही।

## जीएसटी बदलाव को लेकर व्यापारियों से मिले विधायक व महानगर अध्यक्ष

अयोध्या। केन्द्र सरकार द्वारा जीएसटी प्रणाली में किए गए बदलाव को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सोमवार को सिविल लाइन क्षेत्र व्यापारियों से सम्पर्क किया। इस दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने क्षेत्रीय व्यापारियों से पैदल भ्रमण कर मुलाकात की और सरकार द्वारा किए गए सुधारों की जानकारी दी। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जीएसटी व्यवस्था में व्यापारियों और उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन बदलावों से कर प्रणाली और अधिक सरल तथा पारदर्शी बनेगी। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि व्यापार करना अब पहले की तुलना में आसान होगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी ।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी व्यवस्था को और सरल बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

संक्षेप

## परिजनों की आशंका, तालाब में डूबा नवयुवक

महोली (सीतापुर)। थाना क्षेत्र के दौली गांव में एक नवयुवक की गांव के तालाब में डूबकर मौत होने की आंशका जताई गई है। परिजनों ने मौके पर जाकर युवक को ढूंढने की कवायद शुरू कर दी गई है। रविवार को सुबह दौली गांव निवासी सातिर 22 पुत्र लालजी पासी जो गांव के तालाब में मछली पकड़ने गया था। काफी देर तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जिसमें गांव के लोगों द्वारा सातिर को तालाब की ओर जाते हुए बताया गया। तालाब के पास पहुंचे परिजनों ने सातिर के ताल में डूबने की आशंका जाहिर की। युवक के डूबने की सूचना पर तालाब किनारे तमाम लोग इकट्ठा हो गए। दोपहर के करीब गांव वालों ने युवक के डूबने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी दिलीप कुमार चैबे द्वारा ग्रामीणों तथा लोगों के सहयोग से गोताखोरों को बुलाने और युवक का पता लगाने की कार्यवाही शुरूकर दी गई है।

## सड़क हादसों में एक की मौत, महिला लखनऊ रेफर

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक महिला को गंभीर हालत में लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ा। पहली घटना सिधौली-महमूदाबाद मार्ग पर टड़ईकलां के पास शनिवार की देर रात हुई। जहां तेज रफ्तार पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर एसआई राम अचल मौके पर पहुंचे और घायल को 108 एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली लाये। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रमोद कुमार 29 पुत्र छोटकन्ने निवासी सोहरवा थाना रामपुरकलां के रूप में हुई है। वह सिधौली से अपने घर जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। दूसरी घटना सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर जनता भट्ठा के पास हुई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। एक बाइक पर सवार माधुरी 48 पत्नी महेश प्रसाद निवासी नरोत्तम नगर दक्षिणी और उनका किराएदार सुशील कुमार 30 पुत्र रामप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा दोनों को सीएचसी सिधौली भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने माधुरी की हालत को गंभीर देखते हुए लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि सुशील की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।

## शतचंडी महायज्ञ के मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा के मां नवदुर्गा महोत्सव एवं शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर एक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह सम्मेलन रेउसा चैराहे पर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में स्थापित दुर्गा पंडाल में हुआ। जहां कवियों ने देर रात तक अपने काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ कवित्री गौरी मिश्र ने सरस्वती वंदना के साथ किया। इस कार्यक्रम में ओज के कवि देवेंद्र आग और हास्य गीत के कवि प्रमोद पंकज ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन हास्य कवि दमदार बनारसी ने किया। कविता पाठ के दौरान नवल सुधांशु ने अपने गीतों से समां बांधा। वहीं, अजय अंजाम ने वीर रस की अपनी कविता मेवाड़ और चेतक सुनाई, जिसे सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। इस कवि सम्मेलन का संयोजन अध्यापक और कवि संदीप मिश्रा ने किया। जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी डॉ. संदीप बाजपेई ने संभाली। इस अवसर पर कृष्ण कुमार त्रिवेदी, लोकेश मिश्रा, अवधेश चैहान, देवी शंकर बाजपेई, संजीव मिश्र, ज्ञानेश शुक्ला, ललित अवस्थी, रामकिशोर पांडे, मोहित सक्सेना, लवकुश तिवारी, डॉ. नरेंद्र शुक्ला, गुरूदीन गुप्ता, उदय अवस्थी, रामू मिश्रा और आनंद मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक समिति में राजकुमार मिश्र, संदीप बाजपेई, पवन रस्तोगी, जितेंद्र बाजपेई, सुधीर शुक्ला और आनंद शुक्ला आदि शामिल थे।

# छात्रों से बनवाये आपत्तिजनक चार्ट, केस दर्ज




जिला संवाददाता(vol)

सदरपुर (सीतापुर)। नवरात्र के पावन पर्व के बीच महमूदाबाद के एक निजी स्कूल में धार्मिक विवाद से जुड़ी एक सनसनीखेज घटना सामने आई है जिसने इलाके में तनाव पैदा कर दिया है। थाना सदर क्षेत्र के बनवीरपुर स्थित अमर बापू शिक्षा निकेतन विद्यालय के प्रबंधन पर आरोप लगा है कि उन्होंने हिंदू विद्यार्थियों से जबरदस्ती आई लव मोहम्मद लिखे स्लोगन चार्ट पर बनवाए। इस मामले में पुलिस ने एक्शन लेते हुए स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार यह विद्यालय प्रबंधक शौकत अंसारी द्वारा संचालित किया जाता है। शनिवार को प्रबंधक के कथित निर्देश पर प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने विद्यालय में एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित करवाई। इस प्रतियोगिता का विषय था ह्यआई लव मोहम्मदह्न। आरोप है कि कक्षा पांच के छात्र विशाल पुत्र विनोद, आदित्य पुत्र मनोज, कार्तिक पुत्र सुशील, और कक्षा तीन के छात्र अनमोल पुत्र रजनीश सहित कई हिंदू बच्चों से जबरन यह स्लोगन चार्ट पर बनवाया गया। इतना ही नहीं शिक्षकों द्वारा बाकायदा इन चार्टों को जाँचा भी गया और उन पर टिप्पणियाँ भी लिखी गईं। स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब ये बच्चे घर पहुंचे और उन्होंने अपने परिजनों को इस पूरी घटना की जानकारी दी तो अभिभावकों के होश उड़ गये। मामले की जानकारी मिलते ही अभिभावकों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश फैल गया। आक्रोशित अभिभावक तुरंत बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंच गये। जहां उन्होंने घटना को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्काल जांच-पड़ताल शुरू करते हुए विद्यालय के भीतर विद्यार्थियों और आक्रोशित अभिभावकों के बयान दर्ज किए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने इस संबंध में बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिली है। उन्होंने कहा, मामला गंभीर है और इसकी गहन जाँच कराई जा रही है। मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है शीघ्र ही अन्य विधि कार्रवाई की जाएगी। विद्यार्थियों और अभिभावकों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह मामला महमूदाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है और स्थानीय लोग स्कूल प्रबंधन की मंशा पर गंभीर सवाल उठा रहे हैं।

## अलर्ट मोड पर सीतापुर, सड़क पर उतरे डीएम-एसपी

सीतापुर। बरेली में हुए बवाल और दंगे के बाद, अब उसकी तपिश पड़ोसी जिले सीतापुर तक महसूस की जा रही है। जिला प्रशासन ने फौरन कार्यक्रम एक्शन लेते हुए पूरे जिले को हाई अलर्ट पर कर दिया है और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की ह्यनईह्न धारा 163 लागू कर दी है। इसी के क्रम में डीएम तथा एसपी ने शहर के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया और सख्त हिदायत भी दी। बरेली में हुए उपद्रव के बाद सीतापुर प्रशासन किसी भी अफवाह या असामाजिक तत्वों को सिर उठाने का मौका नहीं देना चाहता।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश के अनुसार किसी भी सार्वजनिक स्थान पर अनावश्यक रूप से लोगों का इकट्ठा होना सख्त मना है। पुलिस अब किसी भी तरह के जमावड़े को तुरंत तितर-बितर करेगी। बिना अनुमति के कोई भी राजनीतिक या धार्मिक जुलूस, धरना या सभा आयोजित नहीं की जा सकती। यह नो-एंट्री आदेश विशेष रूप से उन लोगों के लिए है जो माहौल बिगाड़ने या शांति भंग करने की कोशिश कर सकते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीतापुर की सड़कों पर खाकी का पहरा बढ़ा दिया गया है। जिले के संवेदनशील और अति-संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पुलिस के आला अधिकारी खुद पैदल गश्त कर रहे हैं। प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों की संपत्ति जब्त करने तक की कार्रवाई हो सकती है। प्रशासन का सबसे ज्यादा ध्यान अब सोशल मीडिया पर है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जो भी व्यक्ति सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भड़काऊ या झूठे संदेश फैलाकर माहौल खराब करने की कोशिश करेगा उस पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाएगा।

## थाने जाकर छात्राओं ने जानी वहां की व्यवस्थाएं



उन्नाव, (वीओएल)। इन दिनों मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके अधिकारों के बारें में जागरुक करने के लिए पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जा रहा है।

बता दें कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन के बच्चों को एसआरजी डॉ रचना सिंह के संयोजन में महिला थाना का भ्रमण करवाया गया। महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बालिकाओं तथा महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी

- **कंट्रोल रुम, 112 की कार्यप्रणाली, महिला हेल्पडेस्क व शस्त्रों के बारे में बताया**

दी। बच्चों को एफ आई आर दर्ज कराने का तरीका बताया। आई जी आर एस की भी जानकारी दी गई। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी सीनियर सब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने बच्चों को थानों, पुलिस कंट्रोल रूम और 112 की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। बच्चों को महिला हेल्पडेस्क और शस्त्रों के बारे में बताया गया। इस दौरान, बच्चों को यातायात नियमों, महिला अधिकारों और साइबर अपराधों के बारे में भी जागरूक किया गया। जिससे उनमें पुलिस और कानून के प्रति सम्मान और समझ की भावना विकसित हो सके। छात्राओं ने अपनी जिज्ञासा के अनुसार पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह और पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी अनूप मिश्रा ने जवाब देकर छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर कहा गया कि जरूरत पड़ने पर इनका प्रयोग करें पुलिस सहायता तुरंत आपके पास होगी। बच्चों के साथ एस आर जी डॉ रचना सिंह, मुसर्रत फातिमा, शिक्षिका नूपुर श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## गणेश पूजन के साथ रामलीला कमेटी के सदस्यों ने निकाली ध्वज यात्रा



उन्नाव, (वीओएल)। स्थानीय मोतीनगर स्थित हनुमान मंदिर से पौराणिक रामलीला का शुभारंभ ध्वज यात्रा के साथ हुआ। यह यात्रा मोती नगर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर आईबीपी चैराहा, बड़ा चैराहा, छोटा चैराहा होते हुए राम लीला मैदान साकेत धाम पहुंची। आचार्य वृंदों के सस्वर मंत्रोच्चारण के मध्य गणपति पूजन व ध्वज रोपित कर स्थापित किया गया। अध्यक्ष संजय राठी ने आभार व्यक्त करते हुए बताया कि वाटर प्रूफ भव्य विशाल जर्मन हैंगर पांडाल में वृन्दावन के सुविख्यात लीला मंडल द्वारा लीलाओं का मंचन होगा और 9 अक्टूबर को राम राज्याभिषेक के अवसर पर विराट डांडिया रास व गरबा का आयोजन होगा जिसमें देश के विख्यात कलाकार मंच पर होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष संजय राठी, महामंत्री अरविंद श्रीवास्तव कमल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्र भानू, कार्यवाहक महामंत्री प्रेम सिंह सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, कृष्णप्रिय मोती श्याम, अधिवक्ता ओ पी तिवारी, हिन्दू जागरण मंच से विमल द्विवेदी, डॉ मनीष सेंगर, डॉ प्रभात सिन्हा, फूल चंद्र जायसवाल, महेश गुप्ता, जगदीश माहेश्वरी, संजीव गुप्ता राजा, विनोद शर्मा, नीरज निगम, सुभाष गुप्ता, इंदु प्रकाश अवस्थी, सुनील मिश्रा, कौशल किशोर यादव, अरविंद श्रीवास्तव, राहुल कश्यप, रानू निगम, बुद्धीलाल चौरसिया, मिथुन श्रीवास्तव, महिला मंडल में प्रमुख रूप से कीर्ति गुप्ता, स्वर्णलता राधे, स्मिता राधे, रश्मि निगम, श्वेता राधे, तनु राधे आदि लोग उपस्थित रहे।

## केदार नाथ स्वरूप सार्वजनिन दुर्गोत्सव कार्यक्रम का डीएम ने किया उद्घाटन

सीतापुर। शहर के आँख अस्पताल परिसर में आयोजित श्री-श्री सार्वजनिन दुर्गोत्सवो में रविवार को षष्ठी पूजा के साथ पाँच दिवसीय कार्यक्रम प्रारम्भ हो गया।

इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव का पचासवां साल है पचासवी वर्षगांठ पर आयोजित दुर्गोत्सव पर केदारनाथ मंदिर स्वरूप बने पंडाल का उदघाटन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलन करके किया। इसके उपरांत समिति के अध्यक्ष एनएन चटर्जी उपाध्यक्ष संजीव दास, विश्वजीत पोले, महासचिव रंजीत दास अति महासचिव पंकज मुखर्जी सहायक महासचिव आकाश राय ने पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट करके आभार जताया। पश्चिम बंगाल के मिदनापुर से पधारे पुरोहित दुर्गा पदों चक्रवर्ती द्वारा प्रात काल कलश स्थापित कर मंत्रोउच्चारण शंख घंटा ढाक की मधुर ध्वनि के साथ षष्ठी पूजा सम्पन्न कराया। पूजा के उपरांत बंगाली समुदाय की महिलाओं ने पुष्पांजलि अर्पित की। षष्ठी तिथि से दुर्गा पूजा के प्रारंभ से मां दुर्गा के साथ माता लक्ष्मी, माता सरस्वती, भगवान गणेश और भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। सायंकाल की बेला में वैदिक मंत्रोउच्चारण के साथ समुदाय की महिलाओं की उलोक ध्वनि व ढाक के मध्य पंडाल में माँ दुर्गा का आमंत्रण कर प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा की गयी। तत्पश्चात देवी की प्रतिमा को धनुष बाण चक्र अदि अस्त्र धारण कराये गये।

## वर्तमान सरकार में बहू बेटियां सुरक्षितः बंबालाल दिवाकर



सफीपुर, उन्नाव, (वीओएल)। मिशन शक्ति- 5 अभियान के तहत मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर ने खंड विकास अधिकारी की मौजूदगी में विस्तृत जानकारी दी। ब्लॉक क्षेत्र के खरगौरा गांव पंचायत भवन स्थित आयोजित मिशन शक्ति-5 की जानकारी देते हुए मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर ने बताया कि भाजपा सरकार में कानून का राज चल रहा है। पूर्व वर्ती सरकार में जंगलराज कायम था। बहन बेटियां घरों में सुरक्षित नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे है। देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जो सपना देखा है उसे साकार करने में लगातार प्रयास कर रहे है। इस दौरान खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी छोटेलाल, ग्राम पंचायत अधिकारी आशीष मिश्रा, ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान दरोगा सिंह, नान्हे सिंह ने 51 किलो का माला पहनाकर विधायक जोरदार स्वागत किया। मंच का संचालन मलखान सिंह ने किया। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि विधायक बम्बालाल दिवाकर ने लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत खरगौरा में लाइब्रेरी का फीता काट कर शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक बंबालाल दिवाकर ने कहा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ प्रदेश के युवाओं को मुफ्त तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए कही दूर न जाकर ग्राम पंचायत स्तर पर लाइब्रेरी के माध्यम से तकनीकी शिक्षा से युवाओं को जोड़ा जा रहा है।

## तम्बौर प्रीमियर लीग में अमन रेस्टोरेंट बनी चैंपियन




जिला संवाददाता(vol)

तम्बौर, सीतापुर। तम्बौर कस्बे में आयोजित तीन दिवसीय तम्बौर प्रीमियर लीग का शनिवार शाम को शानदार समापन हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मैच फीता काटकर समाजसेवी साबिर अली पीटीआई, दाऊद ठेकेदार और शौकत अली ठेकेदार ने उद्घाटन किया। मुख्य आयोजनकताओं में पूर्व सभासद जावेद खान, साहिल खान, ए बी, शुएब मोल्ला, शुहेल अख्तर, सादाब खान शामिल रहे। कमेंट्री का रोमांच तौकीर अहमद, दिलशाद खान और अकलीम खान ने बढ़ाया।

टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिनमें अमन रेस्टोरेंट, राज इंटर प्राइजेज, रेडियन्स इंटर कॉलेज, हन्नी बन्नी डायपर क्लब, एस के प्लाईवुड, लखनऊ बेकरी, फैशल मोबाईल क्लब और अल्फा स्ट्राइकर शामिल थे।

सेमीफाइनल में अमन रेस्टोरेंट ने हिंदुस्तान प्लाईवुड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि राज इंटर प्राइजेज ने हन्नी बन्नी डायपर क्लब को मात देकर अपना स्थान सुरक्षित किया। फाइनल मुकाबले में अमन रेस्टोरेंट ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 44 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राज इंटर प्राइजेज की टीम केवल 24 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टूर्नामेंट के पुरस्कारों में मैन ऑफ द मैच का खिताब अरशद खान को, मैन ऑफ द सीरीज सुहेल अख्तर को और बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मशरूर अंसारी को दिया गया। इस मौके पर नफीस अहमद, रफीक अहमद, इजहार, अरकम बैग, ताज ठेकेदार, नोसाद खान, इरफान ठेकेदार, गुड्डू वर्मा, लतीफ खान, शाह जमा अंसारी, खूबेब खान, दिलशाद खान, जीशान मंसूरी, शुएब खान, सगीर गौरी, सीबू खान और अजीम अज्जू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति के तहत डिग्री कॉलेज में हुआ नारी जागरूकता कार्यक्रम



बिसवां नगर (सीतापुर)। तहसील बिसवां थाना सदरपुर क्षेत्रांतर्गत राम औतार कल्याणी देवी बालिका डिग्री कॉलेज भिनैनी में रविवार को मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन का कार्यक्रम थाना सदरपुर टीम द्वारा संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता कालेज प्रबंधक रमाकांत वर्मा ने की।

मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भिनैनी के राम औतार कल्याणी देवी बालिका डिग्री कॉलेज में रविवार को मां गायत्री जन कल्याण फाउंडेशन द्वारा एक मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें थाना सदरपुर से पधारे एसआई रतन सिंह एचसी बसंत लाल पटेल हेड कांस्टेबल व महिला आरक्षी सपना शर्मा, महिला आरक्षी आंशिक यादव ने भाग लिया। जिनका चंदन तिलक लगा कर अभिनन्दन स्वागत किया गया। इसके उपरांत सपना शर्मा ने महिला सुरक्षा के बारे में उपस्थित गोष्ठी में महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया। जिसमें 1090, 1098, 108, 102, 112, 101, 1030 पर सरकार द्वारा संचालित नंबरों से मोबाइल से कॉल कर सेवा की बात बताई। इस मौके पर ग्रामीण व विद्यालय के अध्यापक विक्रम एवं डाक्टर सुशील कुमार व फाउंडेशन के डायरेक्टर योगेश वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर डाली आपत्तिजनक पोस्ट, केस दर्ज

सीतापुर। बिसवां कोतवाली इलाके में सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की नीयत से एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने का मामला सामने आया है। जानकारी होते ही हिंदूवादी संगठनों में खलबली मच गई। राष्ट्रीय बजरंग दल और बजरंग दल ने संयुक्त रूप से आरोप लगाया है कि आरोपी युवक ने समाज विशेष को भड़काने और हिंदू समाज को अपमानित करने के इरादे से यह वीडियो डाला है। विहिप नेता प्रेमशंकर बाजपेई और राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला मंत्री ललित दीक्षित ने एक्स प्लेटफॉर्म पर और सीधे बिसवां कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी की पहचान मोहल्ला मियागंज निवासी शाहवाज हुसैन कादरी के रूप में की। आरोप है कि कादरी ने दो दिन पूर्व अपने सोशल मीडिया अकाउंट से ऐसा वीडियो पोस्ट किया। जिसमें हिंदू समाज को अपमानित करने वाले बयान और जान से मारने की धमकी दी गई। यही नहीं आरोपियों पर अवैध रूप से आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ललित उन्होंने मांग की कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार का कृत्य न कर सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिसवां पुलिस सक्रिय हो गई। प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की शिकायत दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच में मामला सही पाया गया है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए निगरानी तेज कर दी गई है।

## 14 हाई मास्ट लाइटें नगर को रोशन करेंगी

हिलौली, उन्नाव। उन्नाव जिले की मौरावां नगर पंचायत में विकास कार्यों को गति देते हुए 14 हाई मास्ट स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ की पहल पर ये लाइटें 12 वार्डों और दो अन्य स्थानों पर स्थापित की गई हैं, जिससे पूरा नगर क्षेत्र रात में भी रोशन रहेगा। इन लाइटों का उद्घाटन बेनीगंज वार्ड में किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने हाई मास्ट लाइट का पूजन कर उसे चालू किया, जिसके बाद पूरा बेनीगंज वार्ड दूधिया रोशनी से जगमगा उठा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने बताया कि इन हाई मास्ट स्ट्रीट लाइटों को लगाने का उद्देश्य केवल रोशनी प्रदान करना नहीं है। उन्होंने कहा कि इससे चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं पर भी अंकुश लगेगा और नगर में सुरक्षा का माहौल बेहतर होगा। इस मौके पर जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, अतुल दीक्षित, धर्मेंद्र यादव, राजीव सिंह, शुभम सिंह, सोनू सिंह, प्रदीप चौरसिया, सुमित सिंह, विवेक सोनी, सूर्यभान और गौरी शंकर सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

सीतापुर। संमृद्धि फाउंडेशन के तत्वाधान में मिशन शक्ति अभियान के तहत ग्राम भाहुर में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार थे, जबकि थानाप्रभारी कमलापुर प्रदीप सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी सिधौली ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उनकी तुलना मां दुर्गा और लक्ष्मी से की और उन्हें अपनी शक्तियों को जाग्रत कर अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राधा निगम, कृतिका शुक्ला, भूमि सिंह, अंजनी पाल, अंजू पाल, जान्हवी सिंह, लक्ष्मी निगम, वैष्णवी सिंह और निधि पाल ने माता के नौ रूपों का रंगारंग प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा अन्य बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। संमृद्धि फाउंडेशन की चैयरमैन अपर्णा मिश्रा ने आगंतुकों का अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया तथा फाउंडेशन द्वारा मिशन शक्ति के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिधौली ने पुरस्कार वितरण भी किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित थे राम प्रसाद शुक्ला, कमलेश शुक्ला, राकेश शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला, बबलू सिंह चौहान, प्रदीप शुक्ला, दिलीप शुक्ला, विधाधर शुक्ला, होरिलाल गुप्ता, संजय गुप्ता, श्यामू, राजेन्द्र भार्गव, खुशी राम भार्गव, नीरज दीक्षित, उदय भान सिंह, गंगाराम गौतम, फत्ते खान, हसमत अली, रामगोपाल विश्वकर्मा, राम खेलावन, श्री केशन, सुशील पाल, शिव शागर पाल, राजेन्द्र गोविंद पाल, ललन पाल, कल्लू रावत, कृपाल रावत। कार्यक्रम ने महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करते हुए मिशन शक्ति अभियान के संदेश को सफलतापूर्वक पहुँचाया।

## मंत्री धर्मपाल सिंह ने सुनी मन की बात

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह द्वारा सीतापुर पहुंचकर सर्वप्रथम नैमिष में आदिशक्ति मां ललिता देवी के मंदिर पहुंच



कर मां के दर्शन किए। तत्पश्चात प्रधानमंत्री द्वारा संबोधित मन की बात को मिश्रिख-नैमिष की बूथ संख्या 388 पर अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ सुना। साथ ही साथ उनके द्वारा बूथ संख्या 388 पर स्वदेशी संकल्प पत्र को भी भरा गया। इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा, सांसद मिश्रिख अशोक रावत, सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान, विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव, विधायक सिधौली मनीष रावत, ब्लॉक प्रमुख मिश्रित रामकिंकर पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष मिश्रिख सीमा भार्गव, रोहित सिंह, अजय भार्गव, रामगोपाल अवस्थी सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## शारदीय नवरात्र पर माता के मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

पाटन, उन्नाव। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बीघापुर तहसील क्षेत्र में जगह-जगह मां दुर्गा के दरबार सजे हुए हैं। भक्त श्रद्धाभाव से मां की प्रतिमा की स्थापना कर सुबह-शाम पूजन अर्चन और भजन-कीर्तन कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड सुमेरपुर के हुलासीखेड़ा नहर पुल पर वंदना मिश्रा द्वारा मां की प्रतिमा स्थापित की गई। नवरात्र के पांचवें दिन कूष्मांडा माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर कन्या भोज का आयोजन भी हुआ, जिसमें भक्तों ने आस्था के साथ मां की आराधना कर मनोकामनाएं मांगीं। कार्यक्रम स्थल पर सजे दरबार की सुंदर छटा ने वातावरण को भक्ति रस से भर दिया। कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लखनऊ की ओर से कठपुतली नृत्य का आयोजन किया गया। कलाकारों ने मद्य निषेध, दहेज प्रथा और नशामुक्ति जैसे सामाजिक संदेशों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। आयोजन समिति ने आए हुए कलाकारों का माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत-सम्मान किया। इस मौके पर सुरेश कुमार मिश्रा, पंकज मिश्रा, संदीप मिश्रा, रितिक सिंह, शिवनाथ सहित बड़ी संख्या में भक्त और दर्शक मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं को जागरूक किया

पुरवा, उन्नाव। जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक उन्नाव के द्वारा जनपद में चलाए जा रहे, मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को मूलभूत रूप से जागरूक किया जा रहा है, जिसमें सरकारी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। कोतवाली पुरवा में थाना समाधान दिवस का भी आयोजन किया गया, जहां संबंधित अधिकारियों के द्वारा लोगों की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया, तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित भी किया गया। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम पुरवा प्रमेश श्रीवास्तव तथा क्षेत्राधिकारी तेज प्रताप सिंह के द्वारा किया गया, जिसमें तहसीलदार मनीष द्विवेदी, नायब तहसीलदार नीरज चतुर्वेदी, इंस्पेक्टर पुरवा अमरनाथ यादव, भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

संक्षेप

## युवक को खम्भे से बांधकर पीटने पर मुकदमा

**ललितपुर।** तालबेहट के मोहल्ला रानीपुरा निवासी कैलाश जोशी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 10 सितम्बर को शाम करीब 6 बजे उसका पुत्र पुष्पेन्द्र मोहल्ला झरका बाग में सोमवती पाल के घर पर सामान देने गया था। वह जैसे ही सोमवती पाल के घर के बाहर निकला तो बाहर खड़े अज्जू श्रीवास, जीवन श्रीवास पुत्रगण अशोक श्रीवास, सत्यम पुत्र प्रमोद ने गालियां देना शुरू कर दिया, जब उसने विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसे पकड़ लिया और बिजली के खम्भे से बांधकर मारा पीटा। मोहल्ले के लोग आये तो उक्त लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। इस हमले में उसके पुत्र को चोटें आयीं हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन कल

**ललितपुर।** व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग उ.प्र. के निदेशों के अनुपालन में 30 सितम्बर 2025 को सुबह 09.30 बजे से नोडल संस्थान आईटीआई ललितपुर में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जाना है।

उक्त मेले में जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठत अधिष्ठानों/विभागों (राजकीय एवं निजी) द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। इच्छुक युवा अप्रेन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग करने के लिए अपना पंजीकरण बेबसाइड पर कराकर साथ ही अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं छायाप्रति के साथ अप्रेन्टिसशिप मेले में प्रतिभाग कर सकते है। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने दी।

## ललितपुर में बेखौफ चोरों का आतंक

**ललितपुर।** शहर में बेखौफ चोरों ने पुलिस गश्त और सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। सिविल लाइन कपिल गेस्ट हाउस के पीछे स्थित मकान में शनिवार की रात करीब 7 से 8 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर भीतर रखा 20 हजार रुपये नकद और कीमती जेवरात पार कर दिए।

पीड़ित प्रमोद कुमार चैबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना के समय उनका परिवार नीचे वाले कमरे में था, तभी चोर पीछे से दूसरे मंजिल के कमरे का कच्चा दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी का लॉक तोड़कर नकदी व जेवरात उड़ा ले गए। बाद में जब कमरे की तलाशी ली गई तो अलमारी टूटी हुई और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर पुलिस गश्त के बावजूद चोर इतनी बड़ी वारदात को कैसे अंजाम देकर फरार हो गए? पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## झांकी में युवक पर जानलेवा हमला, धमकाया

**ललितपुर।** थाना बार अंतर्गत ग्राम जरावली में रहने वाले जयहिन्द पुत्र उपदेश सिंह ने चिगलौआ चैकी पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि वह झांकी के पास खड़ा हुआ था, तभी गांव की महिला प्रधान का पति राजबहादुर पुत्र अमरसिंह अपने भाई और लड़के के साथ आये और उससे बोले कि नचनारी के लिए पैसा दिया था, वह वापस करो। क्योंकि नचनारी नची नहीं है। इस पर उन्होंने कहा कि वह कमेटी में शामिल नहीं है, उसे झांकी से मतलब है। उन्होंने कमेटी से जाकर बात करने की बात कहते हुये बाथरूम चला गया।

पीड़ित का आरोप है कि राजबहादुर ने अपने भाई प्रहलाद व राजाजी के साथ पीछे से आकर उसके साथ मारपीट कर दी और धारदार हथियार से हमला कर दिया। किसी प्रकार वह छूटकर भागा, उक्त लोग उसे जान से मारने की नीयत से पीछे भागे और धमकाते रहे। आरोप है कि उक्त लोग बुलैरो लेकर भाग गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# नपा परिषद उपचुनाव की सरगर्मियां तेज

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष पद के लिए आगामी दिनों में सम्पन्न होने जा रहे उप चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो चली हैं। उप चुनाव में नपा अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी ने जहां एक ओर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चैबयाना निवासी नीलम चौबे को पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाया है, तो वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी ने तत्कालीन नपा अध्यक्ष सरला जैन की बहू सोनाली जैन को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर सपा प्रत्याशी नीलम आशीष चौबे को समर्थन देकर गठबंधन धर्म निभाने का ऐलान किया है। वहीं आम आदमी पार्टी से भी प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं हो सकी है। इधर बहुजन समाज पार्टी से भी किसी अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा देर शाम तक न होने का समाचार मिला हैगौरतलब है कि वर्ष 2025 में नपा अध्यक्ष सरला जैन का लम्बी बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिसके बाद प्रशासन द्वारा नगर पालिका में प्रशासक के तौर पर उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार को नियुक्त कर दिया गया था। इसी बीच आधे सितम्बर माह के गुजरते ही निर्वाचन आयोग ने उप चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी। चूंकि एक माह के कम समय में चुनाव प्रक्रिया को सम्पन्न कराये जाने के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयार की है, जिसके चलते अधिसूचना जारी होने के बाद से ही शहर में तमाम प्रकार की चचाओं का दौर शुरू हो गया था, तो वहीं राजनैतिक दलों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी थीं। सामान्य महिला के लिए आरक्षित नपा अध्यक्ष पद के लिए समाजवादी पार्टी में पुराने और वरिष्ठ कार्यकताओं ने आवेदन किये थे, जिनमें महिला मोर्चा की वरिष्ठ कार्यकत्रियां भी शामिल रहीं।

- आज नाम निर्देषन पत्रों की बिक्री का आखिरी दिन, सामने आ सकते हैं कुछ बड़े चेहरे
- सपा से नीलम तो भाजपा ने सोनाली जैन को बनाया प्रत्याशी
- कांग्रेस ने सपा प्रत्याशी को समर्थन देकर गठबंधन निभाने का किया ऐलान

लेकिन कार्यकताओं के आवेदनों को दरकिनार करते हुये समाजवादी पार्टी ने चैबयाना निवासी नीलम चौबे को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया। सत्तादल भाजपा में नपा अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी बनने की प्रत्यासा लेकर करीब तीन दर्जन से अधिक आवेदन पहुंचे, जिनमें काफी रस्साकसी के बाद अंतिम समय में तत्कालीन नपा अध्यक्ष रहीं कीर्तिशेष सरला जैन की पुत्रवधू सोनाली जैन को ही पार्टी ने अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया। नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री का आज आखिरी दिन होगा। आज हो सकता है कि कुछ बड़े चेहरे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आगे आयें। 30 सितम्बर को प्रशासन द्वारा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। 03 अक्टूबर तक नाम वापिसी हो सकेगी। 6 अक्टूबर को प्रतीक चिंह आवंटन किया जायेगा तथा 15 अक्टूबर को मतदान व 17 अक्टूबर को मतगणना होगी। अब 17 अक्टूबर को चुनाव के बाद ही पता चलेगा कि नगर पालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी को कौन संभालेगा?

## छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

*महोबा।* राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2026/27 प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रो पर आयोजित की जानी है।

इस परीक्षा हेतु आनलाइन आवेदन वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डोट इन्टडाटा डोट इन पर दिनांक 27 अगस्त 2025 से प्रारम्भ है आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 24 सितम्बर 2025 से बढ़ाकर 4 अक्टूबर 2025 कर दी गयी है।

आनलाइन आवेदकों द्वारा हुयी त्रुटियों में संशोधन की तिथि 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक निर्धारित की गयी है।

## गेंवरा गुंदेरा में लगा स्वदेशी 4जी टॉवर

**ललितपुर।** प्रधानमंत्री ने ओडिशा राज्य के झारसुगुड़ा से देश भर में 97,500 मोबाइल स्वदेशी 4जी (5जी अपग्रेडेबल) टावरों का उद्घाटन किया। समवर्ती उद्घाटन लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुआ, जहां मुख्यमंत्री एवं वित्त राज्य मंत्री पंकज चैधरी की उपस्थिति रही।

राज्य में कुल 142 सैचुरेशन बीटीएस स्थापित किए गए हैं, जिनमें से उत्तर प्रदेश के 4 बीटीएस को प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा एनआईसी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन हेतु चुना गया।

इनमें झांसी प्रचालन क्षेत्र के अंतर्गत 11 कार्य कर रहे ऐसे बीटीएस में से ललितपुर जिले की तालबेहट तहसील स्थित आदर्श ग्राम गेवरा गुन्देरा का 4जी सैचुरेशन बीटीएस भी सम्मिलित है। इस दौरान एन.आई.सी. ललितपुर की से आकाश वर्मा एडीआईओ एनआईसी, नेटवर्क इंजी. चंद्रमणि पाण्डेय, बीएसएनएल झांसी एवं कानपुर के प्रधान महाप्रबंधक प्रभांश यादव, सहायक महाप्रबंधक (मोबाइल सेवा) पवित्र सिंह, मंडल अभियंता (ललितपुर) एस.के. अहिरवार, एसडीओ (तालबेहट) नरेश सिंह, उपमंडल अभियंता (सेल्स) मयंक गुप्ता, अधिकारी ग्राम गेवरा गुन्देरा में उपस्थित रहे एवं टी.सी.एस. की तरफ से शैलेन्द्र सिंह चैहान ग्राम गेवरा गुन्देरा में मौजूद थे।

# डीएम की विशेष जनसुनवाई में निपटे 86 मामले



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के नागरिकों की समस्याओं के त्वरित व समयबद्ध निस्तारण के लिए की जिलाधिकारी अमनदीप डुली की नई पहल ष्विशेष जनसुनवाईष् जिले के निवासियों को बड़ी राहत दे रही है, विशेष जनसुनवाई के अंतर्गत जहां लोगों की शिकायतें निर्धारित समय अवधि में निस्तारित हो रही हैं तो वहीं दैनिक प्राप्त होने वाली शिकायतों में भी भारी कमी देखने को मिल रही है।

**40 शिकायतों के निस्तारण के लिए दिया अल्टीमेटम**

इसी के क्रम में 28 सितंबर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पुनः विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जहां जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने अधिकारियों और शिकायतकताओं की मौजूदगी में अधिकतर शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कराया, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हुए और जिला प्रशासन की पहल की सराहना की।

विशेष जनसुनवाई में कुल 126 शिकायतें आईं थीं, जिनमें से 86 शिकायतों का निस्तारण कराया दिया गया और शेष 40 शिकायतों के लिए तिथि निर्धारित करते हुए अधिकारियों को समयसीमा में निस्तारण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कोई भी शिकायत अनावश्यक रूप से लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में, गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। इसके साथ ही जनसुनवाई में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को आगामी तिथि में निस्तारण आख्या सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सादर मनीष कुमार, उप जिलाधिकारी भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी अभिजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुँवर सिंह यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी संजय श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता विद्युत व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में शिकायतकर्ता उपस्थित रहे।

# संस्कृति को जीवंत रखते हैं त्योहारः प्रधानमंत्री



जिला संवाददाता

**बांदा।** भाजपा कार्यकताओं ने जिले के सभी बूथों में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। एपीसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत, भारतीय संस्कृति, नारी सशक्तिकरण तथा देश में मनाये जाने वाले त्योहारों पर चर्चा करते हुए कहा कि त्यौहार संस्कृति को जीवंत रखते हैं।

उन्होने कहा कि नवरात्रि पर्व नारी शक्ति का प्रतीक है, महिलाये 9 दिन व्रत रखकर देवी की उपासना करती हैं और बेटियां देश के लिए बहुत कुछ कर रहीं हैं। कहा कि भारत आत्मनिर्भर बन रहा है इसे मजबूत करने के लिए स्वदेशी वस्तुओं का उत्पादन व खरीदारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी से भारत की परिकल्पना साकार होगी। जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने तिंदवारी विधान सभा के तिंदवारी कस्बा स्थित देवी नगर में मोदी के मन की बात सुनी। पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने नरैनी विधानसभा के अतर्रा मण्डल स्थित बूथ में, जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, जाग्रति वर्मा ने शहर के मढ़ियांनाका में, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, मण्डल उपाध्यक्ष चन्द्र भूषण सोनी सेक्टर संयोजक दिनेश शुक्ला ने खुटला सेक्टर के बूथ में मोदी के मन की बात सुनी। प्रत्येक बूथ में देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया।

# विदुर ब्रांड महिला सशक्तीकरण की दिशा में नये-नये आयाम स्थापित कर रहाः डीएम

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने मीडिया को प्रेस नोट जारी कर बताया कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में विदुर ब्रांड नए-नए आयाम तय कर रहा है। महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री की मार्केटिंग से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को साक्षात रूप प्रदान हो रहा है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि जिले भर में 18 से भी अधिक विदुर स्टोर खोले गए हैं तथा जिले के विभिन्न स्थानों पर विदुर कैफेटेरिया भी खोले जाएँगे। यह आउटलेट स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने, मिशन शक्ति के तहत ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से आजीविका के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट विदुर ब्रांड की सचिव जूली देवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर बिजनौर में जिला प्रशासन के सहयोग से विदुर ब्रांड की स्थापना, उपलब्धियों और ग्रामीण महिलाओं की आजीविका वृद्धि में इसके योगदान पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्हें अवगत कराया कि जिला बिजनौर में विदुर ब्रांड के अंतर्गत 150 से अधिक विभिन्न उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें विदुर स्टोर के माध्यम से बेचा जा रहा है और इसका सीधा लाभ स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विदुर ब्रांड की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे स्वदेशी का प्रतीक बताया और कहा कि यह ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं महिला उद्यमिता का प्रेरणादायक मॉडल है। उन्होंने बताया कि विदुर ब्रांड आउटलेट के माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा 150 से अधिक तैयार किए गए विविध स्वदेशी उत्पाद जैसे खाद्य सामग्री, स्वच्छता एवं घरेलू उपयोग की वस्तुएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यह पहल महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के साथ-साथ वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी साकार करेगी। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जन सामान्य का आह्वान किया कि विदुर ब्रांड के उत्पादों को अधिक से अधिक मात्रा में प्रयोग में लाकर जिला बिजनौर की प्रतिष्ठा को बढ़ाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान उपलब्ध कराएं।

## अहिल्याबाई होलकर छात्रावास में डांडिया नाइट्स का आयोजन

अयोध्या। अवध विश्वविद्यालय के अहिल्याबाई होल्कर छात्रावास में शुक्रवार शाम को नवरात्रि के अवसर पर डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया। नवरात्रि की शाम हुए इस आयोजन में सिंह के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो नीलम पाठक का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

## पटाखा फैक्ट्री में भयंकर विस्फोट कई लोग घायल, पुलिस जांच में जुटी



**बिजनौर।** लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में चिंगारी से आग लगने पर तेज धमाके से क्षेत्र में हडकम्प मच गया। घटना में चार से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है। सूचना पाकर घंटो बाद फायर बिग्रेड ने मौके पर हल्के से निकल रहे धुए को बुझाया। सूचना पर एएसपी पूर्वी ने भी घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार थाना नहटौर क्षेत्र के गांव सीकरी खुर्द में स्थित लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री में रविवार की सुबह लगभग 7:15 बजे अचानक तेज धमाका होने पर क्षेत्र दहल गया। ग्रामीणों के अनुसार बारूद में हल्की सी चिंगारी निकलने के बाद आग लग गई और आग लगने के बाद तेज धमाका से फैक्ट्री का टीन सेट आदि उड़ गए। धमाके के आवाज कई किलोमीटर तक सुनी गई है। फैक्ट्री में धमाके के बाद भगदड़ मच गई। कई लोग भगदड़ के दौरान गिरकर घायल हुए हैं। फैक्ट्री संचालक आग लगने के बाद झुलसे लोगों को उपचार के लिए वहां से ले गए। धमाके में ग्राम किशनपुर भोगन निवासी आशीष पुत्र पूरन सिंह, जरीफपुर चतर निवासी रतिराम उर्फ छोटे पुत्र रूपचंद सिंह के अलावा अरुण, बालेश लवी के घायल होने की जानकारी मिली है। लोगो के अनुसार कई अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जिस समय फैक्ट्री में धमाका हुआ था उस समय फैक्ट्री में लगभग 100 लोग काम कर रहे थे। घटना की सूचना पर एएसपी (पूर्वी) अमित श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडेय, अग्निशमन अधिकारी डॉ0 राजीव कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष धीरज नागर सहित भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। एएसपी अमित श्रीवास्तव ने घटना का निरीक्षण करते हुए पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# गरबा और डांडिया उत्सव में झूमे श्रद्धालु



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** नगर के तालाबपुरा स्थित मां शारदा माता मंदिर में नवरात्रि की पंचमी के अवसर पर विधि विधान से माता का भव्य श्रृंगार किया गया।

- मां की भक्ति में लीन श्रद्धालुओं ने मनाई पंचमी

आरती उपरांत श्रद्धालु महिलाओं द्वारा गरबा और डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। जिसमें हाउस वाइफ और अधिकतम कामकाजी महिलाओं ने हर्षोल्लास पूर्वक भाग लिया, जिसे श्रद्धालुओं द्वारा काफी सराहा गया। इस अवसर पर रंग-बिरंगी पोशाकों में सजी महिलाओं द्वारा अपने उत्कृष्ट नृत्य कौशल का प्रदर्शन किया जायेगा। इस अवसर पर प्रेरणा शर्मा, राखी साहू, संजना श्रीवास, आभा रिछारिया, अनामिका, अनीता, मनीषा, सरोज वर्मा, अंजली विश्वकर्मा, ज्योति, पूजा बडोनिया, पूजा बाथरी, पिंकी श्रीवास, सुषमा, सीमा चैहान आदि ने गरबा एवं डांडिया की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से महिलाओं में सांस्कृतिक परम्पराओं के प्रति जागरूका बढ़ती है और उनके कौशल को एक मंच मिलता है, जिससे प्रतिभाएं आगे आती हैं।वहीं एक विद्यालय में गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसने पूरे शहर का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उत्सव में राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ मुख्य अतिथि रहे। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। पूरे मैदान में पारंपरिक संगीत और ताल की गूंज से उत्सव का माहौल जीवंत हो उठा। मुख्य अतिथि ने विद्यालय के शानदार आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम और सामाजिक एकता की भावना को प्रबल करते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों और स्टाफ का विशेष योगदान रहा। इस गरबा उत्सव की भव्य सफलता पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

## रोटी बैंक ने अस्पताल में बांटे कपड़े, फल, बिस्किट



**बांदा।** रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और सह संरक्षक चंद्रमौली भारद्वाज के संरक्षण, उपाध्यक्ष तरन्नुम फात्मा की अध्यक्षता, कोषाध्यक्ष रेणुका गुप्ता के नेतृत्व में सुगन्धा अग्रवाल ने बच्चों को कपड़े वितरित किए। महिला जिला चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुनीता सिंह के निर्देशन में अस्पताल स्टाफ के सहयोग से महिला टीम ने प्रत्येक माह की तरह महिला जिला चिकित्सालय के मरीजों और तीमारदारों को फल, बिस्किट, कपड़ों का वितरण किया गया। महिला टीम की सचिव प्रमोद रेखा द्विवेदी और सदस्य रश्मि सिंह ने मरीजों को उनके मौलिक अधिकारों तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। फल, बिस्किट, कपड़े पाकर मरीज और तीमारदारों ने रोटी बैंक टीम को आशीर्वाद और दुआओं से नवाजा। वितरण कार्यक्रम में सोसायटी के रिजवान अली संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, महिला अध्यक्ष तबस्सुम फात्मा, उपाध्यक्ष रीना कन्नौजिया, महामंत्री रिया खान, सदस्य फरजाना बेगम, मुमताज बेगम, शहाना खान, अनम खान, निहाल खान, रईश खान मौजूद रहे।

## झोलाछाप के गलत इलाज से गयी व्यक्ति जान, परिजनों ने की कार्रवाही की मांग

**अफजलगढ़, बिजनौर।** झोलाछाप चिकित्सक के गलत इंजेक्शन से एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाही के लिए तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार अफजलगढ थाना क्षेत्र के गांव हिदायतपुर चैहड़वाला निवासी मेहर सिंह उर्फ पप्पू (45) पुत्र स्वरूप सिंह को पिछले दो दिन से बुखार आ रहा था। मेहर सिंह की अधिक हालत खराब होने पर परिजन उसे गांव के ही डॉक्टर के पास ले गए। चिकित्सक रोगी को इंजेक्शन लगाते हुए भर्ती कर लिया गया। डॉक्टर ने मरीज को ग्लूकोज लगाया। उपचार के दौरान ही युवक की और हालत खराब होती चली गई। परिजन युवक को काशीपुर ले जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई प्रेम सिंह ने डॉक्टर पर अपने भाई का गलत तरीके से इलाज करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के पास कोई वैध डिग्री नहीं है और वह मेडिकल स्टोर का भी संचालन करता है। सीओ आलोक सिंह का कहना कि घटना की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

# अलोना राजवाहा का लोकार्पण




**बांदा।** जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने अलोना राजवाहा के पुनरोद्धार कार्य परियोजना कालेश्वर मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में लोकार्पण किया। पैलानी में केन नहर प्रखण्ड की 270.63 लाख की लागत से अलोना राजवाहा 10 से 30.800 किलोमीटर का पुनरोद्धार किया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से लगभग 1271 हेक्टेयर सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी और इसका लाभ ग्राम लुकतरा, खप्टिहा कला, अलोना, पिपरहरी, पलरा और निवाईच के किसानों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि अलोना राजवाहा का पुनरोद्धार कराकर लगभग 45 वर्षों बाद ध्वस्त पड़ी इस नहर को पुनर्जीवित किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम ब्लाक प्रमुख तिंदवारी प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह, जिला पंचायत सदस्य नीरज प्रजापति, भरत सिंह, अलोना की ग्राम प्रधान सुमित सविता, सांड़ी विनोद निषाद, मैना निषाद, खैरेई गोरेलाल निषाद, रेहुंटा ओमकार निषाद, पिपरही सुरेन्द्र सिंह, सपना सिंह निवाईच, पलरा रामदयाल सिंह, नरी बिटुलिया निषाद, रामलली सिंह, ग्राम प्रधान पपरेंदा की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान अधीक्षण अभियंता सिंचाई कार्यमण्डल उस्मान अली, अधिशाषी अभियंता केन नहर प्रखण्ड अरविंद पाण्डेय, लघु डाल नहर, अखिल कुमार, सहायक अभियंता विनय कुमार मिश्रा, आनंद कुमार, प्रयाग प्रसाद, अवर अभियंता, अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## धनुष यज्ञ व सीता स्वयंवर का मंचन देख भाव विभोर हुए दर्शक

**महोबा।** श्री रामलीला न्यास महोबा एवं अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में श्री मुकुंद रामलीला समिति महोबा के पदाधिकारियों द्वारा पंडित मुकुंद लाल तिवारी द्वारा रचित प्रार्थना परशुराम परमानंद जपत भजन के साथ रामलीला मंचन में धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर का मंचन अयोध्या के कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला के कलाकारों ने नगर दर्शन, बाजार लीला, फुलवारी, रावण बाणासुर संवाद, जनक संताप और लक्ष्मण क्रोध का भी मंचन किया। अनेकों राजाओं और राजकुमारों ने प्रयास किया परंतु कोई भी धनुष को हिला तक नहीं पाया। गुरु विश्वामित्र के आदेश पर श्रीराम ने धनुष को सहजता से उठाया और तोड़ दिया।दर्शक उत्साहित हो उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा मैदान गूंज उठा।

## मां से मारपीट करने पर दो पुत्र गिरफ्तार



**बांदा।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर चलाए जा रहे महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति 5.0 अभियान पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जिले में वृहद जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। थाना तिंदवारी की मिशन शक्ति टीम ग्राम अहिरन खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम चला रही थी उसी दौरान वहीं की निवासिनी एक महिला ने पुलिस टीम से शिकायत की, कि उसके बेटे विमल यादव और पिंटू यादव ने 27 सितम्बर को मारपीट की थी। इसके बारे में मुकदमा लिखा गया था। रविवार को दोनो बेटे फिर से गाली-गलौज कर रहे हैं। इस शिकायत के बाद मिशन शक्ति टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर दोनो आरोपियों में हिरासत में ले लिया और दोनो का चालान कर न्यायालय भेज दिया। इस दौरान पुलिस टीम ने दोनो आरोपियों को कड़ी हिदायद दी और महिला को मिशन शक्ति टीम ने व्यक्तिगत नंबर दिए और कहा कि वह किसी भी आपात स्थिति में फोन कर सकती हैं। मिशन शक्ति टीम में चैकी प्रभारी कुरसेजा रोशनी सेंगर, महिला कांस्टेबल देवकी शुक्ला, नैंशी सिंह, हेमलता विमल व कांस्टेबल मनीष कुमार रहे।

## स्वास्थ्य केंद्रों पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिलाओं को दी योजनाओं की जानकारी




**धामपुर, बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सीएचसी स्योहारा में अधीक्षक डॉ0 बी0के स्नेही की अध्यक्षता में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस दौरान मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसके अलावा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक धामपुर पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत जनमानस को स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया और रेबीज डे पर रेबीज जैसी भयंकर बीमारी के बारे में विस्तार से समझाया गया और साथ-साथ यह भी बताया गया कि झाड़फूँक के चक्कर में न आकर रेबीज का इंजेक्शन समय से लगवाएं। इस मौके पर समस्त मरीजों को जांच करने के उपरांत दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर डॉ0 बी0के स्नेही, डा0 आंचल त्यागी, स्टाफ नर्स नीरज, आशा एंव फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार हरीश कुमार, योगेश कुमार हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह राजेश कुमार आई ऑप्टोमेट्रिस्ट धीरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लद्दाख में हिंसा की आग

लद्दाख की शांत और सर्द पहाड़ एवं रेगिस्तान में हिंसा की आग किसने लगायी, क्यों लगाई और उसकी क्या मंशा हो सकती है? इस तरह के तमाम सवाल उठ रहे हैं। इसलिए केंद्र सरकार को लद्दाख हिंसा की पूरी क्रोनोलॉजी समझने के साथ ही ऐसे तत्वों पर लगाने की जरूरत है जो इस सीमावर्ती केंद्र शासित प्रदेश को अशांत कर देश के सामने नयी मुसीबत खड़ी करना चाहते हैं। लेह-लद्दाख जैसे शांत और शीतल क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भडकाऊ नारे, अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश को सतर्क हो जाना चाहिए। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक, तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गये, उन्हें देख कर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी। आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंट और नेपाल के जेन जी विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने



अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। लेकिन यह सब दोगलापन है? लद्दाख को केंद्रशासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्रशासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गये? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट रोकना पड़ा लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगानी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। सोनम वांगचुक लद्दाख के एक जाना-पहचाना चेहरा हैं। वह शिक्षा और जलवायु परिवर्तन पर काम भी करते हैं। हो सकता है कि लेह हिंसा उनकी मानसिकता के अनुरूप न हो। लेकिन उनका अनशन और भड़काऊ भाषण हिंसा का कारण हो सकता है। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरें मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्रशासित क्षेत्र बनाया गया, तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। राजधानी लेह के जिले में 113 छोटे-छोटे गांव हैं। कारगिल जिले में भी 98 गांव बताये जाते हैं। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्टूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। बहरहाल सोनम अब जेल में हैं और भारत सरकार लद्दाख हिंसा की गहराई से जांच कर रही है। इस पूरे घटनाक्रम की क्रोनोलॉजी तो व्यापक जांच के बाद ही सामने आयेगी लेकिन इतना तय है कि इसके पीछे कोई बड़ी साजिश और विदेशी हाथ भी हो सकता है। लेकिन सवाल यह है कि जेन जी की तर्ज पर छेड़े गये आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? दरअसल भारत और नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। जेन जी आंदोलन के जरिए भारत में सरकार को हिलाना या कोई मांगे मनवाना असंभव है। इसलिए जिनकी भी शिकायत सरकार से है, प्रशासन से है या कोई मांग है, उसे सरकार के सामने शांति पूर्वक रखना चाहिए। जेन जी जैसे आंदोलन से कुछ हासिल नहीं होगा। भारत बहुत बड़ा देश है, इसे नेपाल समझना सियासी नादानी होगी।

### विचार

पत्नी पुरुष की अर्धांगिनी और परम मित्र है। संसार में जिसका कोई सहायक न हो, उसकी पत्नी ही जीवन यात्रा में सहायता करती है।
–महाभारत.

जगत सर्वथा मिथ्या है। यह केवल स्वप्न है। केवल मारीचिका है। सृष्टि की रचना करके ईश्वर स्वयं अपने को प्रकट करता है।
–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

मनुष्य में जिज्ञासा दरअसल तेज बुद्धि का एक स्थायी और सुनिश्चित गुण होता है।
–सैम्युअल जानसन.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।
–वेदव्यास.

जो व्यक्ति संसार की पिपासा–तृष्णा से रहित है, उसके लिए कुछ भी कठिन नहीं है।
– महावीर.

# अमरीकी चुनौतियों के बीच भारत की प्रगति



मनोज बाजपेयी

**जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बाजार में नयी हलचल पैदा हुई है। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च कर रहा है। इससे मांग बढ़ेगी, निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे राजस्व नुकसान की भरपाई आसानी से हो जायेगी।**

अमरीका का बर्ताव भारत के प्रति कुछ ऐसा है, जैसे वह भारत की आर्थिक प्रगति से चिढ़ता है। संभवतः उसे ऐसा लगता है कि महाशक्ति का उसका दर्जा पहले से ही चीन और रूस के कारण संकट में है। ऐसे में अगर भारत बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा, गरीबी से निकल जायेगा, तो बड़ी सैन्य शक्ति और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी व सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के कारण स्वाभाविक रूप से एक नई महाशक्ति भारत के रूप में आकार ले लेगी। इससे दुनिया बहुध्रुवीय हो जायेगी और 'मल्टीपोलर वर्ल्ड में अमरीका का यूनीपोलर वर्ल्ड ऑर्डर बनाने' का सपना ध्वस्त हो जायेगा। संभवतः ऐसी सोच अमेरीकन डीप स्टेट में घर करने लगी है। इसी का परिणाम हम तमाम तरह के अमरीकी प्रतिबंधों के रूप में देख रहे हैं। अमरीका के संदर्भ में इस निष्कर्ष पर पहुंचना इसलिए भी तर्कसंगत लगता है कि एक तरफ तो अमरीका रूस से तेल खरीदने पर प्रतिबंध लगाता है और दूसरी तरफ वह खुद रूस से व्यापार करता है। यूरोपीय देश भी तेल एवं गैस खरीदते हैं। यहां तक कि तुर्की भी रूस से तेल एवं गैस खरीदता है, एस-400 डिफेंस सिस्टम भी ले रखा है, लेकिन तुर्किए नाटो में भी है और उसके नेता को अमरीका महान भी बताता है, व्यापार बढ़ाने की बात करता है। पाकिस्तान चीन के साथ भी गहरी दोस्ती रखता है और अब अमरीका भी बार-बार उसके नेताओं का व्हाइट हाउस में स्वागत करता है। जबकि भारत पर रूस से संबंध खत्म करने का दबाव डालता है।

अमरीका रूस से तेल खरीदने के बदले भारत पर पेनॉल्टी टैरिफ लगाता है जबकि चीन कई गुना ज्यादा तेल रूस से खरीदता है लेकिन इसका जिक्र भी अमरीका या ट्रंप नहीं करते हैं। वैसे भी अमरीका दुनिया भर में लड़ाई-झगड़ा करता रहता है और प्रतिबंध भी लगाता रहता है, तो क्या भारत अपना व्यापार अमरीकी प्रतिबंधों के आधार पर तय करे? भारत किससे दोस्ती रखेगा और किससे नहीं रखेगा यह अमरीकी इशारे पर तय करे? दरअसल सच बात तो यह है कि अमरीका को रूसी तेल से नहीं बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति से परेशानी है और यही कारण है कि वह तरह-तरह के प्रतिबंध लगाकर विकसित भारत के सफर को





डिरेल करना चाहता है। लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था अब इस हालात में है कि वह अमरीकी चुनौतियों को झेलकर भी आर्थिक प्रगति की तेज गति बनाये रख सकती है और विकसित भारत के लक्ष्य को आजादी की 100वीं वर्षगांठ तक प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए देश को आर्थिक सुधारों के जरिए निवेश, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और स्किल डेवलपमेंट के जरिए युवा आबादी को आर्थिक प्रगति के साथ जोड़ते रहना होगा।

### विमर्श

टैक्स सुधार, सरल कर प्रणाली, कर की कम दरें और टैक्स कंप्लायंस को कम से कम करके देश में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के साथ ही उद्यमियों को निवेश के लिए प्रेरित किया जा सकता है। स्टार्टअप इकोसिस्टम का विस्तार किया जा सकता है। जीएसटी 2.0 सुधार इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार। इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नये रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है। यकीनन इस समय अमरीकी टैरिफ की चुनौती के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और अब कर सुधारों से अर्थव्यवस्था की गति को पंख लगते हुए दिखाई देंगे। हाल ही में 19 सितंबर को दुनिया की प्रसिद्ध जापान की ग्लोबल रेटिंग एजेंसी रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इंफार्मेशन (आरएंडआई) ने कहा कि अमेरिका के द्वारा भारत पर ऊंचे टैरिफ लगाने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था तेज बढ़त के संकेत मिल रहे हैं।

ऐसे में भारत की सॉवरेन रेटिंग को एक पायदान ऊपर करते हुए बीबीबी प्लस किया गया है। इसके पहले भी पिछले दिनों एसएंडपी और मार्निंग स्टार डीबीआरएस जैसी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को अपग्रेड किया है। हाल ही में उभरते भारत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधार देश के हर नागरिक के लिए एक बड़ा उपहार है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और इनकम टैक्स में किए गए नए सुधारों और नई व्यवस्थाओं पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि इन व्यापक कर सुधारों से न केवल आम आदमी की जिंदगी आसान होगी, वरन देश विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर भी तेजी से आगे बढ़ेगा। जीएसटी और इनकम टैक्स में किए गए बदलाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह आम लोगों के जीवन में खुशहाली का डबल धमाका है। जीएसटी से पहले प्रत्यक्ष कर सुधारों के तहत इनकम टैक्स में मिली 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी की दरों में की गई कटौती से घरों का बजट सुधरेगा, आम लोगों की बचत बढ़ेगी और मध्यम वर्गीय लोगों की क्रयशक्ति में भी बड़ा इजाफा होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि नए कर सुधारों से इसी वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए दिखाई दे सकता है। इस परिप्रेक्ष्य में यहां यह भी उल्लेखनीय है कि 9 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में कर दरों में कमी किए जाने से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास मजबूत होगा। साथ ही इससे महंगाई में भी कमी आएगी। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि 10 सितंबर को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की विकास दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है। गौरतलब है कि 22 सितंबर से लागू नए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों के तहत मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी व्यवस्था के रूप में रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ाया गया है।

जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बाजार में नयी हलचल पैदा हुई है। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च कर रहा है। इससे मांग बढ़ेगी, निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 48000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। इतना ही नहीं जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी और इस तरह से विकसित भारत का संकल्प अमरीकी चुनौतियों को ठेंगा दिखाते हुए आगे बढ़ता रहेगा।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

मैंने कहा है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद से देश मुक्त हो जायेगा लेकिन सवाल यह है कि इस देश में नक्सलवादी समस्या क्यों पनपी, क्यों बढ़ी, वैचारिक पोषण किसने किया। अमितशाह.



बिहार भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के टाइम बम पर बैठा हुआ है जहां थाना व ब्लॉक में व्याप्त रिश्वतखोरी, घुसखोरी व पुलिसिया अत्याचार से आम आदमी त्रस्त हो गया है। तेजस्वी यादव.



हमारे पर्व त्योहार भारत की सांस्कृति को जीवंत बनाये रखते हैं, छठ पूजा. ..एक ऐसा पावन पर्व है, जो दिवाली के बाद आता है, सूर्यदेव को समर्पित यह महापर्व बहुत ही विशेष है। केशव प्र. मौर्य.



# वैज्ञानिक चिंतन

### अंतर्दृष्टि

हमारे ऋषि-मुनियों का चिंतन वैज्ञानिक सरोकारों वाली थी। प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# बीपीएल सुदामा को राशन

### व्यंग्यलोक

उस रोज सुदामा की लोकतंत्र वाली छत के घर में बनाने को कुछ नहीं बचा था। सरकारी राशन की दुकान से बीपीएली सुदामा को जो सरकारी राशन का कोटा मिल रहा था, वह खत्म हो चुका था। तब उदास सुदामा की पत्नी सुशीला ने सुदामा से पूछा, हे गरीबवर। द्वापर में जो तुम्हारे परम सखा थे, वे लोकतंत्र में भी हमारे राजा ही हैं न? हां तो! द्वापर में मैं उनका परम मित्र था तो अब भी अंध वोटर। पर ये बेतुका प्रश्न क्यों? तो तुम उनसे मिलकर अपने लिए थोड़ा किसी जन फंड में से धन ले आओ ताकि अबके भी हमारी गरीबी दूर हो जाए। देखो प्रिया! मैं उनका मित्र जरूर हूं, पर इसका मतलब ये कतई नहीं हो जाता कि...पर आखिर में सुदामा को हर सुदामा से लेकर श्रीदामा की तरह अपनी पत्नी के आगे हथियार डालने पड़े। ...और लोकतंत्र के राजा के सम्मान का ध्यान रखते सुदामा ने अबके उन्हें चावलों की जगह पोटली में लाला से उधार के बादाम डाले और अपने द्वापर के परम सखा और लोकतंत्र के राजा से मिलने राजधानी के लिए सरकारी बस में घुस पड़े। लोकतंत्र के राजा के सरकारी आवास पर लगी फरियादियों की लंबी लाइन में जितने को अपने मित्र से अपनी फरियाद सुनाने की उनकी बारी आई उतने को राजा साहब के पीए जनता की समस्याएं सुनते थक गये। एकाएक राजा साहब जनमंच से उठे तो सुदामा ने उन्हें पुकारा, कृष्ण! अरे ओ कृष्ण! कौन? कौन दुष्ट जो राजा साहब का नाम ले रहा है? राजा के पीए गुस्साए। मैं कृष्ण का द्वापर से चला आ रहा दोस्त सुदामा! तो लोकतंत्र में क्या चाहते हो? कृष्ण से मिलना चाहता हूं जनाब! सुदामा ने तंत्र के आगे दोनों हाथ जोड़े। देखो, अब तो राजा साहब का जनता से मिलने का समय खत्म हो चुका है। पर मेरा उनसे मिलना बहुत जरूरी है जनाब, वर्ना घर में बीवी...सुदामा ने वैसे ही दोनों हाथ जोड़े कहा। अच्छा तो, मिल तो सकते हो पर...पर क्या जनाब। एक पीए ने सुदामा की बगल में छिपाई पोटली देखी तो उसमें आराम करता लालच अचानक जागा, इसमें क्या है? अपने मित्र के लिए बादाम हैं जनाब, सुदामा ने पोटली कस कर पकड़ते कहा तो पीए ने सवाल किया, पर कहानी तो कहती है कि तब तुम चावल लाए थे? वह द्वापर था जनाब! अब देश आजाद हो गया है। तभी तो जो अब साहब से मिलना चाहते हो तो ये बादाम की पोटली सादर हमें दो। पर ये बादाम तो मैं अपने राजा को ही दूंगा ताकि मुझे द्वापर वाला दो लोकों का वैभव नहीं तो कम से कम लोकतंत्र वाली दो जून की रोजी रोटी ही मिल जाए... देखो! वह द्वापर था। अब लोकतंत्र है। आज राजा के हर बादाम पर पहला हक तंत्र का है। हम तुम्हारे बादाम साहब तक .... तंत्र पर विश्वास कर सुदामा ने बादाम की पोटली तंत्र के पास दे दी और द्वापर के सपनों में खोए अपने गांव सुदामापुरी लौट आए।



अशोक गौतम

# पॉडकास्टः ज्ञान, संवाद और सहभागिता की नई दुनिया





विश्व पॉडकास्ट दिवस कल

अपराजिता

पॉडकास्ट इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध ऑडियो और कभी कभी वीडियो का ऐसा कार्यक्रम है, जिन्हें श्रोता अपनी सुविधा के मुताबिक कभी भी सुन सकते हैं। पॉडकास्ट किसी भी विषय पर हो सकता है। यह मीडिया का सशक्त माध्यम है, इसलिए समाचार कार्यक्रम हो सकता है, शिक्षा संबंधित कोई विशेष प्रसारण हो सकता है, मनोरंजन का कार्यक्रम हो सकता है, स्वास्थ्य, साहित्य, आध्यात्म, विज्ञान, खेल। कहने का मतलब पॉडकास्ट किसी भी विषय की सामग्री उपलब्ध कराता है। हर साल 30 सितंबर को विश्व पॉडकास्ट दिवस मनाया जाता है। इस दिन के मनाये जाने के पीछे धारणा यह थी कि साल 2014 में अमेरिकी पॉडकास्टर स्टीव ली और उनके परिवार ने इस माध्यम को आम लोगों के बीच मशहूर करने के उद्देश्य से इस दिन को मनाये जाने की पहल की थी और आज यह दुनिया के सबसे भी ज्यादा देशों में मनाया जाता है।

महज एक दशक के भीतर पॉडकास्ट डे पूरी दुनिया में अगर इस कदर लोकप्रिय हुआ है, तो उसके पीछे बड़ी वजह यह है कि मीडिया के इस चकाचैंध भरे दशक में लोगों का सबसे ज्यादा पॉडकास्ट मीडियम ने ध्यान आकर्षित किया है। इसकी दो प्रमुख वजहें हैं। एक तो पॉडकास्ट हम कभी भी बहुत आराम से सुन सकते हैं, चाहे गाड़ी चला रहे हों, चाहे नाश्ता कर रहे हों, चाहे आराम फरमा रहे हों और चाहे तैयार होकर किसी काम के लिए बैठे हों। पॉडकास्ट माध्यम एक खास किस्म की लोकतांत्रिकता है कि यह आपको बहुत ज्यादा इंगेज नहीं करता। दूसरी बड़ी वजह यह है कि जहां वीडियो देखने के समय आंख और कान दोनो को चैकन्ना रहना पड़ता है, वहीं पॉडकास्ट सुनने के दौरान आंखों को चैकन्ना रहने की कोई जरूरत नहीं होती। इसीलिए पॉडकास्ट सुनने में हमारा कंसन्ट्रेशन भी खूब बनता है। पारंपरिक रेडियो और टीवी की तुलना में पॉडकास्ट बनाना सरल और सस्ता भी है। कोई भी व्यक्ति अपने विचार, कहानियां या जो कुछ भी उसके पास कहने के लिए हो, इस माध्यम के जरिये बड़ी सहजता से साझा कर सकता है। इसमें आवाजों की विविधता और अभिव्यक्ति के नये रास्ते खुलते हैं। समय और सुविधा का लचीलापन भी इस माध्यम के साथ जो खासियत जुड़ी है, उसके कारण हम यात्रा के समय, व्यायाम के समय, घर पर आराम करते हुए, बहुत सहजता से पॉडकास्ट सुन सकते हैं। इसका ऑन डिमांड स्वरूप इसे युवाओं और पेशेवरों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाता है और सबसे बड़ी बात यह है कि यह ज्ञान और शिक्षा के हालिया सबसे ताकतवर माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया है। पॉडकास्ट मीडियम एक ऐसा माध्यम है जो शैक्षिणक संस्थानों, शोधकताओं और विशेषज्ञों के लिए अपने जटिल से जटिल निष्कर्षों को बोलचाल के अंदाज में प्रस्तुत करने की सुविधा देता है। इसके अलावा पॉडकास्ट मीडियम एक ऐसा मीडियम है, जो आजीवन सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।

सबसे बड़ी बात यह है कि क्योंकि इसमें कैमरे की सजगता अनिवार्य रूप से शामिल नहीं हैं, इसलिए कोई भी व्यक्ति अपनी विशेषज्ञता को शब्दों के जरिये सहजता से बखान कर देता है। कैमरे के सामने बोलने पर एक दबाव रहता है, लेकिन माइक के सामने बोलने पर इस तरह के दबाव से हम मुक्त रहते हैं। यही वजह है कि पॉडकास्ट सिर्फ पढ़े, लिखे, अंग्रेजी और कान्फिडेंस से भरे लोगों का ही माध्यम नहीं है। यह हिंदी, मराठी, गुजराती, बंग्ला, तमिल, किसी भी भाषा में सहजता से उपलब्ध होने वाला माध्यम है। आज के इस डिजिटल युग में अगर क्षेत्रीय भाषाएं और बोलियां इस कदर अपनी महत्ता साबित कर सकीं हैं तो इसके पीछे एक बड़ा कारण हर भाषा में और हर वर्ग के लिए पॉडकास्ट में सहज रूप से अपनी बात कह देना रहा है। जिस तरह से क्षेत्रीय भाषाओं और बोलियों को इस डिजिटल युग में पॉडकास्ट ने बड़ी से बड़ी बात कहने का जरिया बनाया है, उसके कारण स्थानीय बोलियों और भाषा की समृधि में भी पॉडकास्ट की अहम भूमिका है। सबसे बड़ी बात यह है कि पॉडकास्टर विभिन्न विषयों पर समुदाय बनाते हैं, जिसे साझा रुचियों वाले लोग बड़ी सहजता से एक दूसरे से मिल लेते हैं। कुल मिलाकर देखें तो पॉडकास्ट इस आज के डिजिटल युग की बैठक बनकर उभरा है। विश्व पॉडकास्ट दिवस हमें इस मीडिया के विभिन्न पक्षों की खूबी समझने का मौका देती है।

## आप की बात

### देश को चाहिए स्मार्ट सिटी

शहर अवसरों के हब होते हैं। इसलिए आधुनिक शहर देश की जरूरत हैं। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। इससे शहरों का स्वरूप बिगड़ता है।

जीवन में स्वच्छता कितना जरूरी है यह बीते दो सालों के दौरान कोरोना महामारी साबित किया है। अगर साफ-सफाई ठीक से रखी जाये। समय-समय पर अच्छे से हाथ की धुलाई की जाये तो इससे महामारी से भी बचाव होता है। गंदगी के कारण एक नहीं बल्कि तमाम बीमारियां फैलती हैं इसलिए देश को संकल्प लेकर महामारी के साथ ही अब गंदगी और गंदी आदतों को भी विदा करना चाहिए। देश में बीते कई वर्षों से स्वच्छता अभियान चल रहा है, लेकिन आज भी प्रदेश के शहरों की हालत ठीक नहीं है। लोगों में कूड़ा रखने और निस्तारण करने के प्रति इतनी अधिक उदासीनता है कि लोग अपने पड़ोस में उसको फेंक देते हैं। देखते ही देखते कूड़े का ढेर लग जाता है जो मच्छरों एवं बीमारियों को जन्म देता है।

**राजेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### पाकिस्तान का कश्मीर राग

पाकिस्तान ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र संघ में कश्मीर का राग अलापा और भारत पर झूठे आरोप लगाये। जबकि पाकिस्तान खुद आतंकियों का सरगना है, लोकतंत्र का दमन करता है और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार, लेकिन आरोप भारत पर लगाता है। पाकिस्तान की इसी करतूत का माकूल जवाब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में शहबाज शरीफ के झूठे आरोपों पर दिया और यूएन में भारत की प्रथम सेक्रेटरी भाविका ने शहबाज की बखिया उधेड़ दी। अस्थिर सियासत, सैन्य तानाशाही और लूट-खसोट के बीच पाकिस्तान की हालत ऐसी हो गयी है कि सरकार को फुल टाइम कटोरा लेकर कर्ज मांगने के लिए देना पड़ता है। फिर भी उसे कोई कर्ज नहीं दे रहा है। वहां घोर विद्वान विशेषज्ञ तो परमाणु बम बेचकर डॉलर कमाने की सलाह देने लगे हैं। ऐसे कब परमाणु बम आतंकियों के हाथ में पहुंच जाये कुछ कहा नहीं जा सकता है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन आज पाकिस्तान गर्त में है।

**अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## छात्रा ने घर में फंदे से लटककर की आत्महत्या

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** बीए प्रथम वर्ष की छात्रा अंजू ने घर के अंदर कमरे में पंखे की हुक से फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली थी। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया था जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें छात्रा ने खुद को कैंसर पीड़ित बताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमारगंज थाना क्षेत्र के बलारमऊ पूरे पंडित गांव की निवासी अंजू बुधवार 24 सितंबर की शाम अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक गई थी। परिवार के सदस्यों ने उसे फंदे से उतारकर सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज पहुंचाया था जहां मौजूद चिकित्सक डॉ. तनुज कुमार चैधरी और फार्मासिस्ट शिवाजी ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर कुमारगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण ह्लहैंगिंगह्व बताया गया है, जिसकी पुष्टि थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश ने की है। घटना के समय अंजू के परिवार के सदस्य खेत खलिहान गए हुए थे, जबकि उसका बड़ा भाई अंकित बाजार गया था। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की ।

# राम मंदिर संग अयोध्या में दिखेगी वाल्मीकि व निषादराज की आस्था

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर का भव्य निर्माण अंतिम चरण में है। यह पावन धाम अब श्रद्धालुओं के लिए लगभग पूर्णता की ओर अग्रसर है। इसी क्रम में भगवान श्रीराम की कथा से जुड़े महापुरुषों, महर्षि वाल्मीकि और निषादराज गुह्य के राम मंदिर का निर्माण भी तेजी से संपन्न हो रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने लोकप्रिय रेडियो

- पीएम मोदी ने ह्लमन की बातह्व में किया विशेष उल्लेख, कहा दर्शन जरूर करें
- संगमरमर से बनी महर्षि वाल्मीकि व निषादराज गुह्य की प्रतिमाएं स्थापित
- रामायण की समरस परंपरा को साकार करेगा भव्य रामजन्मभूमि परिसर

कार्यक्रम ह्लमन की बातह्व के 126वें एपिसोड में महर्षि वाल्मीकि और रामायण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अगले महीने 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती है। महर्षि वाल्मीकि भारतीय संस्कृति के सबसे बड़े आधार स्तंभों में



से एक हैं। उन्हीं की रचना रामायण ने मानवता को भगवान श्रीराम के आदर्शों और मूल्यों से परिचित कराया। श्रीराम ने सेवा, समरसता और करुणा से सबको अपने साथ जोड़ा। यही कारण है कि रामायण में माता शबरी और निषादराज जैसे पात्रों का विशेष स्थान है। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के निर्माण के साथ ही महर्षि वाल्मीकि और निषादराज के मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि जब भी कोई अयोध्या जाए, तो रामलला के दर्शन के साथ महर्षि वाल्मीकि और निषादराज मंदिर के दर्शन अवश्य करे। बता दें कि रामजन्मभूमि परिसर में बीते शनिवार को सप्तमंडप में निषादराज गुह्य और महर्षि वाल्मीकि की भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की गई। ये प्रतिमाएं जयपुर के प्रसिद्ध शिल्पकारों द्वारा विशेष



संगमरमर पत्थर से तराशी गई हैं। इन मूर्तियों को मंदिर के दक्षिणी हिस्से में स्थित अंगद टीले के समीप स्थापित किया गया है।ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारियों के अनुसार, आगामी अक्टूबर 2025 के बाद यह परिसर श्रद्धालुओं के लिए पूर्ण रूप से खोल दिया जाएगा। तब देशभर से आने वाले भक्त रामलला के दर्शन के साथ महर्षि वाल्मीकि और निषादराज गुह्य की प्रतिमाओं के भी दर्शन कर पाएंगे। धार्मिक विद्वानों का मानना है कि अयोध्या का यह स्वरूप भारतीय संस्कृति की समरस परंपरा का जीवंत प्रतीक बनेगा। भगवान श्रीराम केवल अयोध्या के ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के मयार्दा पुरुषोत्तम हैं। ऐसे में महर्षि वाल्मीकि और निषादराज के मंदिर श्रद्धालुओं को यह संदेश देंगे कि रामकथा केवल राजाओं और महलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली धारा है।

## लिफ्ट मांगकर बाइक लेकर फरार, वाहन स्वामी लगा रहा थाने का चक्कर

जिला संवाददाता

**कुमारगंज-अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई है जहां एक व्यक्ति ने दो पहिया वाहन स्वामी से लिफ्ट मांग कर उसकी बाइक लेकर चंपत हो गया। काफी देर बीत जाने के बाद भी जब युवक बाइक लेकर वापस नहीं आया तब पीड़ित ने थाना कुमारगंज में जाकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित वाहन स्वामी राम अंजोर पुत्र शिवमोहन निवासी विंध्या पांडे का पुरवा इसौली

- पीड़ित ने थाना कुमारगंज में जाकर शिकायत दर्ज करायी

भारी ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि उसके घर पर पूरे दलई, ऐहार, रुदौली निवासी कृष्ण कुमार आता है और कहता है कि मुझे कुमारगंज में खंडासा मोड चौराहे पर छोड़ दीजिए। वाहन स्वामी की कुछ समय पहले उससे जान पहचान हुई थी।

उसकी बातों में आकर राम अंजोर उसे बिठाकर कुमारगंज खांडसा मोड पर छोड़ने आया। इसी बीच कृष्ण कुमार वाहन स्वामी राम अंजोर से कमला पसंद लाने के लिए कहता है। राम अंजोर गाड़ी खड़ी कर कमला पसंद लाने के लिए पास की दुकान पर जाता है। इसी बीच कृष्ण कुमार बिना बताए राम अंजोर की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल यूपी 42 एजे 7116 लेकर वहां से फरार हो जाता है। काफी देर तक वापस न आने पर वाहन स्वामी द्वारा कृष्ण कुमार के नंबर पर फोन कर अपनी गाड़ी वापस मांगने की बात कही जाती है। जिसके बाद कृष्ण कुमार आधे घंटे बाद वापस आने की बात कहता है। काफी देर बीत जाने के बाद भी कृष्ण कुमार मोटरसाइकिल लेकर वापस नहीं आया और अपना फोन भी बंद कर देता है। इसके बाद अन्य लोगों से पूछने पर पता चलता है कि, कृष्ण कुमार तो गाड़ी लेकर कानपुर पटेल नगर चला गया है। जिसको सुनते ही वाहन स्वामी के पैरों तले जमीन खिसक गई उसने तुरंत थाना अध्यक्ष कुमारगंज को प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी मोटरसाइकिल वापस दिलाए जाने की मांग की है। इस मामले में जब उप निरीक्षक नीरज चैरसिया से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि दोनों लोगों में आपस में जान पहचान पूर्व से है। वाहन स्वामी ने स्वयं युवक को अपना वाहन दिया था। मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार युवक की तलाश की जा रही है। पुलिस उसके घर भी गई थी वहां नहीं मिला। जल्द ही वाहन स्वामी को उसकी मोटरसाइकिल सुपुर्द करा दिया जाएगा।

## विधायक पयागपुर ने दिव्यांगजनों को वितरित किये सहायक उपकरण



**बहराइच ।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना अन्तर्गत ह्लह्लसेवा पखवाड़ाह्लह्ल के अवसर पर विकास खण्ड मुख्यालय हुजूरपुर में शनिवार को आयोजित वितरण शिविर में मुख्य अतिथि विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, खण्ड विकास अधिकारी हुजूरपुर अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ पात्र दिव्यांगजनों को 10 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र (कान मशीन) व 10-10 ब्रेल किट तथा स्मार्ट केन इत्यादि सहायक उपकरणों का वितरण किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, पैर, ऑख, कॉन अथवा मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से मदद की जाए, ताकि उनके जीवन में कुछ आसानी हो सके। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास ही प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि शिविर आयोजन का उद्देश्य है कि दिव्यांगजनों की मदद कर उनके चेहरे पर मुस्कान लायी जा सके। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्रता रखने वाले सभी दिव्यांगों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण, पेंशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं से आच्छादित करें ताकि दिव्यांगजन भी अपने जीवन में किसी प्रकार की कमी महसूस न करते हुए दूसरे सामान्य लोगों की तरह अपना जीवन जी सकें।

## शूर्पणखा के कान नाक भंग, खर दूषण यमलोक गये संग



**बाराबंकी।** नगर की ऐतिहासिक रामलीला में श्री रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में चल रही रामलीला में सूर्पनखा के नाक, कान भंजन एवं खर दूषण वध की लीला का मंचन किया गया। जंहा शूर्पणखा के रूप में सागर चावला, खर के रूप में स्वर्णकार कार्तिक रस्तोगी, दूषण के रूप में संदीप सिंह ने किरदार का मंचन किया। तो वही रूप सज्जा राजश्री, विनय सिंह, नितेश मिश्रा ने की। लीला का मंचन लीला व्यास पंडित प्रमोद पाठक द्वारा रामचरितमानस की चैपाई के अनुरूप कराया गया। इस दौरान अनिल अग्रवाल, रामलखन, शिवकुमार, राजेश गुप्ता कृष्णा, राजेश मौर्य, राकेश वर्मा, अंकित राजा, काका, आर्यन तिवारी, सुधीर जैन, रमेश कुरील, शैलेन्द्र सिंह, अंकित गुप्ता गोलू आदि लोग मौजूद रहे।

## आदियोगी झांकी दर्शन के लिए लग रही श्रद्धांलुओं की भीड़

**अयोध्या ।** माता के जयकारों के साथ नवरात्रि उत्सव प्रारम्भ हो गया । श्री राम जानकी मंदिर फतेहगंज में शारदिया दुर्गा पूजा महोत्सव में आदियोगी की भव्य झांकी सजायी गई है। नवयुवक क्रांतिकारी संघ सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में होने वाले श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव का यह 53वा वर्ष है । संघ के अध्यक्ष नीलकमल अग्रवाल ने बताया कि इस बार तमिलनाडु के शहर कोयंबटूर स्थित आदियोगी की तर्ज पर विशालकाय प्रतिमा की झांकी सजाई गयी है । श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए हांटेड हाउस भी बनाया गया है । दर्शन के लिए महिला एवं पुरुष की अलग -अलग पंक्तिया लगेंगी । ट्रस्ट के वरिष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता,



उपाध्यक्ष आशीष आग्रहरी, महामंत्री अभय रावत, कोषाध्यक्ष अमन अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष रोहित संरक्षक मनमोहन जायसवाल,नीरज सिंघल,अशोक अग्रवाल, जुगुल किशोर जायसवाल,संजय मित्तल, अखिल, राजेश यादव, राजेश बंसल, निक्की,बिन्नू गुप्ता,अरविन्द अग्रवाल, रितेश,राजू चाचा पार्षद,कुश आदि है।

## डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा सम्पन्न

**अयोध्या।** डाक विभाग द्वारा दीन दयाल स्पर्श योजना (डाक टिकटों के प्रति अभिरुचि तथा इस क्षेत्र में शोध कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु छात्रवृत्ति) के अन्तर्गत लिखित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ डाक विभाग ने दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना की प्रश्नोत्तरी परीक्षा रविवार को मेथोडिस्ट गर्ल्स इण्टर कालेज में सम्पन्न कराई । अयोध्या मण्डल में कनौसा कान्वेंट गर्ल्स इण्टर कालेज, उदया पब्लिक स्कूल, अवध इंटरनेशनल स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल, सेठ जयपुरिया, केंद्रीय विद्यालय, से कुल 267 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति योजना प्रतियोगिता टप्से प्प तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत प्रत्येक कक्षा के 10-10



विद्यार्थियों को उत्तर प्रदेश में कुल 40 विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा जिन्हें रु० 6000.00 की छात्रवृत्ति दिया जाता है। विगत वर्ष 2024-25 में अयोध्या मण्डल से कुल 203 प्रतियोगीयों ने प्रतिभाग किया था अयोध्या मण्डल से 16 विद्यार्थियों का चयन किया गया था जिसमें कनौसा स्कूल के 7 आर्मी पब्लिक स्कूल के 8 उदया पब्लिक स्कूल का 1 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में सफल होने के पश्चात छात्रवृत्ति दिया गया था। दीन दयाल स्पर्श छात्रवृत्ति परीक्षा के दौरान अयोध्या सहायक अधीक्षक डाकघर ओमेश्वर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं में फिलेटली को बढ़ावा देना है, डाक टिकटों के माध्यम से भी उन्हें वहाँ की संस्कृति धरोहर के बारे में पता चलता है क्योंकि हर डाक टिकट के पीछे एक कहानी छिपी है और इससे युवा पीढ़ी को रूबरू कराने की जरूरत है। वक्त के साथ छोटा सा कागज का टुकड़ा दिखने वाले ये डाक टिकट ऐसे अमूल्य दस्तावेज बन जाते हैं, जिनकी कीमत लाखों -करोड़ों में हो जाती है। मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह, ने छात्रों छात्राओं को बताया कि फिलेटली को ह्लकिंग आफ हाबी व हाबी आफ किंगह्व के रूप में जाना जाता है, जिसमें रूचि रखने पर अनंत विषयों पर डाक टिकटों का संग्रह कर सकते हैं, इससे उनके सामान्य ज्ञान में वृद्धि होती है । इस दौरान सहायक अधीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी सीनियर पोस्टमास्टर सुमन पाण्डेय, निरीक्षक अमित कुमार, जय प्रकाश वर्मा, जितेन्द्र कुमार यादव, चन्द्रेश वर्मा, आशीष वर्मा, गौतम जायसवाल, राघवेंद्र सिंह, विनीत कुमार सिंह, बृज नन्दन वर्मा, शिवदीप जायसवाल, प्रकाश चैधरी, धीरेंद्र दूबे, नेहा श्रीवास्तव, पल्लवी गुप्ता, अनीता भारती, आदि मौजूद रहीं ।

## राजकीय पॉलीटेक्निक में आवेदन कर सकते हैं ट्रेनर/प्रशिक्षक

**बहराइच ।** राजकीय पॉलीटेक्निक बहराइच के प्रधानाचार्य अरूण कुमार ने बताया कि भारत सरकार द्वारा 01 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च 2026 तक संचालित सामुदायिक विकास योजना के अन्तर्गत 06-06 माह की अवधि के लिए कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड डाटा इन्ट्री आपरेटर, ब्यूटीशियन एण्ड हेयर ड्रेसिंग, आटोमोबाइल रिपेयरिंग, हाउस वायरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, कटिंग एण्ड टेलरिंग तथा इलेक्ट्रीशियन इत्यादि ट्रेडों में प्रशिक्षण हेतु इच्छुक ट्रेनर/प्रशिक्षक 30 सितम्बर 2025 तक भिनगा रोड स्थित राजकीय पालीटेक्निक बहराइच में आवेदन कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी के लिए प्रधानाचार्य के मोबाइल नम्बर 9451767607 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## ढोल-ताशों के धुन पर हुई महाषष्ठी पूजा, रुद्रपूजा, देवी का आवाहन, महास्नान,

**बाराबंकी।** नगर पालिका परिषद मे यूथ्स एसोसिएशन परिवार द्वारा आयोजित 56वां शारदीय नवदुर्गा पूजा ढ़ोल-ताशो की धुन पर महाषष्ठी पूजा, रुद्रपूजा देवी का आमंत्रण व ज्योति जलाना के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम बंगाल के रहने वाले पुरोहित मंनतोष गागुली के नेतृत्व में 5 सदस्यीय पुरोहितो ने गणेश भगवान की वन्दना

- महोत्सव मे रंगोली एवं गायन प्रतियोगिता मे चयनित बच्चो ने दिखाई प्रतिभा
- भोलेनाथ व माता के रुप मे नन्हे-मुन्ने बच्चो ने मोहा मन

के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। तथा शाम 4 बजे कैलाश नाथ शर्मा उनकी पत्नी सरिता शर्मा द्वारा रूद्रपूजा, देवी का आमंत्रण, महास्नान किया गया। जंहा हजारों की संख्या में भक्तों ने मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा महोत्सव में बृजलाल सावलानी, राजेश गुप्ता किलटू, राजन शर्मा, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अर्पित गुप्ता,



शरदराज सिंह, मनोज जायसवाल, सुशील गुप्ता, संजय सैनी, अनुराग गुप्ता रामधन मुखर्जी, राम भजन, राजेश सिंह, सौमित्र भट्टाचार्य, नरेश राय, एसके शाह सहित मौजूद रहे। इसके साथ ही आज रविवार को नगरपालिका परिसर में जूनियर व सीनियर मे चयनित रंगोली एवं गायन प्रतियोगिता प्रभारी अजय शुक्ला, रामेंद्र दीपक, अभिषेक मिश्रा, ऋषभ श्रीवास्तव, अमन त्रिवेदी, सिद्धार्थ कनौजिया, प्रखर कपूर, आर्यवीर राज सिंह, आशुतोष मिश्रा, आभा कपूर, शेफाली निगम, स्मृति राज, सूर्यांश शुक्ला, लतिका राज, शिवेंद्र सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई। जंहा जूनियर वर्ग मे 55 एंव सीनियर वर्ग मे 35 बच्चो द्वारा प्रतिभाग किया गया। देर शाम गायन प्रतियोगिता में शरदराज सिंह की देख-रेख में जूनियर वर्ग मे 10 एंव सीनियर वर्ग मे 20 बच्चो द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## मिशन अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**बहराइच।** *मिशन शक्ति अभियान के तहत समस्त थानों की महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बीट चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को उनके सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।* उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय बहराइच के निर्देशन में माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ह्लमिशन शक्ति अभियान- 5.0ह्व के तहत आज दिनांक 28.09.2025 को जनपद बहराइच के समस्त थानों की महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र अन्तर्गत बीट चौपाल लगाकर तथा गांवों, कस्बों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधी समस्याओं के निस्तारण हेतु चौपालों का आयोजन कर जनजागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में, साइबर हेल्पलाइन-1930 व साथ ही साथ नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे के बुरे प्रभावों के बारे में समझाना और नशे से होने वाले कुप्रभावों के बारे में जागरूक करना व नशा मुक्ति केंद्र हेल्पलाइन- 14416 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी व पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।




## रामलीला मैदान में लगी हाईमास्क लाइट



**बाराबंकी।** काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान मे हाईमास्क लाइट लगवाई। इस मौके पर पर सांसद श्री पुनिया ने कहा कि ऐसी सजीव रामलीला हृदय को रोमांचित कर देती है। रामलीला सेवा समिति के पदाधिकारियों से मैदान में लाइट लगवाने की बात कही थी। जिसके उपरांत आज रविवार को मैदान परिसर में हाईमास्क लाइट लगवाई गई है। समिति प्रबंधक ने बताया जनप्रतिनिधियों ने मैदान की प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु लाइट लगवाई है। इसके लिये समिति आभार व्यक्त करती है।

## विशेष चेकिंग अभियान में सीज की गयी 04 बसें



**बहराइच ।** जनपद में अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से ए.आर.एम. एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बहराइच द्वारा बहराइच-रूपईडीहा मार्ग पर अनाधिकृत रुप से संचालित बसों के विरुद्ध चलाये गये विशेष चेकिंग अभियान के दौरान कुल 06 बसों का चालान किया गया एवं 04 बसों को सीज करने की कार्यवाही की गई। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओ.पी. सिंह ने बताया कि जनपद मे अनाधिकृत रुप से संचालित वाहनो के विरुद्ध नियमित रुप से विशेष चेकिंग अभियान चालाया जा रहा है।

## समाज सेवा में चमका जादूगर मिस्टर इंडिया का सितारा मिला

**गोण्डा।** क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब जनपद गोंडा के विकासखंड परसपुर अंतर्गत ग्राम हरदिहा सपौर निवासी अंतर्राष्ट्रीय जादूगर मिस्टर इंडिया को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए ₹डॉ. मनमोहन सिंह राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025₹ से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें एकता फाउंडेशन द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री व भारतीय अर्थव्यवस्था के शिल्पकार डॉ. मनमोहन सिंह की जयंती पर आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। संस्था शिक्षा, रोजगार एवं मौलिक अधिकारों के क्षेत्र में सक्रिय सामाजिक संगठन है।

जनहित के मुद्दों को लेकर हमेशा अग्रणी रहे जादूगर मिस्टर इंडिया ने अपनी जादुई कला के माध्यम से आम जनता को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी है। इसके साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति,



दहेज उन्मूलन जैसे सामाजिक अभियानों में भी सक्रिय भूमिका निभाई है।कार्यक्रम के दौरान एकता फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जय संजय रामटेके ने कहा कि ह्लहम जनता को पार्टियों के झंडे नहीं, देश का संविधान देना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य है झ हर नागरिक को शिक्षा, रोजगार और उसके अधिकार दिलाना। इस अवसर पर नीति आयोग द्वारा स्वीकृत सामाजिक योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने एकता फाउंडेशन की निःस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए जादूगर मिस्टर इंडिया को इस उपलब्धि पर बधाई दी ।

## शहीद भगत सिंह को जन्मदिवस पर किया नमन

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** शहीदे आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर वामदलों के नेताओं ने नगर निगम स्थित भगतसिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी और भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि भगत सिंह और उनके साथियों ने ब्रिटिश साम्राज्यवाद से लड़कर देश को आजाद कराया था, उसी आजादी के आन्दोलन और उसके नेताओं की सोच ने भारत के संविधान का निर्माण किया जिसमें हर भारतवासी को बराबरी व वोट देने का अधिकार मिला। आज देश की मोदी सरकार ने अमेरिकी साम्राज्यवाद के सामने घुटने टेक दिए हैं।

देश की आजादी और संप्रभुता को खतरे में डाल दिया है। मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के जरिए नागरिकों से वोट का अधिकार भी छीन लेना चाहती है।



नेताओं ने आगे कहा कि देश का युवा भयानक बेरोजगारी और सरकार की तानाशाही के चलते सड़कों पर उतर कर आन्दोलन करने को मजबूर है। लद्दाख में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक जो लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग पर शांतिपूर्ण ढंग से अनशन कर रहे थे, को देशद्रोह की धारा लगाकर जेल भेज दिया गया। आज देश में युवा पेपर लीक, परीक्षा में धांधली व रोजगार के लिए विभिन्न राज्यों में आन्दोलन कर रहे हैं। सरकार युवाओं की मांग को अनसुना करते हुए दमन का रास्ता अख्तियार कर रही है और सरकार से सवाल करने वाली हर आवाज को दबा रही है। नेताओं ने कहा कि आज भगतसिंह के विचार पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गये हैं। आजादी के लिए संघर्ष करने वाले नेताओं के विचारों से प्रेरणा लेकर बदलाव के लिए चल रहे संघर्ष को आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर भाकपा नेता सूर्यकान्त पाण्डेय, ओमप्रकाश यादव, मोहम्मद आरिफ, ऋषि ओम पाण्डेय, विकास पाण्डेय, मनीष पांडेय, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## बाइक चोरों का गैंग सक्रिय

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कस्बे के रामगंज मुहल्ले में स्थित नवीन सब्जी मंडी में बाइक चोरो का गैंग सक्रिय है।बाइक चोरों के खौफ से अब गांव देहात से सब्जी बेचने आने वाले किसान अब अपनी सब्जी की बिक्री करे या बाइक की रखवाली करे।जिसको लेकर किसानों व सब्जी बिक्रेताओं में भय ब्याप्त है।ताजा मामला रविवार की सुबह की है।पड़ोसी जनपद अम्बेडकरनगर के रानीपुर गिलन्ट निवासी नन्दकुमार वर्मा पुत्र बंशराज वर्मा सुबह आठ बजे अपनी काली कलर की हीरो स्प्लेंडर बाइक न्च्45छ0735 से सब्जी बेचने आया था।उसने अपनी बाइक को लॉक करके एक जगह खड़ा कर दिया। साढ़े नौ बजे जब वह सब्जी गया तो बाइक गायब मिली।पीडित किसान नन्दकुमार ने काफी देर तक बाइक को सब्जी मंडी में खोजा परन्तु कुछ पता नही चला।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक मामला संज्ञान में है, जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## 20 लाख स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**बहराइच।** महिलाओ की सुरक्षा हेतु संचालित महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा महिला सशक्तिकरण अभियान एवं मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम व मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी व क्षेत्राधिकारी महोदय नानपारा श्री प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक श्री रमेश सिंह रावत के कुशल नेतृत्व में थाना रूपईडीहा मिशन शक्ति प्रभारी म०उ०नि० दीक्षा पटेल व उ०नि० सूर्यभान मय हमराही पुलिस व रइ की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 28.09.2025 को समय 00.19 बजे संयुक्त पेट्रोलिंग व आगामी त्योहार दुर्गा पूजा व दशहरा के दृष्टिगत स्थापित दुर्गा प्रतिमा की चेकिंग व पाण्डाल चेकिंग के दौरान भारत नेपाल सीमा पर पीलर संख्या 651/02 से 100 मीटर आगे भारतीय क्षेत्र जमुनहा से 01 नफर अभियुक्त मो० रईश पुत्र मो० रफीक नि० चिकवन मोहल्ला मुनीरगंज कस्बा रूपईडीहा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच उम्र करीब 35 वर्ष को 18 ग्राम नाजायज स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया।

जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 284/2025 धारा 8/21 ठ्उढर अउळ पंजीकृत किया गया एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त मो० रईश पुत्र मो० रफीक नि० चिकवन मोहल्ला मुनीरगंज कस्बा रूपईडीहा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच उम्र करीब 35 वर्ष को पेशी हेतु माननीय न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया गया।

संक्षेप

## पूजा कमेटी ने किया भव्य भण्डारे का आयोजन

**सलोन, रायबरेली।** रविवार को सलोन कस्बे में स्थित दुर्गा पूजा पंडाल के सामने मां के दरबार सामने नव युवक अम्बे दल पूजा कमेटी द्वारा भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद स्वरूप हलवा, पूड़ी और सब्जी ग्रहण किया। भण्डारे में भारी संख्या में महिला एवं पुरुषों के साथ बच्चे भी उपस्थित रहे। कमेटी के लोगो ने बताया कि इस विशाल भण्डारे का कार्यक्रम कमेटी वा स्थानीय लोगो के सहयोग से होता है। रविवार को सुबह दस बजे से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता है। भंडारे में दूरदराज के लोगो ने प्रसाद चखा। इस मौके पर संरक्षक मुरारी लाल साहू, संरक्षक गौरव रस्तोगी, अध्यक्ष विपिन कौशल, सुभाष जायसवाल, पप्पू साहू, शंकर वर्मा, अतुल कौशल, सन्देश आदि लोग मौजूद रहे।

## बकेवर पुलिस ने तीन मनचलों को किया गिरफ्तार

**बकेवर, इटावा।** बकेवर थाना पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत अभियान चलाकर तीन मनचलों को आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसने के आरोप में गिरफ्तार किया हैं उनके विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस ने तीनो मनचलों को जेल भेजने की कारवाई की। इसके अलावा स्कूल के आसपास घूमने वाले 260 शोहदों को मुचलका भरवाकर चेतावनी दी गयी। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन कुमार मलिक ने बताया मिशन शक्ति के तहत लखना के मिशन शक्ति केंद्र बनाया गया हैं मिशन शक्ति के प्रभारी लखना चैकी इंचार्ज स्वदेश कुमार ने मिशन शक्ति टीम महिला दीवान मिलन व सिपाही पूजा पवांर, सपना, अंजली, दीवाना मनमोहन, सिपाही रोहित, मुनेश के साथ लखना में मनचलों के विरुद्ध अभियान चलाया। जिसमें मिशन शक्ति टीम की महिला कांस्टेबल मिलन देवी ने सरकारी अस्पताल के सामने कस्बा लखना निवासी राज पुत्र राम प्रकाश यादव को सूर्य वाटिका के पास से रास्ते में आती जाती महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कस्ते पकड़ा है। इसके अलावा महिला कांस्टेबल सपना ने बकेवर भरथना मार्ग स्थित लुधियानी तिराहे के निकट आती जाती महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तियाँ कसने वाले युवक धीरज कुमार पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम नगला ख्याली सिंह को पकड़ा। महिला कांस्टेबल मिलन देवी ने दिलीपनगर नगर पठा कंकडेश्वर मंदिर के पास से ग्राम बराउख निवासी अजय उर्फ सोनू पुत्र स्व नाथूराम स्कूल आती जाती छात्राओ पर अश्लील फब्तियाँ कसते समय पकड़ा। तीनो मनचलों के विरुद्ध बकेवर थाना में पुलिस ने मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की कार्यवाई की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा मिशन शक्ति के तहत स्कूलों कालेजों के आसपास रास्तों पर अकारण ही घूमते फिरते 260 शौहदों को पकड़कर थाना पर लाकर उनके परिजनों को बुलाकर बंधन पत्र भरवाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया हैं।

## वांछित भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर थाने के दरोगा घनश्याम यादव रविवार सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान पूरे पुरंदर रेहुआ गांव निवासी वांछित रामयश चौहान पुत्र शिव प्रसाद चौहान को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# सड़क निर्माण प्रारंभ न करने से नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



जिला संवाददाता (vol)

**जगतपुर, रायबरेली।** बदहाल लल्ली चक्की फक्कडदास कुटी सड़क निर्माण प्रारंभ न किए जाने से नाराज ग्रामीणों और कांग्रेसजनों ने जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना के नेतृत्व में शुक्लन के पुरवा के पास लल्ली चक्की मार्ग पर जोरदार प्रदर्शन करके सड़क निर्माण करवाए जाने की मांग की।

जगतपुर विकास क्षेत्र की एक दर्जन ग्राम पंचायत को जोड़ने के लिए सड़क का निर्माण वर्ष 2007 में कराया गया था लेकिन वर्तमान में सड़क की हालत अत्यंत खराब है अब सड़क चलने लायक ही नहीं बची सड़क में बचे हैं तो सिर्फ बड़े-बड़े गड्ढे। वर्ष 2023-24 में सांसद सोनिया गांधी के प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में यह सड़क एफडीआर योजना के तहत स्वीकृत हुई थी लेकिन लगातार डेढ़ वर्ष सड़क पर गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगे डंफर चलने के कारण निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ और सड़क की हालत अब चलने लायक भी नहीं बची। वर्तमान में सड़क पर कोई डंफर नहीं चल रहा है। बार-बार अनुरोध के बावजूद भी विभाग अनसुनी करके बैठा है। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना, छत्रपाल यादव, देवनाथ यादव, पुष्पेंद्र सिंह, जगदीश कुरील, युवा नेता शानू, राघवेंद्र सिंह प्रधान, अंबुज सिंह, अनिल यादव, आशा पाल सिंह, हरीश यादव, अंकुर यादव, रमेश, शिव बहादुर, शिवप्रसाद, राम लखन, पिंकू सिंह, आशीष सिंह, आदि ग्रामीणों ने कहा कि कजियाना मनिहार शर्की, मखदुमपुर, धुता, सुदामापुर, खजूरी, कटरा, छीछेमऊ, चिचैली, धोबहा, शुक्लन का पुरवा, तिवारीपुर सहित दर्जनों गांव इस सड़क से प्रभावित हैं। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि यह सड़क जगतपुर ब्लॉक की लाइफ लाइन है और इससे दस हजार लोगों का आवागमन रोज है और कोई भी अधिकारी एक बार इस सड़क के इस छोर से दूसरे छोर जो कि 10 किमी लंबा है अगर चला जाएगा तो प्रतिदिन आने जाने वालों की पीड़ा उसे पता चल जाएगी, सड़क की हालत यह है कि लोग अब दूसरा रास्ता पकड़ रहे हैं, धुता से ब्लॉक जगतपुर आने के लिए यह सड़क मात्र 10 किलोमीटर है परन्तु लोग अब जमुनापुर चडरई होकर जगतपुर आते है, जिससे 18किलोमीटर के सफर के साथ साथ उन्हें टोल भी देना पड़ रहा है, अगर शीघ्र सड़क निर्माण न कराया गया तो पीएमजीस वाई के ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद भी किये गये अवैध कब्जे को राजस्व विभाग ने ढहाया

**डलमऊ, रायबरेली।** बार-बार शिकायत के बाद एवं उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद भी किए गए अवैध कब्जे को न हटाने के क्रम में राजस्व विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए लगभग एक दर्जन लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटा दिया गया है।



डलमऊ तहसील क्षेत्र के सेवरा थुलरई गांव में ग्रामीणों के द्वारा उसर दर्ज कागजात भूमि को अवैध तरीके से कब्जा करके निर्माण किया जा रहा था जिसकी शिकायत कई बार हुई राजस्व विभाग द्वारा कब्जेदारों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए लेकिन बार-बार नोटिस के बाद भी कार्यवाही नहीं हुई। गांव निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र अमर बहादुर द्वारा जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की गई शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उप जिलाधिकारी डलमऊ सत्येंद्र सिंह ने नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह की अगुवाई में राजस्व टीम का गठन करते हुए कब्जा हटाने के निर्देश दिए। शुक्रवार को क्षेत्रीय लेखपाल रूद्र पटेल पुलिस बल राजस्व निरीक्षक के साथ गांव पहुंचे नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने ऊसर भूमि पर किए गए कब्जे को जेसीबी की सहायता से हटा दिया गया। नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव निवासी देवेंद्र पुत्र सुंदरलाल, विश्वनाथ पुत्र शीतल दीन, देवनारायण पुत्र शीतल दीन, रामस्वरूप पुत्र गजराज, मुनेश्वर पुत्र शिवनाथ, जगन्नाथ पुत्र राम अवतार, इंद्रेश पुत्र गंगाधर, देशराज पुत्र राम सहाय, श्री राम पुत्र राम सहाय, बब्बू पुत्र शिव दर्शन, शशिधर पुत्र जागेश्वर राजेंद्र कुमार पुत्र सुंदरलाल द्वारा विभिन्न रूपों में कब्जा किया गया था बार-बार मना करने के बाद भी कब्जा किया जा रहा था जिसे राजस्व टीम एवं पुलिस बल के साथ हटा दिया गया है।

## मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया गया जागरूक

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे ष्मिशन शक्ति फेज-5.0ष अभियान के तहत आज पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र की टीमों ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।

महिला पुलिस कर्मियों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चैराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला ई-हाट योजना, और मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना जैसी योजनाएं शामिल हैं।

इसके अलावा, पुलिस विभाग से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी पंपलेट बांटकर और पीए सिस्टम के माध्यम से जागरूक किया गया। मोबाइल पर इमरजेंसी कॉल और पैनिक बटन का डेमो भी दिखाया गया। यह अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार और पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**रिजर्व पुलिस लाइन में महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन :** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण (फेज-5.0) के तहत रिजर्व पुलिस लाइन, रायबरेली में वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा के लिए उपलब्ध संसाधनों, और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में पुलिस परिवार की महिलाएँ और बालिकाएँ बड़ी संख्या में शामिल हुईं। इस अवसर पर उपस्थित सभी प्रतिभागियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## आरएसएस सेवा विभाग, सेवा भारती ने आयोजित किया विशाल कन्या पूजन उत्सव

**परशदेपुर, रायबरेली।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर सेवा भारती, रायबरेली के तत्वावधान में रविवार, 28 सितम्बर को माता मिदुरिन देवी धाम परिसर में विशाल कन्यापूजन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम अपरान्ह 12 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें बस्तियों से 14 वर्ष तक की आयु की कन्याओं का पूजन कर उन्हें सम्मानित कर प्रसाद वितरण किया



कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में पुलक त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार एवं अमित जी, विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायबरेली विभाग मनोरमा प्रान्त उपाध्यक्ष सेवा भारती अवध प्रांत की विशेष उपस्थिति रही। कन्याओं के पूजन उपरांत उन्हें उपहार एवं प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने कन्या पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है और उनके आशीर्वाद से ही समाज में सुख, शांति और समृद्धि आती है।

इस अवसर पर मनोरमा (एडवोकेट, हाईकोर्ट लखनऊ बेंच एवं प्रांत उपाध्यक्ष सेवा भारती, अवध प्रांत) एवं नगर पंचायत चेयरमैन विनोद कुमार कौशल की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सेवा भारती, रायबरेली ने श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर सम्मिलित होकर कन्याओं के पूजन व आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी निमिषा भारद्वाज, उपजिला अधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम, खण्ड प्रचारक मनीष, गया प्रसाद शुक्ला, सुरेश गुप्ता, गुलाब चंद्र वैश्य, रमेश कौशल, रजनीश पांडे, भाजपा बूथ अध्यक्ष अखिलेश मौर्या सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे भव्य बना दिया।

कन्यापूजन व प्रसाद वितरण के इस धार्मिक आयोजन ने परशदेपुर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का अद्वितीय वातावरण निर्मित किया।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर चलाई जा रही मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत चांदा पुलिस ने ग्राम मदनपुर देवरार और नूरमपट्टी में चैपाल आयोजित की। चैपाल में बड़ी संख्या में महिलाएँ व ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, चाइल्डलाइन 1098, समेत सरकार द्वारा संचालित तमाम सुरक्षा व सहयोग सेवाओं की जानकारी दी। साथ ही, महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ या किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की शिकायत तुरंत पुलिस तक पहुँचाने के लिए जागरूक किया गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना जगाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। चैपाल के माध्यम से महिलाएँ अपने अधिकारों, कानूनी प्रावधानों और उपलब्ध सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक हो रही हैं। चैपाल में मौजूद एसआई चुन्नूलाल तथा महिला कांस्टेबल नीतू, सुहानी और आरती ने भी महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग और समय पर शिकायत दर्ज कराने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी।

## सियार के आतंक से ग्रामीण दहशत में, वन विभाग मौन

**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोशैसिंहपुर क्षेत्र के आनूपुर गांव में बीती रात सियारों ने फिर कहर ढाया। जटाशंकर मिश्रा की गौशाला में घुसे सियारों ने एक बछड़े को नोच-नोचकर मार डाला, जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत और गहरा गया है। महुआरी आशापुर गांव की 16 वर्षीय छात्रा खुशबू की मौत ने पहले ही ग्रामीणों को झकझोर दिया था। दो दिन पूर्व खेत की मेड़ पर सियार देख वह इतनी दहशत में आ गई कि दिल का दौरा पड़ने से उसकी मौत हो गई। उस घटना के बाद सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय पीड़ित परिवार से मिले थे और सुरक्षा इंतजाम का आश्वासन दिया था, लेकिन आनूपुर की ताजा वारदात ने ग्रामीणों के जख्म फिर हरे कर दिए। गांव के पंकज मिश्रा, अंगद विश्वकर्मा, अविनाश विश्वकर्मा और रजनीश मिश्रा ने वन विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उनका कहना है कि एक बेटी की जान चली गई, अब मवेशी मारे जा रहे हैं, लेकिन विभाग नींद में सो रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द पिंजरे नहीं लगाए गए और रात में गश्त शुरू नहीं हुई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। लगातार घटनाओं ने न केवल ग्रामीणों की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए हैं बल्कि प्रशासनिक तैयारियों की पोल भी खोल दी है। अब देखना यह होगा कि विभाग और जनप्रतिनिधि दहशत में जी रहे गांव को कब राहत दिला पाते हैं।

## सरकार की गलत नीतियों पर संघर्ष जारी रहेगा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को ब्लॉक अध्यक्ष राहुल मिश्र की अध्यक्षता मे बैठक हुई। बैठक मे कांग्रेसियों ने सगठन सृजन व लोकतंत्र की हिफाजत के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर गांवों में घर-घर पहुंच कर हस्ताक्षर अभियान चालाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान लोगों को फॉर्म बाटा गया। रविवार को बैठक मे कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा नेता राहुल गांधी ने लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष कर रहे हैं इसी क्रम में हस्ताक्षर अभियान शुरू कराया है। जिसके माध्यम से सरकार का काला चिट्ठा सार्वजनिक हो सके। विधान सभा प्रभारी अतहर नवाब ने संगठन सृजन पर जोर देने का आवाहन भी किया। साथ ही संगठन की पदाधिकारी से मंडल न्याय पंचायत के गठन की जानकारी ली। जिला उपाध्यक्ष डॉ रामशरन गौतम ने कहां की पंचायत चुनाव के चलते गांव में वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने और काटने का काम चल रहा है जिस पर बूथ पर पदाधिकारी ध्यान दें। ब्लॉक उपाध्यक्ष अली इदरीरी बबलू ने संगठन सृजन और मंडल और न्याय पंचायत की कमेटी के गठन की जानकारी दी। ब्लॉक अध्यक्ष ने लोगों का आभार जताया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष जयप्रकाश पाठक, ब्लॉक उपाध्यक्ष फिरतुराम, दीपक श्रीवास्तव, नन्हे वर्मा, घनश्याम पांडेय, प्रभुनाथ तिवारी, इरफान खान, उमेश पांडेय, आशू मिश्र, मोती पाल, सभाजीत यादव, जेठू पांडेय, दिलशाद आदि रहे।

## विधि शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने की जरूरत: ओएन मिश्रा



- डिवाइन गंगा लॉ कालेज में ह्यमानव जीवन में विधि शिक्षा की उपयोगिताह्न पर हुई संगोष्ठी
- वक्ताओं ने विधि शिक्षा की व्यावहारिक उपयोगिता पर डाला प्रकाश

**सुलतानपुर।** डिवाइन गंगा लॉ डिग्री कालेज, आमकोल कुरेभार के तत्वावधान में शनिवार को मानव जीवन में विधि शिक्षा की उपयोगिता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन ओएन मिश्रा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त अपर आयुक्त राम भरत तिवारी और विशिष्ट अतिथि डीएन पाण्डेय रहे। इस मौके पर कालेज प्रबंधक मनीष मिश्रा, डॉ.अवनीश मिश्रा, प्रधानाध्यापक अवनीश तिवारी, प्रबंधक राम मिलन महाविद्यालय मोतिगरपुर चन्द्रभान मिश्रा तथा सेवा निवृत्त बीडीओ रबिन्द्र त्रिपाठी समेत आदि लोग मौजूद रहे। शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. भारत सिंह, डॉ. इन्द्र सेन सिंह, डॉ. आशीष प्रताप सिंह, अजय जायसवाल, आदित्य तिवारी, सुभाष चन्द्र मिश्रा और आशुतोष तिवारी की उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई। ओएन मिश्रा ने कहा कि विधि शिक्षा केवल वकीलों तक सीमित न रहकर समाज के हर वर्ग तक पहुँचनी चाहिए। विधि का ज्ञान व्यक्ति को अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक करता है और सामाजिक न्याय की स्थापना में सहायक होता है। अन्य वक्ताओं ने भी विधि शिक्षा की व्यावहारिक उपयोगिता को समय की जरूरत बताते हुए विस्तृत विचार रखे।

## शांति व्यवस्था बनाये रखने में प्रशासन का करें सहयोग : डीएम

- अधिकारियों ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की

**रायबरेली।** जनपद में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहाद्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से समस्त एसडीएम व क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ प्रमुख सार्वजनिक स्थलों धार्मिक स्थलों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने जनसामान्य से संवाद करते हुए लोगों से शांति व्यवस्था बनाएं रखने की अपील की तथा सभी से अपेक्षा की गई कि हम सब मिलकर त्योहारों के महत्व को बनाए रखेंगे और या सुनिश्चित करेंगे कि सभी नागरिक बिना किसी डर या बाधा के अपने त्योहारों का आनंद ले सके। डीएम ने बताया कि जनपद में शांति का माहौल है, कानून व्यवस्था कायम है, इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान संभावित किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधि या अव्यवस्था को रोकना और नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा एवं शांति का माहौल प्रदान करना है।

शारदीय नवरात्रि, दुर्गा पूजा और दशहरा जैसे बड़े त्योहारों को ध्यान में रखते हुए एसडीएम चन्द्र प्रकाश गौतम और क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र पाल ने शुक्रवार को कस्बे के व्यस्त इलाकों में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों सलोन कस्बे, धरई, पकसरावां, ख्वाजा पुर समेत अन्य संवेदनशील और भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया। रूट मार्च के दौरान उन्होंने पैदल चलकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और लोगों से सीधे संवाद किया।

## ड्रोन उड़ने के बीच गौरा गांव में लाखों की चोरी, नकदी व जेवरात पार



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** आसमान में उड़ रहे रहस्यमयी ड्रोन और उसके साथ लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की नींद हराम कर दी है। लोग पूरी रात लाठी-डंडे लेकर पहरा दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद चोर बेखौफ वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला थाना क्षेत्र के गौरा गांव का है, जहां बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाकर 25-30 हजार रुपये नगद और करीब छह लाख रुपये के जेवरात पार कर दिए। गौरा गांव निवासी हरीराम वर्मा कानपुर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। घर पर उनकी पत्नी आशा वर्मा, बेटा रंजीत वर्मा और बहू पूजा वर्मा रहते हैं। शुक्रवार की रात ड्रोन उड़ने की सूचना पर ग्रामीण देर रात तक पहरा देते रहे। रंजीत वर्मा ने बताया कि वह, उनकी मां और पत्नी भी ग्रामीणों के साथ चैकसी में लगे थे। रात करीब तीन बजे परिवार के सदस्य नए मकान के सामने स्थित पुराने मकान में सो गए। सुबह उठने पर देखा गया कि नए मकान के दोनों कमरों के ताले टूटे हुए थे। अंदर अलमारी और बक्सों के ताले भी तोड़े गए थे और सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर सामने आया कि चोर 25-30 हजार की नकदी और लाखों के गहने लेकर फरार हो गए हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## बेहटा कला में आयोजित हुआ रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती के कीर्तन कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली।** लखनऊ की रोशनी अनजान और कानपुर के सचदेवा शरारती एक साथ कई कीर्तन कार्यक्रमों में प्रस्तुति दे चुके हैं। इन दोनों कीर्तनकारों की जोड़ी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है, जो अपने ज्ञानवर्धक कीर्तनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। शनिवार की रात बेहटा कलां के श्री सिद्धेश्वर मंदिर मे रात नौ बजे से जवाबी कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजक अनंत विजय सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में दोनों कलाकारों ने अपनी रचनाओं को धार्मिक अंदाज में पेश किया। जवाबी कीर्तन में रोशनी अनजान और सचदेवा शरारती ने सबका ध्यान आकर्षित किया। बेहटा कला गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोनों कीर्तनकारों की जोड़ी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजक अनंत विजय सिंह के द्वारा पूर्व ब्लाक प्रमुख शैलेंद्र अग्निहोत्री और कांग्रेस नेत्री सुधा त्रिवेदी का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने आयोजक अनंत विजय सिंह के प्रति भी साधुवाद ज्ञापित किया।

## जीएसटी को लेकर व्यापारियों से की गयी चर्चा



**बछरावां, रायबरेली।** बछरावां नगर में महराजगंज रोड पर स्थित मार्केट में व्यापारियों के साथ पूर्व विधायक रामलाल अकेला व नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने सरकार द्वारा घटाई गई जीएसटी पर चर्चा की व व्यापारियों से हुए बदलाव के बारे में जानकारी की वही इसके साथ ही साथ अवगत कराया की नए सुधारों में 12 फीसदी और 28 फीसदी स्लैब खत्म कर 5 फीसदी और 18 फीसदी मुख्य दरें लागू की गई हैं। इससे कई सामान और सेवाएं सस्ती हो जाएगी। अब ब्रेड, डेयरी उत्पाद, कपड़े, मोबाइल, टीवी, बाइक, कार, होटल रूम, जिम, सैलून और स्वास्थ्य बीमा जैसे कई सामान व सेवाएं सस्ते हो गए हैं। जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी 5 फीसदी और कई आवश्यक वस्तुओं पर कोई टैक्स नहीं है। इससे आम आदमी को राहत, खपत में बढ़ोतरी और उद्योगों को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। कारोबारियों को कागजी अड़चनों से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने इसे आर्थिक क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव बताया।

## चार वर्षों से माता रानी का दरबार सजा रहे कासिम

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** सांप्रदायिक सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सुदनापुर निवासी कासिम अली पिछले चार वर्षों से सुदनापुर बाजार में दुर्गापूजा का आयोजन कर रहे हैं। शीतला माता पूजा समिति के बैनर तले वह शीतला माता मूर्ति के साथ भगवान शंकर, गणेश और लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित कर भव्य पंडाल सजवाते हैं। उनके इस कदम से न सिर्फ क्षेत्रीय लोग प्रभावित हैं बल्कि सामूहिक सहयोग से यह आयोजन लगातार और भव्य होता जा रहा है। सुदनापुर बाजार में दुर्गापूजा का इतिहास लगभग 42वर्ष पुराना है। यहां हर साल छह स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर दुर्गापूजा महोत्सव मनाया जाता है। फुलौना रोड पर भी समिति के माध्यम से आयोजन होता था, मगर कोरोना काल के बाद यह समिति लगभग निष्क्रिय हो गई। उसी दौरान कासिम अली ने यह जिम्मेदारी



उठाई और शीतला माता पूजा समिति को फिर से शुरू करके नई परंपरा की शुरूआत की।

**गांव-गांव अनाज और नगदी से जुटता है सहयोग**

कासिम अली बताते हैं कि आयोजन के लिए सहयोग स्वरूप आसपास के गांवों से अनाज और नगद राशि एकत्र की जाती है। वे स्वयं भी हर साल 40 से 50 हजार रुपये अपने पास से जोड़ते हैं। उनका कहना है कि माता रानी की कृपा से आयोजन में कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं हुई।

**भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का होता है आयोजन**

इस वर्ष 30 सितंबर को प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी और 8 अक्टूबर को विसर्जन होगा। प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रहेगा, जिसमें ग्रामीण बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। इसके अलावा हर साल की तरह इस बार भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 3 अक्टूबर को छविलाल पाल का बिरहा कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग जुटने की संभावना है।

**कासिम ने दिया सौहार्द का दिया संदेश :** कासिम अली का कहना है कि उनका हिन्दू भाइयों के साथ उठना-बैठना है और जब समिति निष्क्रिय होने के कगार पर थी, तब उन्होंने यह जिम्मेदारी ली। वह बताते हैं कि उनके धर्म के लोग उन्हें ऐसा करने से रोकते है, लेकिन उनका मानना है कि यह सब माता रानी की कृपा है। कासिम अली का यह प्रयास क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की अनूठी मिसाल बन गया है।

संक्षेप

### मिशन शक्ति 5.0 अभियान समाज में नई ऊर्जा और विश्वास पैदा कर रहा है

**मथुरा।** सांसद हेमा मालिनी ने उप्र में चल रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान आज देश की बेटियों और महिलाओं के आत्मविश्वास और सुरक्षा का प्रतीक बन गया है। हेमा मालिनी ने महिला पुलिस द्वारा अपराधियों से सीधे मुठभेड़ कर उन्हें घायल करने की कार्रवाई को नारी शक्ति के सशक्तिकरण का उदाहरण बताया। भाजपा सरकार में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा विश्वसनीय हो चुकी है। मुख्यमंत्री का यह प्रयास समाज में नई ऊर्जा और विश्वास पैदा कर रहा है। सांसद ने मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिस की बहादुरी और साहस को गौरव का विषय बताया। उन्होंने उन महिला पुलिसकर्मियों को बधाई दी, जिन्होंने अपराधियों को चुनौती देकर उन्हें मात दी। हेमा मालिनी के अनुसार, बेटियां व महिलाएं किसी से कम नहीं हैं और भाजपा सरकार में लगातार ऊंचाइयों को छू रही हैं।

### पंजाबी विरासत ने मनायी शहीद भगत सिंह की जयंती

**आगरा।** इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता की जय, शहीद भगत सिंह अमर रहें के नारों से रविवार को आगरा का नूरी दरवाजा गूंज उठा। मौका था शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती का। पंजाबी विरासत संस्था ने 28 सितंबर को नूरी दरवाजा पर आयोजन किया। प्राचीन पेठा के राजेश अग्रवाल की दुकान से मार्च निकाला गया। जो भगत सिंह प्रतिमा स्थल तक पहुंचा। सरस्वती विद्या मंदिर सुभाष पार्क के 30 बच्चों ने बैंड से देशभक्ति की धुनें बजाईं। वहीं, होली लाइट स्कूल के बच्चों ने रवि नारंग के निर्देशन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनसे कार्यक्रम में जोश और भी बढ़ गया। होली लाइट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतिप्रतिमा स्थल पर मौजूद लोगों ने शहीदों की याद किया और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

### एसपी क्राइम, एसपी सिटी सीओ सिटी ने किया हनुमान मंदिर का लोकार्पण

**मथुरा।** कोतवाली मथुरा में नगर के प्रमुख उद्योगपति विजय अग्रवाल सलेक्शन गारमेंट ने पूजनीय पिताजी स्व. रामजी लाल व पूजनीय मां स्व. लक्ष्मी देवी की स्मृति में हनुमान मंदिर का निर्माण कराया जिसका लोकार्पण एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा, एसपी सिटी राजीव कुमार, सीओ सिटी आशना चौधरी, सीओ कमांडेड शैलेंद्र प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार सिंह, कोतवाल देवपाल सिंह पुंडीर व इंस्पेक्टर गोविंद नगर राजकमल व नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महामंत्री शशि भानु गर्ग, बार एसो. के पूर्व उपाध्यक्ष सर्वेश शर्मा एड. द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के मध्य किया गया। इस अवसर पर उद्योगपति विजय अग्रवाल द्वारा बताया गया की माता-पिता जी की स्मृति में मंदिर निर्माण हेतु उन्हें प्रेरणा नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के द्वारा दी गई और इस कार्य में आज सभी परिजन उपस्थित हैं इस विशाल व भव्य मंदिर निर्माण से उन्हें व उनके परिजनों को आत्मिक शांति प्राप्त हुई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा पुलिस प्रशासन के द्वारा कोतवाली में मंदिर न होने की जानकारी पर विजय अग्रवाल सलेक्शन से वार्ता कर इस हनुमान मंदिर का निर्माण व्यापारियों के रचनात्मक सहयोग का एक अभिन्न उदाहरण है।

# स्वामी विवेकानंद मार्ग के निर्माण कार्य का सांसद ने किया उद्घाटन

## अतिथियों का स्मृति चिह्न और पटका पहनाकर स्वागत किया गया



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा जयगुरुदेव हॉस्पिटल परिसर रविवार को राजनीति और जनभागीदारी का अद्भुत संगम बना। बूथ संख्या 176 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 126वीं ह्मन की बातह्व का सामूहिक श्रवण कराया गया। मन की बात कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों का स्मृति चिह्न और पटुका पहनाकर गरिमामय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लंबे समय से प्रतीक्षित स्वामी विवेकानंद मार्ग (महोली रोड) का शुभारंभ रहा। सांसद हेमामालिनी, महापौर विनोद अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने संयुक्त रूप से 463.84 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मार्ग का उद्घाटन किया। यह निर्माण कार्य आवास विकास परिषद मथुरा द्वारा कराया जाएगा। वहीं सांसद हेमामालिनी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष बल दिया, जबकि महापौर विनोद अग्रवाल ने स्वदेशी अपनाने और स्वच्छता में मथुरा को प्रथम स्थान पर लाने का आह्वान किया। महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव ने जीएसटी में हाल के बदलावों की जानकारी दी और प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ह्यएक पेड़ मां के नामह्व अभियान के अंतर्गत सांसद हेमा मालिनी महापौर विनोद अग्रवाल और महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव महानगर मंत्री कुंज बिहारी चतुर्वेदी सहित सभी ने वृक्षारोपण किया। मंडल अध्यक्ष नितिन कौशिक ने अतिथियों और भारी संख्या में जुटे जनसमूह का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन देव पाठक ने किया।

इस अवसर पर पार्षद राजीव सिंह, पार्षद ठा.तेजवीर सिंह, पार्षद कुलदीप पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राज पाठक, हीरा सिंह कुंतल, पवन हिंडोल, दीपा अग्रवाल, यज्ञदत्त कौशिक, आर पी सिंघल, हर्ष गौड़ महामंत्री, प्रदीप शर्मा, महावीर सिंह जसावत, रमाशंकर पांडे, योगेश चौधरी मंडल उपाध्यक्ष, ललित सैनी, विपिन चाहर आदि मौजूद थे।

# टी-शर्ट पहनकर पहुंचे लेखपाल जिलाधिकारी ने किया निलंबित

**मथुरा।** शासनादेशानुसार प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को प्रत्येक थाने पर जन-समस्याओं के समाधान हेतु थाना दिवस का आयोजन किया जाता है, जिसमें राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होती है। 27 सितम्बर 2025 को थाना जैत पर थाना दिवस का आयोजन किया गया था। थाना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा थाना जैत का औचक निरीक्षण किया गया था। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा तहसीलदार मथुरा को मौजा जैत में किसी शासकीय प्रयोजनार्थ ग्राम सभा भूमि की उपलब्धता हेतु क्षेत्रीय लेखपाल को मय राजस्व अभिलेख खतौनी व राजस्व मानचित्र के साथ उपस्थित होने हेतु निर्देश किया गया था।

तहसीलदार मथुरा द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल हजारीलाल को फोन से बताया गया कि आप मय अभिलेख के साथ अविलम्ब थाना जैत पर पहुँचे, इसके बावजूद श्री हजारीलाल लेखपाल थाना जैत पर काफी बिलम्ब से पंहुचे तथा जिलाधिकारी के समक्ष अपनी यूनीफोर्म न होकर जीन्स व शर्ट में उपस्थित हुए। जिलाधिकारी द्वारा लेखपाल को मौजा जैत की खतौनी तथा राजस्व मानचित्र प्रस्तुत करने को कहा गया तो उक्त लेखपाल के पास न तो खतौनी थी और न ही राजस्व मानचित्र था। इस पर जिलाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई तथा लेखपाल के पास आवश्यक राजस्व अभिलेख उपलब्ध न होने के कारण शासकीय प्रयाजनार्थ हेतु ग्राम सभा भूमि तलाश नहीं हो पायी। परिषदादेशानुसार लेखपाल को अपनी यूनीफोर्म में समस्त अभिलेख सहित थाना दिवस पर उपस्थित होना चाहिए था। लेखपाल हजारीलाल के द्वारा उप्र कर्मचारी आचरण नियमावली का पालन नहीं किया गया था तथा अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में अत्यधिक उदासीनता एंव लापरवाही बरती गई है, जिसके लिए श्री हजारीलाल लेखपाल दोषी है। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने लेखपाल हजारीलाल के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। निलम्बन अवधि में हजारीलाल लेखपाल भूलेख कम्प्यूटर तहसील मथुरा में सम्बद्ध रहेंगे। उक्त अनुशासनिक कार्यवाही में तहसीलदार मथुरा को जॉच अधिकारी नामित किया गया है, जो आरोप-पत्र तैयार कर अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करेंगे तथा एक माह में जॉच पूर्ण कर आख्या उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।

# टूंडला को मिली नयी अमृत भारत एक्स. ट्रेन की सौगात




**टूंडला।** रेलवे स्टेशन टूंडला के यात्रियों के लिए खुशखबरी मिली है, अब यहां से होकर नई साप्ताहिक अमृतभारत एक्सप्रेस ट्रेन 19623/19624 का संचालन किया जाएगा। 19623 अमृतभारत एक्सप्रेस मदार से प्रत्येक शुक्रवार रात 21:15 बजे प्रस्थान कर रविवार तड़के 0:45 बजे दरभंगा पहुँचेगी। 19624 अमृतभारत एक्सप्रेस स्टेशन से प्रत्येक रविवार सुबह 4:15 बजे रवाना होकर सोमवार दोपहर 13:20 बजे मदार जंक्शन पहुँचेगी। यह ट्रेन मदार से दरभंगा के बीच किशनगंज जयपुर गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई मण्डावर महवा रोड भरतपुर, ईदगाह टूंडला इटावा फफूंद कानपुर सेंट्रल, उन्नाव ऐशबाग बादशाहनगर गोमतीनगर, बाराबंकी गोण्डा मनकापुर बस्ती, गोरखपुर कप्तानगंज सिसवा बाजार बगहा नरकटियागंज सिकता रक्सौल बैरगनिया, सीतामढ़ी जनकपुर रोड कामतौल रेलवे स्टेशनों पर रुकते हुए दरभंगा रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। कोच संरचना में इस अमृत भारत एक्सप्रेस में कुल 22 कोच रहेंगे, 11 द्वितीय साधारण जनरल 8 स्लीपर 1 पेंट्रीकार तथा 2 एसएलआर कोच होंगे। इस नई ट्रेन संचालन के आदेश संजय आर नीलम निदेशक कोचिंग रेलवे बोर्ड रेल मंत्रालय द्वारा जारी कर दिए गए हैं तथा संचालन की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सदस्य श्रीकृष्ण गौतम ने इस नई साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन एवं इसका टूंडला स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित कराने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं चेयरमैन रेलवे बोर्ड सतीश कुमार का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

### त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** नवरात्रों एवं आगामी त्योहारों रामनवमी दशहरा इत्यादि के दौरान जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनुज चौधरी द्वारा थाना शिकोहाबाद पर शिकोहाबाद सर्किल के तीनों थानों थाना शिकोहाबाद थाना मक्खनपुर एवं थाना खैरगढ़ की पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। पीस कमेटी मीटिंग में उपस्थित समस्त धर्मों के धर्मगुरुओं दुर्गा पंडालों के आयोजकों रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों सदस्यों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से विचार विमर्श करते हुए नवरात्रों व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने हेतु अपील की गयी, साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मीटिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद थाना प्रभारी शिकोहाबाद थाना प्रभारी खैरगढ़, थानाध्याक्ष मक्खनपुर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। वही अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा थाना सिरसागंज पर भी पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। पीस कमेटी मीटिंग में उपस्थित समस्त धर्मों के धर्मगुरुओं दुर्गा पंडालों के आयोजकों, रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों सदस्यों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से विचार विमर्श करते हुए नवरात्रों व आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने हेतु अपील की गयी, साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मीटिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी सिरसागंज, थाना प्रभारी सिरसागंज एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### 1.96 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**आगरा।** साइबर क्राइम थाना ने कढड और क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले साइबर अपराधी धर्मेंद्र उर्फ डिक्की को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए लोगों को हाई रिटर्न का लालच देकर फर्जी लिंक और पेमेंट गेटवे के माध्यम से करोड़ों रुपए हड़प लिए। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने सिर्फ एक शिकायतकर्ता से ही 1.96 करोड़ रुपए की ठगी की थी। अब तक 1.78 करोड़ रुपए की रकम रिकवर कर ली गई है। पूछताछ में सामने आया है कि डिक्की का नेटवर्क सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि दुबई, हांगकांग, मलेशिया, सिंगापुर और थाईलैंड तक फैला हुआ है। गिरोह ठगी की रकम को हवाला और क्रिप्टोकरेंसी चैनलों के जरिए बाहर भेजता था, ताकि पुलिस और एजेंसियां ट्रैक न कर पाएं। गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। रिकॉर्ड खंगालने पर पता चला कि आरोपी का आपराधिक इतिहास है। उस पर हरियाणा व दिल्ली में भी केस दर्ज हैं। साइबर क्राइम पोर्टल ठउउफढ पर 46 शिकायतें दर्ज मिली हैं, जिन पर पुलिस जांच कर रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम आदित्य कुमार ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## करते रहो संघर्ष, मुक्त होगी श्रीकृष्ण जन्मभूमि और बनेगा मंदिरः शंकराचार्य निश्चलानंद

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मुकदमा के हिंदू पक्षकार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट रविवार शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती से मुलाकात की। शंकराचार्य वृंदावन के हरिहर आश्रम वृंदावन में प्रवास पर आए हुए हैं। उन्होंने कहा, महेंद्र प्रताप लगे रहो सफलता अवश्य मिलेगी।

● **श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने की वृंदावन शंकराचार्य से मुलाकात**

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष, श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह मस्जिद मुकदमा के हिन्दू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने पूरी शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को बताया, वह श्रीकृष्ण जन्मभूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर मूल गर्भ गृह स्थल पर भगवान श्रीकृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण कराने के लिए देश विदेश में व्यापक स्तर पर आंदोलन चला रहे हैं। हिंदुओं को एक मंच पर लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए प्रख्यात संत महात्माओं ने उनके आंदोलन का समर्थन किया है और साथ खड़े होने का वादा भी किया है। न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को हाल ही में चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्रा चार्य, बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र शास्त्री, प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय रामकथा वाचक मोरारी बापू समेत अन्य संतों के साथ हुई वार्ता की भी जानकारी दी। साथ ही हाईकोर्ट में विचाराधीन मुकदमा की स्थिति से भी शंकराचार्य को अवगत कराया। कहा कि इस केस के हमारे पास महत्वपूर्ण और पुख्ता साक्ष्य हैं। यह मुकदमा हम आप सभी के सहयोग से अवश्य जीतकर रहेंगे और अपने गोविंद भगवान श्रीकृष्ण का मूल गर्भ गृह स्थल पर भगवान के मंदिर का निर्माण करवा कर ही दम लेंगे। हमको दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक पाएगी। उनके साथ वृन्दावन के संत पंडित श्यामानंद जी महाराज भी मौजूद थे।

# जिपं अध्यक्ष ने किया शीशराम में 1.25 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण



मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गंगा बहा रखी है, आज उन्होंने जिला पंचायत निधि से नगला शीशराम में सवा करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया है। जिसमें नाली निर्माण और ईंट खरंजा/सीसी सड़क आदि निर्माण शामिल है। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका जगह-जगह फूलमाला, पटुका, स्वाफा एवं चांदी के मुकुट बांधकर भव्य स्वागत किया है। वहीं जीएसटी की कटौती पर सौंख के दुकानदार व्यापारियों से जिला पंचायत अध्यक्ष ने चर्चा की जिस पर दुकानदारों द्वारा केन्द्र सरकार एवं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

● **मुख्यमंत्री योगीके नेतृत्व में सभी वर्गों का हो रहा है विकासः किशन चौधरी**

शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिपंअ किशन चैधरी ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता गरीब, किसान और ग्रामीणों का विकास करना है। विकासशील योजनाओं के क्रियान्वयन से पूरे प्रदेश की दशा और दिशा में आमूलचूल परिवर्तन आया है। नगला शीशराम में ग्रामीणों आज परेशानी दूर करने के लिए ही मैं आया हूं, इन विकास कार्यों से आपका क्षेत्र सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। जिला पंचायत निधि से करीब 1.25 करोड़ रुपए नगला शीशराम में नाली, सीसी एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्य का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया है। जीएसटी चर्चा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा जीएसटी कटौती से न सिर्फ व्यापारी वर्ग को राहत मिली है बल्कि उपभोक्ताओं में भी खुशी का माहौल है। यह कदम निश्चित रूप से व्यापार को बढ़ावा देने वाला है और सरकार के ये प्रयास अर्थव्यवस्था और जनमानस दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख विनोद चैधरी, प्रताप सिंह प्रधान झुडावई, वेद प्रधान सींगापट्टी, चैहल सिंह प्रधान बोरपा, थानसिंह प्रधान शीशराम, रविंद्र भदार, नीरज शर्मा, गुड्डू बछगांव एवं सम्मानित सरदारी मौजूद रही।

# शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की जयंती मनायी

**टूंडला।** आप और हम राष्ट्रीय भ्रष्टाचार अपराधर मुक्ति संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी के नेतृत्व में देश की आजादी के महान क्रान्तिकारी शहीद ए आजम सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव इण्डियन गैस सर्विस रहे अध्यक्षता नगर के प्रतिष्ठित डॉ. अनिल वार्ष्णेय ने की संचालक कवि दिलीप गौड़ ने किया। सरदार भगत सिंह जी के चित्र पर माल्यार्पण करके अतिथियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की उसके बाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी एस बेदी एवं समस्त टीम ने अतिथियों स्वागत किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि वीर सुरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि आज की नई युवा पीढ़ी को सरदार भगत सिंह की शहादत और उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए ताकि उनके अंदर राष्ट्रीय चेतना जागे, वही डॉ. अनिल वार्ष्णेय ने कहा 23 वर्ष की उम्र में सरदार भगत सिंह वो कर गए जो कोई कल्पना नहीं कर सकता वह इस देश के असली मार्ग दर्शक हैं और रहेंगे।




संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.एस बेदी ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार भगत सिंह का जीवन छोटा जरूर था मगर कार्य उनका बहुत ऊंचा और बड़ा था उनका स्थान स्वाधीनता के संग्राम में सबसे ऊपर लिया जाता है, भगत सिंह को देश भक्ति की प्रेरणा अपने परिवार से मिली बचपन में ही ठान लिया था अपने देश से अंग्रेजों को मार मार कर भगाना है, 1919 में जलियांवाला बाग नरसंहार से दिमाग पर गहरा प्रभाव पड़ा स्कूल ना जाकर उस दिन 12 किलो मीटर पैदल बाग में पहुंचे और निर्दोष भारतीयों के रक्त से सनी मिट्टी को एक शीशी में भर कर लाए और सौगंध खाई जब तक में देश को आजाद नहीं करा लेता में चेन से नहीं बैठूंगा और उस भारत मां के लाल ने इस देश और देश वासियों के लिए क्या क्या ना सहा वह हमेशा किसान मजदूर और समाजवाद के हितेषी रहे।

आज देश का दुर्भाग्य है ऐसे महान बलिदानी वीरों को देश भूल गया, चंद लोग ही इन वीरों के शहादत दिवस और जयंतियां मनाते है, सरकार से हमारी मांग है जिस तरह से सुख भोगने वाले राजनेताओं को भारत रत्न दिया है इसी तरह देश के लिए बलिदान देने वालों को भारत रत्न और शहीद का दर्जा दिया जाए। कार्यक्रम में बी एस बेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष, वीर सुरेन्द्र पाल सिंह यादव डॉ अनिल वार्ष्णेय, बंगाली बाबू चेतन बिहारी वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय, सोमेंद्र पौनियां, अरुण रावत, उदयवीर सिंह वीरेंद्र कुमार अनिल यादव ठा. अर्नेस सिंह गोपाल शर्मा, दिलीप गौड़ दीपक सलूजा ठा.विक्रम सिंह विनीत शर्मा आदित्य शर्मा ठाकुर सुनील सिंह चौहान बहादुर सिंह अरोरा गुरुमुख दास मनोज चक सरदार पप्पू डॉ. अनुसील वार्ष्णेय, करण कुमार सरदार मनमिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

### मन की बात हर वर्ग को जोड़ने वाली एक कड़ी हैः जिपं अध्यक्ष

**मथुरा।** मथुरा महानगर के अंतर्गत बूथ संख्या 169 खामिनी शक्ति केन्द्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और भाजपा कार्यकताओं ने जनमानस के साथ सुना। इस दौरान राष्ट्रवाद के प्रति उत्साह और श्रद्धा का संगम देखने को मिला। मन की बात कार्यक्रम का माहौल अत्यंत प्रेरणादायक रहा। जिपं अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश के युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाजसेवकों के उल्लेखनीय योगदानों की सराहना करते हुए देश के समग्र विकास में जनभागीदारी की महत्ता को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाली एक संवेदनशील कड़ी है। यह न केवल प्रेरणा देने वाला है, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में जनमानस को जागरूक करने वाला भी है।

## परिवार परामर्श केंद्र ने सुलहनामा करा 5 परिवारों को फिर से मिलाया



**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस लाइन फिरोजाबाद परिसर में संचालित परिवार परामर्श केन्द्र महिला हेल्प डेस्क द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश अभियान के अन्तर्गत कुल पांच परिवारों का आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए परिवारों की खुशियाँ लौटाई गई। परिवार परामर्श केन्द्र दीदी प्रोजक्ट के अधिकारी कर्मचारीगण थानों पर संचालित महिला हेल्प डेस्क द्वारा मिशन शक्ति फेज-05 सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश अभियान के अन्तर्गत रविवार को कुल 05 घरेलू मामलों में आपसी सुलहनामा कराते हुए समझौता कराया गया, उक्त परिवारों के आपसी चल रहे घरेलू विवादों में दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी सहमति से सुलहनामा कराते हुए सकुशल घर रवाना किया गया। सभी पक्षों के द्वारा फिरोजाबाद पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा कर धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## नौहझील में पुलिस और गौ तस्करों की मुठभेड़, दो घायल

**मथुरा।** नौहझील पुलिस ने बीतीरात अहमदपुर रोड पर पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें दो आरोपियों को पैर में गोली लगी जिसके बाद दोनों घायल अवस्था में पकड़े गए। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि गढ़ी कैलाहार के पास कुछ लोग अवैध तरीके से मवेशी ले जाने की फिराक में हैं। ये लोग गाय को घेरकर खेत में बांध कर काटने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी की तो दोनों ने रुकने के बजाय फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों को गोली लगी जिससे वह घायल हो गये। इलाज के लिये इन्हें सीएचसी नौहझील भेजा गया है। घायल तस्करों की पहचान अलीगढ़ जिले के बालीपुर गांव निवासी सगे भाई सुनील और अनिल पुत्रगण मोहन के रूप में हुई। पुलिस ने मौके से दो तमंचे, एक बाइक, कुल्हाड़ी, फरसा और नशे के इंजेक्शन बरामद किए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये अपराधियों का एक गिरोह है जो गौ हत्या और गौकशी का ही काम करते हैं। ये लोग सुनसान जंगल व चारागाह की भूमि पर विचरण कर रही गौ वंशो को नशीले इंजेशन लगाकर उन्हे बेहोश करके किसी सूनसान खेत व आड वाली जगह मे गिराकर उनकी हत्या करके गौमांस को जनपद अलीगढ, शिलमपूर दिल्ली मे अवैध तरीके से बेचते थे। पकड़े गये बदमाशों और उनके साथियो पर जनपद अलीगढ व अन्य जगहो पर भी काफी मुकदमे दर्ज है। पुलिस टीम में नौहझील थानाध्यक्ष सोनू कुमार, उ0नि0 विकास शर्मा प्रभारी सर्विलांस सेल, वरिष्ठ उ0नि0 संजय कुमार थाना नौहझील, उ0नि0 अंकित कुमार चैकी प्रभारी कस्बा नौहझील, उ0नि0 अशेष कुमार चैकी प्रभारी हसनपुर, उ0नि0 संदीप राणा चैकी कौलाहर थाना नौहझील, है0का0 मुकेश, दीपक, सुमित सर्विलांस सेल, रोहित, राहुल, राधाश्वामी आदि रहे।

# रावण का पुतला दहन करने पर लगता है ब्रह्महत्या का दोष

**मथुरा।** प्रकांड विद्वान त्रिलोक विजेता भगवान भोलेनाथ के प्रिय भक्त और भगवान श्री राम के आचार्य रावण का पुतला दहन करने वाले लोगों को ब्राह्मण हत्या के समान ही पाप लगता है। जिससे कई जन्मों तक मुक्ति नहीं मिलती है। विजय दशमी पर्व पर भगवान श्री राम के भक्तों को और सनातन धर्म के लोगों को रावण के पुतला का दहन नहीं करना चाहिए।

लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने बताया है कि रावण प्रकांड विद्वान थे और वो भगवान भोलेनाथ के प्रिय भक्त थे। उनकी विद्वता से उस वक्त देवता भी प्रभावित रहते थे। भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए जामवंत को आमंत्रित करने के लिए रावण के पास भेजा था। रावण ने आमंत्रण यह जानते हुए भी स्वीकार किया था कि इसमें मेरी हार होगी परन्तु उन्होंने ब्राह्मण धर्म का पालन किया। और साथ में सीता जी को लेकर समुद्र तट पर आए जहां भगवान श्री राम उनका इंतजार कर रहे थे। उन्होंने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करा कर राम जी को लंका पर विजय प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया। उसी स्थान को आज रामेश्वरम कहते हैं। भगवान श्री राम ने दशानन के वध के बाद वहां कोई खुशी नहीं मनाई क्योंकि वो जानते



थे कि भगवान भोलेनाथ के प्रिय भक्त का आज वध हुआ है जिससे भोलेनाथ दुखी हैं। राम जी ने वानर सेना से कहा जिनके आशीर्वाद से आज हमने लंका पर विजय प्राप्त की है उनका सम्मान जनक तरीके से अंतिम संस्कार करो। लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान श्री राम अयोध्या आए और उन्होंने ब्राह्मण हत्या के पाप से मुक्ति के लिए ब्राह्मणों को भोजन कराकर पाप मुक्ति केअनेक उपाय किए। ब्राह्मण हत्या के पाप से छुटकारा पाने के लिए अनेक यज्ञ और अनुष्ठान किए। भगवान श्री राम ने लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद सैकड़ों वर्ष अयोध्या का राज किया परन्तु उन्होंने विजय दशमी पर कभी रावण के पुतला का दहन नहीं किया। भगवान श्री राम के दशानन आचार्य रहे हैं तो हमारी समाज को भी दशानन के पुतला का दहन नहीं करने चाहिए। लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत ने कहा है कि जिस तरह से देश में अब तक हमारी सभ्य समाज ने अनेक कुरीतियों को दूर किया है उसी तरह इस कुरीत को भी मिटाना होगा। प्रति वर्ष पुतला दहन करके बुराई को खत्म करते हैं फिर कैसे अगले साल बुराई जिंदा हो जाती है। हमें सोचना होगा पुतला दहन से देश में विपत्तियां आती है। जिस परिवार के मुखिया पुतला दहन करते हैं उस परिवार पर कष्ट आते हैं क्योंकि हम बिना वजह के ब्राह्मण की हत्या का पाप कर रहे होते हैं। लंकेश भक्त मंडल प्रकांड विद्वान के पुतला दहन का विरोध करता है। हमें रावण जैसे प्रकांड विद्वान का सम्मान करना चाहिए। जिससे भगवान श्री राम का सम्मान हो सके। पुतला दहन करने वाले व्यक्ति भगवान श्री राम के रूप में रावण का दहन करते हैं। जबकि उनमें भगवान श्री राम जैसा एक भी गुण नहीं होता है। जो लोग पुतला दहन करते हैं वो सनातन समाज के विरोधी हैं। इसलिए रावण का कोई भी हिन्दू पुतला नहीं बनाता है। वल्कि दूसरे धर्म के वही लोग पुतला बनाते हैं जो सनातन धर्म के विरोधी हैं।

## हाउस टैक्स छूट में अब 3 दिन बाकी, आज छुट्टी के दिन भी खुलेंगे कैश काउंटर, मिल रही 10% की छूट

**आगरा।** गृह कर में नगर निगम द्वारा दी जा रही दस प्रतिशत की छूट का मौका अब केवल 3 दिन और मिलेगा। 30 सितंबर के बाद ये सुविधा समाप्त होने जा रही है। नगर निगम रविवार को छुट्टी वाले दिन भी गृह कर जमा करेगा। चारों जोन में सभी कैश काउंटर सामान्य दिनों की तरह खुलेंगे। नगर आयुक्त के अनुसार इस दौरान समस्त जोनल ऑफिसर, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक और कर संग्रहकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में बिलों की वसूली करेंगे। नगर निगम प्रशासन द्वारा गृह कर में दस प्रतिशत छूट की सीमा 30 सितंबर के बाद यह छूट समाप्त हो जाएगी। तय समय सीमा के भीतर बकाया गृह कर चुकाने वालों को वर्तमान बिल दस प्रतिशत की छूट देने की निगम प्रशासन पूर्व में ही घोषणा कर चुका है। गृह कर वसूली को लेकर सभी जोनल कार्यालयों को लक्ष्य तय कर दिए हैं। प्रत्येक जोन के कर निर्धारण अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में 50 हजार रुपये से अधिक बकाया रखने वाले संपत्ति मालिकों को प्राथमिकता पर नोटिस/बिल भेजें और बकाया वसूली की कार्यवाही तेज करें। छूट सीमा समाप्त होने के बाद वसूली के लिए निगम द्वारा संपत्ति कुर्की, सीलिंग और सार्वजनिक नोटिस जैसे दंडात्मक उपायों को भी अपनाया जा सकता है। नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने आदेश के अनुसार आउटडोर स्टाफ भी सामान्य कार्य दिवस की भांति घर-घर जाकर गृह कर की वसूली करेगा। योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों द्वारा उठाया जा सके।

संक्षेप

## वीवीआईएमए के गठन की घोषणा

नई दिल्ली। वेटरनरी वेक्सिन इंडिया मेन्युफेक्चर्स एसोसिएशन ने मिलकर वेटरिनरी वेक्सिन इंडिया मेन्युफेक्चर्स एसोसिएशन (वीवीआईएमए) के गठन की घोषणा की है। वीवीआईएमए एक नोन-गवर्नमेन्ट, नोन-प्रोफिट ओगेनाईजेशन है जो भारत में वेटरिनरी वेक्सिन मेन्युफेक्चर्स का समूह है, जो कलेक्टिव वोईस के रूप में सर्विस प्रोवाईड करेगा। यह संगठन वेटरनरी वेक्सिन में ईनोवेशन, क्वोलिटी मेन्युफेक्चरिंग और ग्लोबल कोम्पेटिटिवनेस के लिए एक सक्षम ईकोसिस्टम बनाने के लिये नीति निर्माताओं, नियामकों और हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करेगा।

## सैमसंग ने सुपर बिग सेलिब्रेशन की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने सबसे बड़े फेस्टिव कैंपेन सुपर बिग सेलिब्रेशन्स की घोषणा की है। इसके अंतर्गत विजन एआई से लैस प्रीमियम बड़े स्क्रीन टीवी पर शानदार डील्स और रिवॉर्ड्स मिलेंगे। यह ऑफर 31 अक्टूबर 2025 तक वैध है और इस फेस्टिव सीजन में एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस को अपग्रेड करने का मौका देता है। सैमसंग ने इस कैम्पेन में अपनी एआई टीवी लाइन-अप पर विशेष ऑफर, कैशबैक और रिवॉर्ड्स पेश किए हैं। इसके अलावा, जीएसटी दरों में कमी के कारण कीमतों में भी राहत मिलेगी। सैमसंग के ह्यसुपर बिग सेलिब्रेशन्स के दौरान उपभोक्ता सिर्फ 990 रूपए प्रति माह की आसान ईएमआई पर टीवी खरीद सकते हैं। यह सुविधा 30 महीने तक उपलब्ध है।

## भारत की पहली वैश्विक स्मार्टफोन कंपनी बन जायेगी सीएमएफ

नई दिल्ली। नथिंग ने आज घोषणा की है कि पूर्व में एक उप ब्रांड- सीएमएफ एक स्वतंत्र अनुषंगी के तौर पर परिचालन करेगी और भारत इसके परिचालन, अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण के लिए आधार बनेगा। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो अगली पीढ़ी के उपभोक्ता टेक्नोलॉजी ब्रांडों को आगे ले जाने की भारत की क्षमता प्रदर्शित करता है। इस घोषणा के साथ ही नथिंग और अग्रणी भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड ने नथिंग और सीएमएफ उत्पादों के लिए भारत को एक वैश्विक उत्पादन एवं निर्यात केंद्र के तौर पर स्थापित करने के लिए एक रणनीतिक विनिर्माण संयुक्त उपक्रम की भी घोषणा आज की। यह संयुक्त उपक्रम भारत की टेक्नोलॉजी विनिर्माण क्षमताओं में एक उल्लेखनीय निवेश का प्रतीक है और भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के लिए नथिंग के समर्थन को बल प्रदान करता है।

## हृदय रोग को कम करता है बादाम

नयी दिल्ली। इस वर्ष वर्ल्ड हार्ट डे की थीम है धड़कन न छूटे– एक मजबूत संदेश कि हृदय रोग के कारण अनगिनत लोग समय से पहले अपनी जान गंवा रहे हैं, जिससे परिवारों को साथ बिताने का कीमती समय नहीं मिल पाता। इससे बचने का एक आसान लेकिन असरदार तरीका है – दिल के लिए फायदेमंद आदतें अपनाना, जैसे कि रोजाना आहार में कैलिफोर्निया बादाम को शामिल करना। 200 से अधिक प्रकाशित अध्ययनों से यह साबित हो चुका है कि कैलिफोर्निया बादाम स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद हैं। भारत में हृदय रोगों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह बेहद जरूरी है कि हम ऐसे खाद्य पदार्थों पर ध्यान दें जो सिर्फ कोलेस्ट्रॉल कम करने तक सीमित न हों, बल्कि समग्र हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा दें। बादाम पोषण से भरपूर एक सुपरफूड हैं, जिनमें हेल्दी फैट,, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट्स, और कई आवश्यक विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं।

## बीसीएमएल ने दिया स्वच्छता ही सेवा का संदेश

अयोध्या। बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड बीसीएमएल दशहरे के अवसर पर अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर में पीएलए (पॉलीलैक्टिक एसिड) से बने पर्यावरण अनुकूल प्रसाद के डिब्बे और पानी की बोतलें वितरित करेगा। यह



पहल परंपरा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को जोड़ते हुए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में कदम है। यह कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान का हिस्सा है, जो 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है। इस वर्ष की थीम स्वच्छोत्सव साथ मिलकर स्वच्छता का उत्सव है, जिसका उद्देश्य त्यौहारों की उमंग को स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी से जोड़ना है।

# सरसों में गिरावट व पामोलीन तेल में सुधार



नयी दिल्ली। देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह मंहगा होने से कारोबारी धारणा और मांग प्रभावित रहने के कारण सरसों तेल तिलहन में गिरावट दर्ज हुई।

दूसरी ओर त्योहारी मांग के बीच सोयाबीन एवं मूंगफली तेल-तिलहन तथा सट्टेबाजी की वजह से दाम ऊंचा बोले जाने के कारण कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम सुधार दर्शाते बंद हुए। सुस्त कामकाज और नये खरीफ मौसम की फसल आने के बीच बिनौला तेल के दाम स्थिर बने रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि सरसों तेल का दाम सोयाबीन तेल से 20-25 रुपये किलो महंगा बैठता है जिस कारण सरसों को लेकर कारोबारी धारणा और मांग प्रभावित हो रही है। कुछ लोगों ने सरसों के दाम में तेजी लाने का प्रयास किया था लेकिन सरकार और स्टॉकिस्टों ने अपने स्टॉक से सरसों की बिकवाली जारी रखकर इस प्रयास को विफल कर दिया। ऊंचे भाव की वजह से सरसों के लिवाल कम हैं इस वजह से सरसों तेल-तिलहन में गिरावट दर्ज हुई। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में सरसों तेल का थोक दाम 18-20 रुपये प्रति किलो टूटा है। लेकिन यह देखने की जरुरत है कि इस गिरावट का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचा है या नहीं। सूत्रों ने कहा कि नये खरीफ सोयाबीन फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पहले के 4,892 रुपये से बढ़ाकर अब 5,328 रुपये क्विंटल कर दिया गया है। हाजिर दाम इससे काफी कम है। इसलिए उस टूटे हाजिर दाम में अगर कुछ मामूली सुधार होता है तो उसे सुधार बताना उचित नहीं होगा। पिछले सप्ताहांत के मुकाबले दाम में मामूली सुधार के बावजूद अब भी हाजिर दाम एमएसपी से काफी नीचे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि यही हाल मूंगफली का है जिसमें विगत सप्ताहांत के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताहांत में सुधार है पर असलियत में नये एमएसपी से मूंगफली का हाजिर दाम लगभग 25 प्रतिशत नीचे है। सूत्रों ने कहा कि हाजिर बाजार में सोयाबीन, सूरजमुखी, मूंगफली और बिनौला के दाम काफी कम हैं। ये दाम इतने कम होते हैं कि कई बार किसानों की लागत भी नहीं निकलती। सरकार को इस बात पर विचार करना होगा कि केवल एमएसपी बढ़ाने से इन देशी तेलों का बाजार नहीं बढ़ता। उन्होंने कहा कि सट्टेबाजी के कारण विदेशों में सीपीओ के दाम ऊंचा बोले जा रहे हैं। आयात कर सीपीओ से पामोलीन बनाने का खर्च, सोयाबीन रिफाइंड बनाने के खर्च से 4-5 रुपये किलो मंहगा बैठता है। इस वजह से पाम-पामोलीन में विगत सप्ताहांत के मुकाबले समीक्षाधीन सप्ताह में सुधार है। मगर इस दाम पर इन तेलों का लिवाल मिलना मुश्किल है।

# आरबीआई की नीति, शुल्क गतिविधियों से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल




नयी दिल्ली। छुट्टियों से प्रभावित इस सप्ताह में शेयर बाजार की चाल आरबीआई के ब्याज दर संबंधी फैसले, शुल्क संबंधी घटनाक्रम, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी।

औद्योगिक उत्पादन और एचएसबीसी पीएमआई विनिर्माण आंकड़ों जैसे व्यापक आर्थिक रुझानों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। शेयर बाजार दशहरा और महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर बृहस्पतिवार को बंद रहेंगे। बाजार एक ऐसे सप्ताह में प्रवेश कर रहा है, जहां कई आंकड़े आने हैं। घरेलू और वैश्विक दोनों ही संकेतक बाजार की चाल तय करेंगे। घरेलू मोर्चे पर, औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों और आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर नजर रहेगी। इसके साथ ही सितंबर के वायदा-विकल्प अनुबंधों की समाप्ति के कारण अस्थिरता बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर किसी खबर से बाजार प्रभावित होगा। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि भारत और अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर शीघ्र निष्कर्ष निकालने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया है। इस समय, सभी की निगाहें अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों पर टिकी हैं। घरेलू मोर्चे पर, एक अक्टूबर को आने वाली आरबीआई की नीति घोषणा महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आईआईपी के आंकड़े और त्योहारी सत्र में बिक्री के रुझान भी बाजार को प्रभावित करेंगे।

# हरियाणा में निवेश के लिए शीर्ष जापानी कंपनियों को किया गया आमंत्रित

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को शीर्ष जापानी कंपनियों से राज्य में और अधिक निवेश करने का आग्रह किया।

इस दौरान उन्होंने हरियाणा में जापानी उद्यमियों के लिए एक समर्पित औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना पर भी चर्चा की। सैनी अगले महीने जापान की यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्होंने रविवार को गुरुग्राम में शीर्ष जापानी कंपनियों के साथ एक विशेष बैठक की और उन्हें हरियाणा में अधिक निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर सीएंडडी (निर्माण एवं ध्वंस) अपशिष्ट प्रबंधन के लिए होंडा कंपनी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस समझौते के तहत, सरकार संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि और कचरा उपलब्ध कराएगी, जबकि होंडा कचरे से टाइलें बनाएगी। बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री छह से आठ अक्टूबर तक जापान की यात्रा पर रहेंगे, जहां वह हरियाणा दीर्घा का दौरा करेंगे। बयान के अनुसार बैठक में उन्होंने हरियाणा में निवेश बढ़ाने के लिए प्रमुख जापानी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने हरियाणा में जापानी कंपनियों के लिए एक समर्पित औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना पर भी चर्चा की।

# कंपनियों की पूंजी 2.99 लाख करोड़ घटी



नयी दिल्ली। देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन पिछले सप्ताह 2,99,661.36 करोड़ रुपये घट गया।

शेयर बाजारों में जोरदार गिरावट के बीच आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को सबसे ज्यादा झटका लगा। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 2,199.77 अंक या 2.66 प्रतिशत गिरा। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार मूल्यांकन 97,597.91 करोड़ रुपये घटकर 10,49,281.56 करोड़ रुपये रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 40,462.09 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस के बाजार मूल्यांकन में 38,095.78 करोड़ रुपये की गिरावट आई, और यह 6,01,805.25 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन भी घटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का स्थान बरकरार रखा। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# त्योहारी मांग के चलते सोने-चांदी में तेजी जारी रहने की संभावना

नयी दिल्ली। इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में तेजी का रुख बरकरार रहने की उम्मीद है, लेकिन महत्वपूर्ण वैश्विक आर्थिक संकेतकों के आने के बीच मुनाफावसूली भी देखने को मिल सकती है। विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

विश्लेषकों ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर कारोबारी विनिर्माण और सेवाएं पीएमआई के आंकड़ों, सितंबर माह के लिए अमेरिका के रोजगार आंकड़ों के साथ ही उपभोक्ता विश्वास की स्थिति पर नजर रखेंगे। हमें उम्मीद है कि सोना और चांदी में मौजूदा सकारात्मक गति जारी रहेगी, हालांकि, सप्ताह के अंत में कुछ मुनाफावसूली से इनकार नहीं किया जा सकता। सोने की कीमतों में सकारात्मक गति जारी रही और सप्ताह के अंत में कीमतें तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ बंद हुईं। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अमेरिका में उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़ों ने ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद को थोड़ा कम कर दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर दिसंबर डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव शुक्रवार को साप्ताहिक आधार पर 4,188 रुपये या 3.77 प्रतिशत की तेजी के साथ।,14,891 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। मंगलवार को भाव।,15,139 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था।

# ब्याज दरों में हो सकती है 0.25 प्रतिशत की कटौती

मुंबई। 28 सितंबर (भाषा) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्याज दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती आरबीआई के लिए सर्वोत्तम संभावित विकल्प है।

हालांकि कुछ अन्य विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्रीय बैंक की दर निर्धारण समिति एक अक्टूबर को घोषित होने वाली अपनी द्विमासिक नीति में फिर से यथास्थिति बनाए रख सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) नीतिगत दर पर सोमवार को तीन दिवसीय विचार-मंथन शुरू करने वाली है। यह बैठक मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की पृष्ठभूमि में हो रही है। एमपीसी अपने फैसले की घोषणा एक अक्टूबर (बुधवार) को करेगी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति में गिरावट के बीच आरबीआई ने फरवरी से तीन किस्तों में अल्पकालिक उधारी दर रेपो को एक प्रतिशत घटाया है। केंद्रीय बैंक ने अगस्त की द्विमासिक मौद्रिक नीति में यथास्थिति बनाए रखने का विकल्प चुना था। एसबीआई के अध्ययन में कहा गया कि आगामी मौद्रिक नीति में उधार दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करना उचित और तर्कसंगत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि अगले वित्त वर्ष में भी खुदरा मुद्रास्फीति के नरम बने रहने की उम्मीद है।

## सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज ने दी एयर ट्रैफिक कम्युनिकेशन में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को गति



नई दिल्ली। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मिला कॉन्ट्रैक्ट एन्ड-टू-एन्ड आईटी और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन सॉल्यूशंस और भारत के एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही प्रमुख कंपनी सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 15 एयरपोर्ट्स पर एडवांस VHF एक्टिव मल्टीकप्लर सिस्टम्स और सिक्योर नेटवर्क सिक्यूरिटी सॉल्यूशन लागू कर रही है, जिससे एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावरों में संचार और सुरक्षा मजबूत हो रही है। हाल ही में कंपनी को एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा VHF एक्टिव मल्टीकप्लर सिस्टम्स की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए, साथ ही 15 एयरपोर्ट्स में नेटवर्क ट्रैफिक को मॉनिटर और कंट्रोल करने के लिए सिक्योर नेटवर्क सिक्यूरिटी सॉल्यूशन प्रदान करने का महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट दिया गया।

## पर्यटन क्षेत्र की किफायत को कमजोर करता है आईटीसी के बिना जीएसटी

नई दिल्ली। एफएचआरएआई ने उद्योग को मजबूत करने के लिए अपने दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और हॉस्पिटैलिटी के भविष्य की रक्षा के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया। यह एक ऐसा सेक्टर है जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 6 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देता है। भारत के 90% होटल रुपये 7,500 से कम के कमरे के टैरिफ पर संचालित होते हैं और अब उन पर 5% की दर से वस्तु एवं सेवा कर लागू है, जिसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट की सुविधा नहीं है। यद्यपि हालिया जीएसटी दरों का संशोधन उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाने, अनुपालन सुधारने और विकास को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया है, परंतु वास्तव में यह अतिथियों पर अतिरिक्त लागत और विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहरों के होटलों पर संरचनात्मक बोझ के रूप में सामने आया है।

# वैश्विक, घरेलू कंपनियां खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगीः सरकार

नई दिल्ली। सरकार ने विश्व खाद्य भारत शिखर सम्मेलन के दौरान 26 विदेशी और घरेलू कंपनियों के साथ समझौते किए, जिसके तहत कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय ने 25 से 28 सितंबर तक राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में इस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। मंत्रालय ने रविवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि विश्व खाद्य भारत 2025 बड़े पैमाने पर निवेश प्रतिबद्धताओं के साथ संपन्न हुआ। मंत्रालय ने कहा कि चार दिवसीय आयोजन के दौरान 26 अग्रणी घरेलू और वैश्विक कंपनियों ने कुल।,02,046.89 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो भारत के खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में सबसे बड़ी निवेश घोषणाओं में से एक है। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था और इसके पहले दिन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने कहा था कि चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान एक लाख करोड़ रुपये से अधिक के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

## टोयोटा ने सस्टेनेबिलिटी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

बेंगलुरु। विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर, टोयोटा ने भारत में पर्यावरण संरक्षण और लोगों की सेहत के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। 2015 में शुरू किए गए टोयोटा एनवॉयरमेंटल चैलेंज 2050 (टीईसी 2050) की 6 चुनौतियों के आधार पर, टीकेएम कार्बन उत्सर्जन को कम करने, अपने उत्पादों, विनिर्माण प्रक्रियाओं और पूरी सप्लाई चेन में स्थायी तरीके अपनाकर बदलाव ला रहा है। साथ ही, यह प्राकृतिक संसाधनों को बचाने और प्रभावी परियोजनाओं के जरिए समुदायों को बेहतर बनाने का काम कर रहा है।विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हमें याद दिलाता है कि पर्यावरण की गुणवत्ता और लोगों का स्वास्थ्य आपस में जुड़े हैं। स्वच्छ हवा, पानी, प्रभावी कचरा प्रबंधन और प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा देकर, यह दिन पर्यावरण की रक्षा के महत्व को दर्शाता है। टीकेएम की पर्यावरण के अनुकूल पहलें उत्सर्जन और संसाधनों को बचाने के साथ-साथ स्वस्थ समुदायों को बढ़ावा देती हैं।

# पेज एक का शेष

## शराब के

चंद ने बताया, कुछ ही देर में मां-बेटे के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि अक्षय ने अपनी मां की पिटाई कर दी और उसका सिर कई बार दीवार पर पटक दिया। उन्होंने कहा कि इससे आशा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं और घटनास्थल पर ही गिर पड़ीं। सीओ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को घटनास्थल से गिरफ्तार कर लिया और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आशा देवी को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## भारत में

है कि अपराध व अपराधियों, गद्दारों व देशद्रोहियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य होगा। हमारी संवेदना बेटियों-बहनों, नौजवानों, गरीबों, किसानों, व्यापारियों-उद्यमियों, भारत को मां और महापुरुषों को सम्मान देने और भारतीय परंपरा-संस्कृति के प्रति आदर का भाव रखने वालों के लिए है। इन्हें यह भी नहीं पता कि आस्था के प्रतीकों को प्यार नहीं, सम्मान दिया जाता है। आस्था चौराहे पर प्रदर्शन की वस्तु नहीं, बल्कि अंतःकरण का विषय है। यह कमजोर और कायर हैं। जिन बच्चों के हाथों में कलम, नोटबुक, विज्ञान व गणित की पुस्तकें होनी चाहिए, उनके हाथों में 'आई लव मोहम्मद' का पोस्टर देकर कुछ लोग समाज में अराजकता पैदा कर रहे हैं। उनकी जिंदगी तो बर्बाद है ही, लेकिन यह लोग बच्चों की जिंदगी भी बर्बाद करने पर आमादा हैं। सरकार ऐसी अराजकता को स्वीकार नहीं करेगी। जिसने भी कानून हाथ में लिया, राहगीरों पर हमला, बेटियों की सुरक्षा पर सेंध, व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आगजनी करने का दुस्साहस, पर्वों पर उपद्रव किया, बिना मांगे उसके जहन्नुम में जाने का टिकट कटवा देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। गांव-गांव का विकास हो रहा है। बिना भेदभाव युवाओं को नौकरी-रोजगार व नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, फिर अराजकता कैसे। कुछ चंद लोगों को माहौल खराब करने की छूट नहीं देनी चाहिए। यह वही लोग हैं, जिन्होंने यूपी की भ्रष्ट सरकारों के साथ मिलकर प्रदेश के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। जिनके दंगों के कारण प्रदेश में उद्योग, विकास व निवेश नहीं आता था। पिछले साढ़े आठ वर्ष में उनकी मंशा सफल नहीं हुई तो वे नए तौर तरीके अपना रहे हैं। योगी ने दंगाइयों को सख्त लहजे में समझाया कि वे जितना सोचते हैं, उससे ज्यादा तैयारी हमारी पहले से रहती है। जब भी दुस्साहस करोगे, वैसे ही पिटोगे, जैसे बरेली में पीटे गए हो।

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ विकास अनवरत आगे बढ़ रहा है और दूसरी तरफ कुछ तत्व ऐसे भी हैं, जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता है। वे विकास में व्यवधान और उत्सव में उपद्रव करना चाहते हैं। जो लोग अराजकता को जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं, उन्हें चेतावनी देने बलरामपुर आया हूं। यदि विकास की योजनाओं को उपद्रव व अराजकता से बाधित करोगे तो विकास तुम्हारे विनाश का कारण बन जाएगा। पर्व के उत्सव व उमंग में उपद्रव किया तो इसकी कीमत ऐसी चुकानी पड़ेगी कि आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। जो लोग आज भी गलत मंशा के साथ जी रहे हैं, वे गलतफहमी दूर कर लें। वह समय गया, जब समाजवादी पार्टी व कांग्रेस की सरकार होती थी और आगजनी, दंगा, बेटी की सुरक्षा में सेंध, व्यापारी के प्रतिष्ठानों पर आग लगाते थे और सरकार आवभगत करती थी। अब डबल इंजन सरकार है, बेटी-व्यापारी पर हाथ लगाया और उत्साह व उमंग के उत्सव में अराजकता-उपद्रव करने का प्रयास किया तो नर्क में जाने का रास्ता खुला होगा।

सीएम ने कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश के अभियान को बढ़ाया गया है। सीएम ने नागरिकों का भी आह्वान किया कि समर्थ उत्तर प्रदेश पोर्टल पर क्यूआर कोड को स्कैन करते हुए यूपी को विकसित बनाने के लिए शार्ट, मीडियम, लांग टर्म के लिए अपना सुझाव दीजिए। इस दौरान बलरामपुर के विधायक पल्टूराम, उतरौला के विधायक रामप्रताप वर्मा, तुलसीपुर के विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह 'मंजू', साकेत मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, आदि मौजूद रहे।

## बरेली में

इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खां समेत 27 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जबकि संदिग्ध गतिविधियों वाले 26 लोगों को पूछताछ के लिए पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसपी सिटी मानुष परीक ने प्रेस वार्ता में बताया कि शुक्रवार को नमाज के बाद बिना इजाजत आई लव मोहम्मद के समर्थन में जुलूस निकालने वाली भीड़ को रोकने पर पुलिस पर पथराव और फायरिंग की गई थी। इसमें 22 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। कोतवाली में पांच, बारादरी में दो और किला, कैंट व प्रेमनगर थाने में एक-एक एफआईआर दर्ज करते हुए 125 नामजद और 3000 अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। सीसी फुटेज, सर्विलांस और अन्य माध्यमों से आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## युवाओं के

काल में पीपीई किट व वैक्सीन का घरेलू निर्माण, सब मिलकर स्वदेशी भारत की क्षमता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वदेशी ताकत ही है जिसने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में स्वरोजगार और लघु उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। युवाओं को स्टार्टअप्स और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़कर स्वदेशी उद्यमिता को गति दी जाएगी। उन्होंने घोषणा की कि उत्तराखंड में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी अभियान को व्यापक जनजागरण आंदोलन के रूप में चलाया जाएगा। धामी ने प्रदेशवासियों और देशवासियों से अपील की कि नवरात्र, दशहरा, दीपावली और विवाह जैसे अवसरों पर घरेलू उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक मजबूती का प्रश्न नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## चैतन्यानंद को

लगभग 16 लड़कियों ने शिकायत की है। कई अन्य आरोपों की पुष्टि की जानी है। आरोपी के वकील ने हिरासत में पूछताछ की मांग का विरोध करते हुए कहा कि सभी 16-20 छात्राओं ने पहले ही अपने बयान दर्ज करा दिए हैं। वकील ने अपने मुवक्किल के हवाले से कहा, आपने पहले ही मेरे फोन, एक आईपैड और मेरा सामान ले लिया है। मैं मधुमेह से पीड़ित हूं और मुझे बेचैनी की समस्या है। मेरे भिक्षु वाले वस्त्र छीन लिए गए हैं। उन्होंने दलील दी, मुझे (चैतन्यानंद को) अपने वस्त्र पहनने की अनुमति नहीं है। आप केवल मुझे परेशान करने के लिए पुलिस हिरासत चाहते हैं। यदि आपको लगता है कि (महिलाओं के लिए) कोई खतरा है, तो मुझे न्यायिक हिरासत में लेकर उसका उपाय किया जा सकता है। शिकायतकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि पुलिस हिरासत की आवश्यकता है, क्योंकि आरोपी का पीड़िताओं के बयान और डिजिटल एवं अन्य साक्ष्यों के साथ सामना कराना होगा। जवाब में बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि अभियोजन पक्ष खोखले शब्दों का इस्तेमाल कर रहा है।

## तमिलनाडु भगदड़

कपड़ों के टुकड़े, टूटे हुए डंडे और तरह-तरह के कूड़े-कचरे के ढेर उस दुखद घटना की याद दिलाते हैं। भगदड़ में किसी तरह जान बचाकर निकले युवक ने दावा किया, जब एक साथ सैकड़ों लोग जान बचाने की कोशिश में भाग रहे थे तो कई लोगों को धक्का लगा और वे सड़क किनारे नाले में गिर गए। उन्होंने कहा कि जो पल उनके चहेते सितारे का स्वागत करने के जश्न के रूप में शुरू हुआ था, वह एक भयावह त्रासदी में बदल गया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जब प्रशंसक विजय का नाम लेकर नारे लगा रहे थे, तब कई लोगों को यह एहसास तक नहीं हुआ कि वहां भगदड़ मच गई है और कई लोग नीचे गिर पड़े हैं। जैसे ही कुछ लोगों के पैर नीचे गिरे लोगों पर पड़े वे भी लड़खड़ाकर गिर गए। भगदड़ के कारणों को लेकर कई लोगों के अपने-अपने दावे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि क्या गड़बड़ हुईअ क्या आयोजन के गलत स्थान के चयन की वजह से यह सब हुआ या फिर भीड़ के बेकाबू हो जाने से। कुछ लोगों का दावा है कि सभा स्थल पर भीड़ ने अवरोधक के लिए लगाए गए टिन शेड को गिरा दिया और कई लोग पास की फूस की छतों पर चढ़ गए जो उनका भार सहन नहीं कर सकीं और गिर गईं।

## निस्वार्थ सेवा

इसलिए देश की आजादी के साथ-साथ यह भी जरूरी था कि यह बौद्धिक गुलामी से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि देश में कहीं भी प्राकृतिक आपदा आने पर आरएसएस के स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, लाखों स्वयंसेवकों के हर कार्य और हर प्रयास मैं राष्ट्र प्रथमै की भावना सदैव सर्वोपरि रहती है। मोदी ने मन की बात के 126वें संस्करण में एक बार फिर स्वदेशी पर जोर देते हुए लोगों से दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर खादी की कोई वस्तु खरीदने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, वोकल फोर लोकल को खरीदारी का मंत्र बना दीजिए। ठान लीजिए, हमेशा के लिए, जो देश में तैयार हुआ है, वही खरीदेंगे। जिसे देश के लोगों ने बनाया है, वही घर ले जाएंगे। जिसमें देश के किसी नागरिक की मेहनत है, उसी सामान का उपयोग करेंगे। उन्होंने कहा, जब हम ऐसा करते हैं, तो हम सिर्फ कोई सामान नहीं खरीदते, हम किसी परिवार की उम्मीदों को जगाते हैं, किसी कारीगर की मेहनत को सम्मान देते हैं, किसी युवा उद्यमी के सपनों को पंख देते हैं। मोदी ने यह भी कहा कि सरकार छठ पर्व को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल कराने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के इसी तरह के प्रयासों के कारण, कोलकाता की दुर्गा पूजा भी इस यूनेस्को सूची का हिस्सा बन गई है। प्रधानमंत्री ने नाविका सागर परिक्रमा के दौरान अदम्य साहस और अडिग संकल्प का उदाहरण पेश करने वालीं नौसेना की महिला अधिकारियों - लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बात की। उन्होंने उनके प्रयासों की सराहना की और कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रही हैं। आगामी गांधी जयंती (दो अक्टूबर) का उल्लेख करते हुए, मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के बाद भारत में खादी के प्रति आकर्षण कम हो गया। उन्होंने कहा, हालांकि, पिछले 11 वर्षों में, खादी के प्रति आकर्षण में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोतरी हुई है और इसकी बिक्री लगातार बढ़ रही है। मैं आपसे दो अक्टूबर को खादी उत्पाद खरीदने का आग्रह करता हूं। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह और प्रख्यात गायिका लता मंगेशकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, अमर शहीद भगत सिंह हर भारतीय, खासकर देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। लता मंगेशकर के योगदान की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने देशभक्ति के गीत गाए हैं जिनसे लोगों को बहुत प्रेरणा मिली है। रेडियो प्रसारण के दौरान मंगेशकर का गाया गीत ज्योति कलश छलके भी बजाया गया।

## रोडवेज बस

ओयल मोड़ (लखीमपुर-सीतापुर राजमार्ग पर) पर हुई, जहां दूसरी लेन पर मरम्मत कार्य के कारण दोनों ओर का यातायात एक ही लेन में स्थानांतरित कर दिया गया था। डीएम ने कहा कि 10 घायलों में से सात को लखनऊ ले जाया गया है और उन्होंने वहां के चिकित्सकों से बात की है ताकि उन्हें हर संभव उपचार प्रदान किया जा सके, जबकि तीन अन्य का जिला अस्पताल में इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह पीड़ित परिवारों को अधिकतम मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करेंगी।




# 'ऑपरेशन एशिया कप' सक्सेसफुल, पाकिस्तान ने फिर चाटी धूल








एजेंसी

दुबई। भारत ने नौवीं बार एशिया कप का खिताब जीत लिया है। तिलक वर्मा की बेहतरीन पारी की बदौलत इंडिया ने फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। रविवार को 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 20वें ओवर की चौथी बॉल पर जीत हासिल की। रिंकू सिंह ने चौका लगाकर भारत को जीत दिलाई। तिलक वर्मा 69 रन बनाकर नाबाद लौटे। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने वाली पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान से साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए।

टारगेट का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत खराब रही. उसने दूसरे ही ओवर में इनफॉर्म बैटर अभिषेक शर्मा (5 रन) का विकेट गंवा दिया. अभिषेक को फहीम अशरफ ने हारिस रऊफ के हाथों कैच आउट कराया. कप्तान सूर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म जारी रही और वो 1 रनों के निजी स्कोर पर शाहीन आफरीदी का शिकार बने. चौथे ओवर की आखिरी गेंद पर गिल भी अपना विकेट गंवा बैठे. गिल के बल्ले से 12 रन निकले. इसके बाद संजू सैमसन और तिलक वर्मा के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई. लेकिन 13वें ओवर में अबरार ने संजू सैमसन को आउट कर दिया. सैमसन के बल्ले से 24 रन आए. इसके बाद दुबे और तिलक के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हुई. एक समय पर भारत को जीत के लिए 2 ओवर में 17 रन चाहिए थे. आखिरी ओवर में 10 रन चाहिए थे. विनिंग शॉट रिंकू सिंह के बल्ले से आया। पाकिस्तान की ओर से पारी की शुरूआत साहिबजादा फरहान और फखर जमां ने की. दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करना शुरू किया. पहला ओवर शिवम दुबे ने किया और केवल 4 रन खर्च किए. पावरप्ले में पाकिस्तान ने 45 रन बनाए. हालांकि, पाक ने कोई विकेट नहीं गंवाया. फरहान ने केवल 35 गेंद में ही फिफ्टी जड़ी. लेकिन 10वें ओवर में वरुण ने फरहान का विकेट चटका दिया. फरहान ने 38 गेंद में 57 रनों की शानदार पारी खेली. इसके बाद 13वें ओवर में कुलदीप यादव ने सैम अयूब का विकेट झटका. अयूब के बल्ले से 14 रन आए. इसके बाद 14वें ओवर में अक्षर पटेल ने मोहम्मद हारिस का विकेट झटक लिया. हारिस खाता नहीं खोल सके. 15वें ओवर में पाकिस्तान को चौथा झटका लगा जब वरुण ने फखर को आउट किया. फखर के बल्ले से 46 रन आए. इसके बाद 16वें ओवर में अक्षर पटले ने हुसैन तलत का विकेट झटक लिया। इसके बाद पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई. अगले ओवर में कुलदीप ने कप्तान सलमान आगा का विकेट झटक लिया.

इसी ओवर में कुलदीप ने शाहीन को भी निपटा दिया. शाहीन खाता भी नहीं खोल सके. इसी ओवर में कुलदीप ने फहीम का भी विकेट लिया. यानी कुलदीप ने इस ओवर में तीन विकेट लिए. इसके बाद बुमराह का कहर दिखा और पाकिस्तान की पारी 146 पर सिमट गई. कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए. वरुण-बुमराह और अक्षर को 2-2 विकेट मिले। एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान ने भारत के सामने जीत के लिए 147 रन का टारगेट रखा है। जवाब में भारतीय टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट पर 117 रन बना लिए हैं। तिलक वर्मा और शिवम दुबे क्रीज पर हैं। तिलक अर्धशतक बनाकर खेल रहे हैं। 13वें ओवर में संजू सैमसन 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने साहिबजादा फरहान के हाथों कैच कराया। अबरार ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। पावरप्ले में शुभमन गिल 12, सूर्यकुमार यादव 1 और अभिषेक शर्मा 5 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में फहीम ने गिल को और दूसरे ओवर में अभिषेक को हारिस रऊफ के हाथों कैच कराया। सूर्यकुमार यादव शाहीन अफरीदी ने आउट किया। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। पाकिस्तान की टीम 19.1 ओवर में 146 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। कुलदीप यादव ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान से साहिबजादा फरहान ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए। 16वें ओवर में तिलक वर्मा ने फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने अबरार अहमद की आखिरी बॉल पर एक रन दौड़कर अर्धशतक पूरा किया। तिलक ने इस टूनार्मेंट में पहली बार अर्धशतक लगाया है। 15वें ओवर में तिलक वर्मा ने हारिस रऊफ की बॉल पर 2 चौके आए। पहली बॉल पर शिवम दुबे ने चौका मारा। उसके बाद तीसरी बॉल पर तिलक वर्मा ने बाउंड्री लगाई। फिर आखिरी बॉल पर तिलक ने छक्का लगाया। इसी के साथ भारत ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। हारिस के इस ओवर से 17 रन आए। 14वें ओवर की आखिरी बॉल पर तिलक वर्मा रनआउट होने से बच गए। सईम ने ऑफ स्टंप के बाहर बॉल फेंकी। यहां शिवम दुबे के बैट के बाहरी किनारे से निकलकर बॉल शॉर्ट थर्ड मैन के पास चली गई। फील्डर ने पीछा कर गेंद को रोका और तेजी से विकेटकीपर हारिस को थ्रो किया। इस बीच दुबे ने दूसरा रन लेने से मना कर दिया, लेकिन तिलक आधी पिच तक दौड़ चुके थे। उन्हें वापस लौटना पड़ा। विकेटकीपर ने ढीलेपन से गिल्लियां गिराईं और इसी वजह से तिलक बच गए। 13वें ओवर में संजू सैमसन 24 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अबरार अहमद ने साहिबजादा फरहान के हाथों कैच कराया। अबरार ने फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक की। 12वें ओवर में तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने चौथे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। टीम ने 20 रन पर 3 विकेट गंवा दिए थे। 9वें ओवर में संजू सैमसन को जीवनदान मिला। अबरार अहमद के ओवर की तीसरी बॉल पर संजू ने शॉर्ट ऑफ लेंथ पर शॉट खेला। बॉल मिडविकेट पर खड़े हुसैन तलत के पास गई। यहां उन्होंने डाइव लगाई, लेकिन कैच नहीं लपक सके। भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही है। टीम ने शुरूआती 6 ओवर में 36 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए हैं। अभिषेक शर्मा 5, शुभमन गिल 12 और सूर्यकुमार यादव एक रन बनाकर आउट हुए। फहीम ने 2 बैटर्स को पवेलियन भेजा। 147 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 4 ओवर में टॉप-3 बैटर्स पवेलियन लौट गए हैं।

## लखनऊ ने मनाया जीत का जश्न



- सेंट जोसेफ कॉलेज में पूरे उत्साह से देखा गया मैच
- भारत की जीत का धूमधाम से मनाया गया जश्न

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का फाइनल मुकाबला सेंट जोसेफ कॉलेज की सेक्टर बी प्रियदर्शनी योजना सीतापुर रोड शाखा में बड़ी स्क्रीन पर बच्चों, पेरेंट्स और शिक्षक-शिक्षकाओं के साथ सजीव देखा गया। इस दौरान पाकिस्तान की पहली पारी में बैटिंग की इस दौरान जब भारत के शानदार बॉलिंग से उनके खिलाड़ियों के विकेट गिरते रहे तो दर्शकों का उत्साह बढ़ता गया। इस अवसर पर जमकर ढोल नगाड़े बजे और मौजूद दर्शकों ने भारत के झंडे को लहराया गया। इसके बाद जब भारत बैटिंग करने उतरी तो मैच देखने वालों का उत्साह देखने लायक हो गया, लगातार खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का जोश भरता गया और लोगों के बीच उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया। सभी ने मैच को पूरे जोशो खरोश के साथ आनंद लिया। भारत पाक के फाइनल मैच के मुकाबला भारत ने दो बाल रहते मैच को जीत लिया। जिसमे लखनऊ के दर्शको और खेल प्रेमियों का उत्साह देखते बन रहा था। लखनऊ में चारों तरफ उत्साह का महौल रहा।



## संक्षेप

### श्रीहरि नटराज को 200 मीटर में रजत

अहमदाबाद। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने 11वीं एशियाई एक्वाटिक्स चैम्पियनशिप के पहले दिन रविवार को 200 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता। श्रीहरि ने एक मिनट 48 . 47 सेकंड का समय निकाला और वह चीन के 17 वर्ष के शू हेइबो (एक मिनट 46 .83 सेकंड) के बाद दूसरे स्थान पर रहे। जापान के हिनाता एंदो को कांस्य पदक मिला। दो बार के ओलंपियन नटराज ने सुबह दूसरी हीट में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल के लिये क्वालीफाई किया था। भारत के अनीश गौड़ा चौथी हीट में थे लेकिन चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में नहीं पहुंच सके। नटराज ने उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों में नौ स्वर्ण और एक रजत पदक जीते थे।

### युवराज संधू ताइवान मास्टर्स में संयुक्त 44वें स्थान पर

न्यू ताइपे सिटी। भारतीय गोल्फर युवराज संधू रविवार को यहां तीसरे दौर में चार ओवर 76 के स्कोर से मरकरीज ताइवान मास्टर्स में संयुक्त रूप से 44वें स्थान पर हैं। संधू ने दो बर्डी की लेकिन चार बोगी और एक डबल बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर चार ओवर रहा। उनका कुल स्कोर आठ ओवर रहा। शुरुआती दो दौर के बाद एकल बढ़त बनाने वाले थाईलैंड के अतिरुज विनाइचेरोनचाइ (एक ओवर 73) और उनके हमवतन रतानोन वनासरिचान (दो अंडर 70) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### अभय ने दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी को हराया

दोहा। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने कतर क्लासिक स्क्वाश के पहले दौर में दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के करीम गवाड को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। पीएसए टूर पर भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ी (35वें) अभय ने 41 मिनट में 11-6, 11-4, l-11, 11-9 से जीत दर्ज की।

## विश्व कप : अनुष्का ने दूसरा स्वर्ण और एड्रियन ने रजत पदक जीता

नयी दिल्ली। उभरती हुई निशानेबाज अनुष्का ठोकुर ने रविवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल कर दूसरा स्वर्ण जीता जबकि एड्रियन करमाकर ने इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में रजत पदक हासिल किया। इससे भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है जिसमें चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) तीन स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक से दूसरे स्थान पर है जबकि इटली दो स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ तीसरे स्थान पर है। अठारह वर्षीय अनुष्का ने चार दिन में जूनियर विश्व कप में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया था। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट अनास्तासिया सोरोकिना 454.9 अंक से रजत पदक जीता और मारिया कुग्लेवा ने 444.0 अंक से कांस्य पदक जीता।

## बीसीसीआई एजीएम में निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए मिथुन मन्हास

मुंबई। दिल्ली के पूर्व कप्तान मिथुन मन्हास को रविवार को यहां भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के मुख्यालय में उसकी 94वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया जबकि बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया सहित अन्य सदस्य भी निर्विरोध चुने गए। मन्हास (45 वर्ष) बोर्ड के 37वें अध्यक्ष बने। उन्होंने रोजर बिन्नी की जगह ली जिन्होंने पिछले महीने 70 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया था।

## विश्व तीरंदाजी पैरा में चैंपियन बने तोमन

नयी दिल्ली। दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता तोमन कुमार ने छत्तीसगढ़ में 2022 में एक नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक घातक आईईडी विस्फोट में अपना पैर गंवा दिया था लेकिन उन्होंने इसके बाद की चुनौतियों से पार पाते हुए सफलता की ओर कदम बढ़ाए। केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल के 30 वर्षीय कांस्टेबल ने अब तक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पैरा तीरंदाजी टूर्नामेंट में सात पदक जीते हैं। उन्होंने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व तीरंदाजी पैरा चैंपियनशिप में शनिवार को पुरुषों की कंपाउंड स्पर्धा का खिताब जीता। तोमन सीआरपीएफ की एक इकाई का हिस्सा थे जिसे देश के सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में से एक दक्षिण बस्तर क्षेत्र में नियुक्त किया गया था। पर फरवरी 2022 में सीआरपीएफ और नक्सलियों के बीच भारी गोलीबारी के दौरान तोमन आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) विस्फोट में घायल हो गए। सीआरपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वह इसमें गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिससे 12 फरवरी 2022 को उसका बायां पैर काटना पड़ा।

उन्होंने कहा, तोमन कुमार 2017 में सीआरपीएफ में शामिल हुए थे और जब वह मात्र 26 वर्ष के थे। लेकिन बस्तर में फरवरी में हुई इस मुठभेड़ में शरीर का एक अंग गंवाना पड़ा। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। अधिकारी ने बताया कि वह सीआरपीएफ के एक विशेष सेंटर राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण केंद्र में शामिल हो गए जिसे 2020 में शारीरिक रूप से अक्षमता का सामना करने वाले जवानों के लिए खोला गया था।

## क्रिकेट : नेपाल ने वेस्टइंडीज को हराया

एजेंसी

शारजाह। नेपाल ने दो बार के विश्व चैंपियन वेस्टइंडीज को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 रन से हराकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहली जीत दर्ज करके इतिहास रच दिया। नेपाल ने इससे पहले 2014 में अफगानिस्तान को हराया था लेकिन उस समय वह एसोसिएट सदस्य था। शनिवार का परिणाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की अब तक की सबसे बड़ी जीत थी और यह जीत कैरेबियाई टीम के खिलाफ उनके पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले और किसी पूर्ण सदस्य के खिलाफ पहली द्विपक्षीय श्रृंखला में आई। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर नेपाल ने आठ विकेट पर 148 रन बनाए और फिर वेस्टइंडीज को नौ विकेट पर 129 रन पर रोक दिया।




अकील हुसैन और जेसन होल्डर के शुरुआती झटकों से वेस्टइंडीज ने चौथे ओवर में नेपाल का स्कोर दो विकेट पर 12 रन कर दिया। कप्तान रोहित पोडेल (38) और कुशल मल्ला (30) ने 58 रन की साझेदारी करके नेपाल की पारी को संभाला लेकिन नवीन बिदाईसी ने दोनों को जल्दी-जल्दी आउट कर दिया। मल्ला ने दो छक्कों के साथ रन गति में इजाफा किया जबकि दीपेंद्र सिंह ऐरी (24) और गुलशन झा (22) ने भी उम्दा पारियां खेली। होल्डर ने 19वें ओवर में तीन विकेट चटकाए लेकिन वेस्टइंडीज ने कुछ कैच टपकाए जिससे नेपाल की टीम आठ विकेट पर 148 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में सफल रही। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। कुशल भुर्तेल ने काइल मायर्स (05) को रन आउट किया। अकीम ऑगस्टे (15) ने दो छक्कों के साथ पलटवार किया लेकिन नेपाल के स्पिनरों ने जल्द ही रन गति पर ब्रेक लगा दिया। ललित राजवंशी (छह रन पर एक विकेट) और पोडेल (20 रन पर एक विकेट) ने बीच के ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी की जिससे वेस्टइंडीज की पारी लड़खड़ा गई।

इसके बाद ऐरी ने शानदार क्षेत्ररक्षण का नजारा पेश करते हुए कीसी कार्टी (16) को रन आउट किया। होल्डर (05) के भुर्तेल (17 रन पर दो विकेट) की गेंद पर सस्ते में आउट होने के साथ ही कैरेबियाई टीम की जीत की उम्मीदें धूमिल हो गईं। हुसैन (18) और फैबियन एलेन (19) ने नेपाल की जीत के अंतर को कम किया लेकिन वेस्टइंडीज को हार से नहीं बचा पाए। वहीं दूसरी ओर भारतीय लेग स्पिनर राहुल चाहर ने काउंटी क्रिकेट में सेंर्रे के लिये पदार्पण के साथ आठ विकेट लेकर 166 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। चाहर ने हैंपशर के खिलाफ 24 ओवर में 51 रन देकर आठ विकेट लिये। सें के लिये पहली बार खेलने वाले किसी गेंदबाज का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

उन्होंने 1859 में विलियन मडल का 61 रन देकर सात विकेट का रिकॉर्ड तोड़ा। चाहर ने मैच में 118 रन देकर दस विकेट लिये जिसकी मदद से सें ने हैंपशर को 20 रन से हराकर काउंटी डिविजन तालिका में दूसरा स्थान बरकरार रखा। चाहर का यह प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## फुटबॉल : अटलांटा ने यूवेंटस को बराबरी पर रोका

एजेंसी

मिलान। कमालदीन सुलेमान के गोल की मदद से अटलांटा ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां यूवेंटस को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। सुलेमान ने मध्यांतर से ठीक पहले अटलांटा को बढ़त दिलाई लेकिन जुआन कबाल ने दूसरे हाफ में गोल दागकर यूवेंटस के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। यूवेंटस ने मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं गंवाया है। मौजूदा सत्र के शुरुआती चार में से दो मैच गंवाने वाले इंटर मिलान ने कैगलियारी को 2-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। अटलांटा ने 2018 से यूवेंटस के घरेलू मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है।

टीम ने इस दौरान पांच जीत दर्ज की जबकि दो मुकाबले ड्रॉ रहे। एक अन्य मुकाबले में क्रेमोनेस ने मौजूदा सत्र में अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए कोमो को 1-1 से बराबरी पर रोका। वहीं दूसरी ओर जूलियन अल्वारेज के दो गोल की बदौलत एटलेटिको मैड्रिड ने ला लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को यहां रीयाल मैड्रिड के खिलाफ 5-2 की आसान जीत दर्ज की। यह 75 साल में पहला मौका है जब एटलेटिको ने शहर की अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ पांच गोल किए हैं। अन्य मुकाबलों में स्थानापन्न खिलाड़ी अल्बर्टो मोलेइरो के गोल से तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल ने एथलेटिक बिलबाओ को 1-0 से हराया जबकि मालोर्का ने एल्वेस को 1-0 से हराकर सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की।



लेवांते और गेटाफे का मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने उच्चतम न्यायालय के फैसले के अनुरूप संविधान के मसौदे और अन्य संशोधनों को पारित करने के लिए 12 अक्टूबर को एक विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है। विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने एआईएफएफ के लिए नया संविधान अपनाने की समय सीमा 30 अक्टूबर तक तय की है। एआईएफएफ के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को बताया, विशेष आम बैठक (एसजीएम) एक विशेष एजेंडे के लिए बुलाई गई है। यह केवल संविधान को अपनाने के लिए है और कोई अन्य एजेंडा नहीं है। यह विशेष आम बैठक राष्ट्रीय राजधानी में कराई जाएगी जहां एआईएफएफ का मुख्यालय है। उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दी थी और फुटबॉल संस्था को इसे चार सप्ताह के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। वहीं दूसरी ओर

एडी एनकेतिया के इंजरी टाइम के सातवें मिनट में दागे गोल की बदौलत क्रिस्टल पैलेस ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ क्रिस्टल पैलेस का अजेय अभियान 18 मैच तक पहुंच गया। टीम ने अप्रैल से कोई मैच नहीं गंवाया है। गत चैंपियन लीवरपूल की मौजूदा सत्र में यह पहली हार है। टीम ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार पांच जीत के साथ की थी। अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल की बढ़त अब सिर्फ तीन अंक की रह गई है। क्रिस्टल पैलेस की टीम दूसरे स्थान पर है।

चेल्सी को ब्राइटन के खिलाफ दूसरा लगभग पूरा हाफ 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा जिससे उसे 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। चेल्सी की यह लगातार दूसरी हार है। मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हेलेंड के 90वें मिनट और फिर इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से बर्नले को 5-1 से शिकस्त दी जबकि टोटेनहैम में जोओ पालहिन्हा के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में दागे गोल से वोल्वरहैम्पटन को 1-1 से बराबरी पर रोका। ब्रेंटफोर्ड ने मैनचेस्टर यूनाईटेड को 3-1 से हराया जबकि बोर्नमाउथ ने इंजरी टाइम में दागे गोल से लीड्स को 2-2 से बराबरी पर रोका। वहीं दूसरी ओर इंडियन सुपर लीग चैंपियन मोहन बागान सुपर जायंट ने मंगलवार को ईरान के सेपाहान एससी के खिलाफ उसकी सरजमीं पर होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग 2 मैच से हटने का फैसला किया क्योंकि क्लब के छह विदेशी खिलाड़ियों ने अपने देशों से मिली सलाह के बाद वहां की यात्रा करने से इनकार कर दिया।

# दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत

## आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला

एजेंसी



न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि दुनिया को बड़े पैमाने पर वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद नयी व्यापार व्यवस्थाएं उभरकर सामने आएंगी। जयशंकर ने वैश्विक समीकरणों में बदलाव के बीच आर्थिक संबंधों में विविधता लाने के लिए लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्तों पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें वार्षिक सत्र से इतर ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन (ओआरएफ) के कार्यक्रम में शनिवार को कहा कि अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। जयशंकर ने कहा दुनिया को वैश्विक कार्यबल की जरूरत होगी और अनिश्चितताओं के बावजूद व्यापार अपना रास्ता बनाता रहेगा। हम नयी व्यापार व्यवस्थाएं, प्रौद्योगिकी, कनेक्टिविटी और कार्यस्थल मॉडल देखेंगे, जो कम समय में वैश्विक परिदृश्य को बहुत अलग बना देंगे। उन्होंने कहा कि भारत पहले से ही लातिन अमेरिका और कैरिबियाई देशों के साथ संपर्क में है, तथा वह व्यापार एवं साझेदारी को और आगे बढ़ाने का लक्ष्य रखता है। विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अशांत माहौल में, खासतौर पर बड़े देशों के लिए, अधिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के वास्ते क्षमता निर्माण करना अहम है।

उन्होंने कहा, आज भारत में इस पर बहुत अधिक ध्यान दिया जा रहा है। प्रौद्योगिकी, आत्मनिर्भरता, बहुध्रुवीयता और दक्षिण-दक्षिण सहयोग, सभी एक ही पहलू हैं। दक्षिण-दक्षिण सहयोग उन विकासशील देशों के बीच ज्ञान, विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान को दर्शाता है जो ग्लोबल साउथ का हिस्सा हैं। इस सहयोग का मुख्य उद्देश्य आम विकास की चुनौतियों का समाधान करना, आर्थिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देना और सामूहिक आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है, न कि विकसित देशों पर निर्भर रहना।

जयशंकर की यह टिप्पणी अमेरिका के एच-1बी वीजा शुल्क बढ़ाकर सालाना 1,00,000 अमेरिकी डॉलर किए जाने और रूसी तेल की खरीद को लेकर भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने के हालिया कदमों के बीच आई है। एच- 1बी वीजाधारकों में भारतीय पेशेवरों की हिस्सेदारी लगभग 71 फीसदी (2.8 लाख से अधिक) और चीनी पेशेवरों की हिस्सेदारी लगभग 11.7 प्रतिशत (46,600) है।

### संरा में जयशंकर ने पाक को सुनाई खरी-खोटी

संयुक्त राष्ट्र। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत आजादी के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती का सामना कर रहा है जबकि उसका पड़ोसी देश वैश्विक आतंकवाद का केंद्र रहा है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम बहस को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान की सीमा पार बर्बरता का सबसे ताजा उदाहरण पहलगाम हमला है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से दुनिया भर के नेताओं को संबोधित करते हुए भारत की जनता की ओर से नमस्कार के साथ अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने स्पष्ट रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि दशकों से बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हमलों का कारण इसी एक देश को माना जाता रहा है।

# भाषाई विविधता के बावजूद धर्म ने भारत को एक रखा : उपराष्ट्रपति



पटना। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने रविवार को कहा कि भारत की असली ताकत धर्म की वह अवधारणा है जिसने भाषाई विविधता के बावजूद देश को एक सूत्र में पिरोए रखा है। उन्होंने यह बात पटना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव उन्मेष के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

राधाकृष्णन ने कहा, यूरोप के एक महानुभाव ने मुझसे पूछा कि भारत बिना किसी एक भाषा के कैसे एकजुट रह पाता है। मैंने उत्तर दिया कि यहां के लोग भले ही अलग-अलग भाषाओं में बोलते हैं, लेकिन वे धर्म की अवधारणा के माध्यम से एकजुट रहते हैं। उपराष्ट्रपति बनने के बाद राधाकृष्णन का बिहार का पहला यह दौरा है। पटना हवाई अड्डे पर उनका स्वागत राज्यपाल अरिफ मोहम्मद खान और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। समारोह में अपने संबोधन के दौरान राधाकृष्णन ने राज्यपाल खान को पुराना मित्र बताया और कहा कि दोनों सांसद रहते हुए भी साथ काम कर चुके हैं। कार्यक्रम स्थल की ओर जाते समय रास्ते में उपराष्ट्रपति ने कुछ देर रुककर महान समाजवादी लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने संबोधन में लोकनायक से जुड़ा व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किया। उन्होंने कहा, मैंने 19 वर्ष की आयु में लोकनायक जयप्रकाश नारायण द्वारा शुरू किए गए संपूर्ण क्रांति आंदोलन में खुद को झोंक दिया था। बाद में मैं इस आंदोलन का जिला महासचिव भी बना। राधाकृष्णन ने याद किया कि उनकी सामाजिक-राजनीतिक यात्रा की शुरुआत अपने गृह राज्य तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवक के रूप में हुई थी।

## संक्षेप

### मुंबई में बारिश, बीएमसी की आपातकालीन टीम तैनात

मुंबई। मुंबई में रविवार को रुक-रुक कर भारी वर्षा होती रही, जिसके मद्देनजर बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने शहर में तुरंत आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम को तैनात कर दिया। बीएमसी द्वारा साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिमी उपनगरों में से कुछ में सुबह आठ बजे से अपराह्न एक बजे तक पांच घंटों में 50 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई। मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेन सेवाएं कुछ समय की देरी से चल रही हैं जबकि बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांस्पोर्ट उपक्रम की बसें बिना किसी मार्ग परिवर्तन के परिचालित हो रही हैं। बीएमसी ने एक बयान में कहा, मुंबई और उपनगरों में भारी बारिश के कारण निचले इलाकों में जलभराव होने की संभावना है। सभी आवश्यक उपाय किए गए हैं। बीएमसी ने कहा कि जलभराव को रोकने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर निचले इलाकों में सभी पंप 24 घंटे चालू रखे गए हैं। नगर निकाय ने कहा कि मुंबई और उपनगरों में कहीं भी निचले इलाकों में जलभराव का कोई बड़ा मामला सामने नहीं आया है। बारिश जारी रहने के बावजूद वाहन और रेल यातायात मुख्यतः अप्रभावित रहा और हिंदमाता, गांधी मार्केट, चूनाभट्टी, मलाड, दहिसर और मानखुर्द अंडरपास सहित प्रमुख अंडरपास एवं जंक्शन से सुचारू आवाजाही की सूचना मिली है।

# सीएम ने 300 इलेक्ट्रिक बसों को दिखायी हरी झंडी

एजेंसी



नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को 300 इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई और यमुना पार क्षेत्र के लिए नए सिरे से गठित मार्गों की शुरुआत की। अपने संबोधन के दौरान गुप्ता ने परिवहन क्षेत्र के लिए अपनी सरकार द्वारा की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 2026 के अंत तक दिल्ली में पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा होगा। उन्होंने कहा, हमने बेहतर इंटरकनेक्टिविटी के लिए नए सिरे से मार्ग गठित कर और मार्ग परिवर्तन के साथ यमुना मार्गों पर 300 इलेक्ट्रिक बसें शुरू की हैं। दिल्ली की सीमाओं से लेकर हर उस गंतव्य तक जहां लोगों को इनकी जरूरत है, ये एसी बसें कैमरा, पैनिक बटन, सभी प्रकार की सुविधाओं और अब स्वचालित भुगतान विधियों से भी सुसज्जित हैं।

# तेजस्वी ने नीतीश की घोषणाओं पर उठाये सवाल

एजेंसी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता एवं बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार की बजट तथा हालिया घोषणाओं पर गंभीर सवाल उठाते हुए रविवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता को गुमराह कर रहे हैं।

तेजस्वी यादव ने राजद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दावा किया, पिछले कुछ समय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कुल मिलाकर 7.08 लाख करोड़ रुपये से अधिक की घोषणाएं कर चुके हैं, जबकि राज्य की वित्तीय स्थिति इतनी बड़ी योजनाओं को संभालने में सक्षम नहीं है।

उन्होंने दावा किया बिहार का कुल बजट लगभग 3.16 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से करीब दो लाख करोड़ रुपये वेतन, पेंशन और ब्याज जैसे प्रतिबद्ध मद में ही खर्च हो जाते हैं। इससे सरकार के पास योजनाओं और विकास कार्यों के लिए केवल लगभग 1.16 लाख करोड़ रुपये बचते हैं। ऐसे में ये घोषणाएं केवल जनता को भ्रमित करने और चुनावी माहौल बनाने का तरीका हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया, आखिर राज्य का राजस्व कैसे बढ़ेगा, राशि कहां से आएगी और घोषणाएं धरातल पर कब पूरी होंगी। तेजस्वी ने महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि देने की राज्य सरकार की योजना पर भी सवाल उठाया। उन्होंने तंज कसा कि नीतीश कुमार एक रुपया देकर बिहार का वर्तमान और भविष्य खरीदना चाहते हैं, लेकिन इस बार जनता उन्हें हटाएगी भी और हराएगी भी।

# सीएम फड़णवीस ने की राहत कार्यों की समीक्षा

एजेंसी



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को मराठवाड़ा के आठ जिलों और सोलापुर में वर्षा की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा की व अधिकारियों को जमीनी स्तर पर प्रयास तेज करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने पहले बताया था कि शनिवार को मराठवाड़ा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हुई जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया और निचली सड़कें तथा पुल जलमग्न हो गए।

मराठवाड़ा क्षेत्र आमतौर पर सूखाग्रस्त रहता है। पश्चिमी महाराष्ट्र में स्थित सोलापुर में भी भारी बारिश हुई है और फसल को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि भारी वर्षा के कारण बांधों से पानी छोड़े जाने की मात्रा में वृद्धि होने के मद्देनजर फडणवीस ने संवेदनशील क्षेत्रों से लोगों को पहले ही निकालने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया कि उन्होंने अधिकारियों को राहत शिविरों में भोजन, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा और कोंकण क्षेत्रों में 30 सितंबर तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कई जिलों के लिए भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। सीएमओ के बयान के अनुसार, फडणवीस ने भारी बारिश और बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का जायजा लेने के लिए छत्रपति संभाजीनगर, बीड, हिंगोली, जालना, लातूर, नांदेड़, धाराशिव, परभणी और सोलापुर जिलों के जिलाधिकारियों के साथ चर्चा की।

उन्होंने कहा, सभी अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में रहना चाहिए और राहत एवं बचाव कार्यों पर बारीकी से नजर रखनी चाहिए। कुछ क्षेत्रों में चारे की कमी की खबरों पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने पशुओं के लिए चारे की तत्काल आपूर्ति के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य भर के बांधों से पानी छोड़े जाने की स्थिति की समीक्षा की और जल संसाधन विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करने तथा पूरी सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

# संस्कृति पर भाजपा और आरएसएस हमला कर रहे : राहुल

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि लद्दाख के लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और आरएसएस द्वारा हमला किया जा रहा है।

उन्होंने लद्दाख को छठी अनुसूची में शामिल करने की भी वकालत की। गांधी की यह टिप्पणी लेह में हुई हिंसा के मद्देनजर आई है। लेह में बुधवार को हुई हिंसा में सुरक्षा बलों की गोलीबारी में चार लोग मारे गये थे और कई अन्य घायल हो गये। तब से, दंगों में संलिप्तता के आरोप में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया है और राजस्थान की जोधपुर जेल में रखा गया है। गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लद्दाख के अद्भुत लोगों, संस्कृति और परंपराओं पर भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) हमला कर रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, लद्दाख के लोगों ने आवाज उठाई। भाजपा ने चार युवकों की जान लेकर और सोनम वांगचुक को जेल में डालकर जवाब दिया। हत्या बंद करो। हिंसा बंद करो। धमकी देना बंद करो। उन्होंने कहा, लद्दाख को आवाज दीजिए। उन्हें छठी अनुसूची दीजिए।

अधिकारियों ने बताया कि हिंसा प्रभावित लेह में रविवार को लगातार पांचवें दिन कर्फ्यू लगा रहा और उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता प्रतिबंधों में ढील देने के बारे में फैसला करने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक करेंगे। राज्य का दर्जा देने और लद्दाख में छठी अनुसूची के विस्तार के मुद्दे पर केंद्र के साथ बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) द्वारा आहूत बंद के दौरान बुधवार को प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। शनिवार को लेह में कर्फ्यू में चार घंटे की ढील दी गई थी।

### उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में 5.4 तीव्रता का भूकंप आया

इस्तांबुल। उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में रविवार को भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया, जिसके बाद लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आपातकालीन सेवा ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप के कारण किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आपातकालीन एजेंसी एएफएडी ने बताया कि 5.4 तीव्रता के भूकंप का केंद्र कुटाह्या प्रांत के सिमाव शहर में आठ किलोमीटर की गहराई में था। उसने बताया कि भूकंप का ये झटका स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब एक बजे महसूस किया गया और इसके बाद 4.0 तीव्रता का एक और भूकंप आया।

## इंटरटेनमेंट...

# दबंग डायरेक्टर के आरोपों पर सलमान का पलटवार!



मुंबई। फिल्म दबंग डायरेक्ट कर चुके अभिनव कश्यप ने हाल ही में सलमान खान पर कई आरोप लगाए हैं। उन्होंने सलमान को बदतमीज और गुंडा कहा है। अब हाल ही में सलमान ने बिना नाम लिए अभिनव को करारा जवाब दिया है। सलमान का कहना है कि जिन लोगों के पास कोई काम नहीं है वो पॉडकास्ट में जाकर ऊटपटांग बातें करते हैं। बिग बॉस 19 के वीकेंड का वार कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने बतौर बर्थडे गिफ्ट सलमान से कहा कि वो उन्हें अपने परिवार का हिस्सा बना लें। इस पर सलमान खान ने बिना नाम लिए अभिनव कश्यप के आरोपों पर रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, 'जो लोग मुझसे अटैच हो रहे हैं, एक जो अटैच हुए थे मेरे साथ, उनकी भी बज रही है। बैठे-बैठे लोग कुछ भी अंटशंट बोल रहे हैं, जिनसे मेरा ताल्लुक रहा है, जिन्होंने मेरी तारीफ की है, अब वो मुझे पसंद नहीं करते।' 'वो जो पॉडकास्ट में आकर टाइमवेस्ट करते हैं, मनगढंत बातें बोलते हैं। जो भी उनके मन में आया है, झूठ, ऊटपटांग बातें करते हैं वो इसलिए क्योंकि उनके पास कोई काम नहीं है। मेरी उनसे दरख्वास्त है कि कुछ काम कर लोग।' आगे सलमान ने कहा है, 'इसलिए मैं आप सब लोगों से भी मेरी दरख्वास्त है कि दोस्तों काम से बेहतर कुछ नहीं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं या आपके साथ क्या हो रहा है। सुबह उठिए, नहाइए और काम करिए।'

> काम नहीं हैं तो पॉडकास्ट में आकर ऊटपटांग बातें करते हैं, अभिनव कश्यप ने लगाए थे गंभीर आरोप

अभिनव कश्यप ने सलमान खान की फिल्म दबंग डायरेक्ट की थी। दबंग डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने हाल ही में द स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में सलमान खान को गुंडा कहा था। उन्होंने कहा था, सलमान को एक्टिंग में कोई दिलचस्पी नहीं है, और पिछले 25 सालों से नहीं है। वह सिर्फ एहसान करता है काम पर आकर। उसे एक्टिंग से ज्यादा सेलिब्रिटी होने की ताकत पसंद है।

# दुर्गा पूजा पंडाल में भावुक हुईं काजोल-रानी मुखर्जी



**मुंबई**। पूरे देश में शारदीय नवरात्रि और दुर्गा पूजा बड़े उत्साह के साथ मनाई जा रही है। बॉलीवुड सितारे भी इस मौके पर बड़े धूमधाम से पूजा करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी बॉलीवुड एक्ट्रेसेस काजोल और रानी मुखर्जी के परिवार ने मुंबई में देवी दुर्गा के लिए भव्य पंडाल सजाया। शनिवार को काजोल और रानी ने इस पंडाल का उद्घाटन किया, जिसमें कई स्टार्स मौजूद रहे। वहीं पूजा के दौरान काजोल और रानी भावुक हो गईं। दरअसल, पंडाल में काजोल अपनी बहन तनिषा मुखर्जी और कजिन शरबानी मुखर्जी के साथ आईं। पूरे माहौल में भक्ति का भाव था। दुर्गा पूजा कार्यक्रम के दौरान काजोल और रानी ने एक-दूसरे को गले लगाया। इस दौरान परिवार ने अयान मुखर्जी के पिता देब मुखर्जी को याद किया, जिनका मार्च 2025 में 83 साल की उम्र में निधन हो गया। देब लंबे समय तक परिवार की दुर्गा पूजा का आयोजन करते थे, इसलिए उनकी कमी सभी को खली। इस दौरान काजोल, रानी, तनिषा और शरबानी एक-दूसरे को गले लगाते और भावुक नजर आए।

### साई पल्लवी ने फेक स्विमसूट फोटो पर दिया रिएक्शन

मुंबई। एक्ट्रेस साई पल्लवी की स्विम सूट वाली कुछ फोटो इंटरनेट पर वायरल हुई थीं। इन फोटो के वायरल होने के बाद साई को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब एक्ट्रेस ने अपने पोस्ट के जरिए ट्रोल?स को जवाब दिया है। साथ ही, ये भी साफ कर दिया है कि वो सारी ही फोटो अक जनरेटेड थीं। दरअसल, साई ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी बहन पूजा और कुछ करीबी लोगों के साथ नजर आ रही हैं। ये वीडियो उनके वेकेशन के दौरान की है। दोनों बहनें समुद्र के किनारे एंजॉय करते नजर आ रही हैं। वीडियो में साई उसी आउटफिट में दिख रही हैं, जिसे मॉर्फ किया गया है।

# फिल्मफेयर अवॉर्ड : फिल्म लापता लेडीज को 13 नॉमिनेशन






**मुंबई**। फिल्मफेयर अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी कर दी गई है, जिसमें किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज को सबसे ज्यादा 13 नॉमिनेशन मिले हैं। इसके अलावा स्त्री को 8 और भूल भुलैया 3 को 5 नॉमिनेशन मिले हैं। फिल्म लापता लेडीज की न्यूकमर लीड एक्ट्रेसेस नितांशी गोएल और प्रतिभा क्रिटिक अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में आलिया भट्ट और करीना कपूर को टक्कर दे रही हैं। फिल्म के लीड एक्टर स्पर्श श्रीवास्तव को भी क्रिटिक अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में रणदीप हुड्डा, राजकुमार राव के साथ नॉमिनेशन मिला है। 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड के विजेताओं की घोषणा 11 अक्टूबर को होगी। अवॉर्ड सेरेमनी इस साल अहमदाबाद के एकेए अरेना में आयोजित होने वाली है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com